* ओड़िशा संस्करण

10 जून, 2023
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 230

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


शरद पवार-संजय राउत को जान से मारने की धमकी मिली, दो हिरासत में








## जमीन घोटाला : तीन दिन तक दोनों से की जायेगी पूछताछ

# इडी को मिली अमित अग्रवाल और दिलीप घोष की रिमांड

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में सेना की जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार कारोबारी अमित अग्रवाल और जगतबंधु टी इस्टेट के मालिक दिलीप घोष को तीन दिनों के लिए प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की रिमांड पर भेज दिया गया। दोनों आरोपियों को शुक्रवार को इडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट में पेश किया गया। इडी ने पांच दिन के रिमांड की मांग की। कोर्ट ने तीन दिन की मंजूरी दी। अब दोनों आरोपियों से इडी पूछताछ कर सकेगी।

**पूछताछ में और खुलासे की उम्मीद :** गौरतलब है कि इडी ने अमित अग्रवाल को बागडोगरा हवाई अड्डे और दिलीप घोष को कोलकाता से बुधवार को गिरफ्तार किया था। दोनों को गुरुवार को इडी की विशेष अदालत में पेश किया गया था। इडी ने दोनों को रिमांड पर लेने की अनुमति मांगी थी, जिस पर कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने रिमांड की



अनुमति दे दी है। अब इडी इन दोनों से पूछताछ करेगी। सूत्रों की मानें तो अब तक जो बातें सामने आयी हैं, उसके अनुसार दोनों आरोपियों से पूछताछ में कई और अहम खुलासे की उम्मीद है।

**इडी की जांच में आयी दोनों की संलिप्तता :** जानकारी के मुताबिक जमीन घोटाले में इडी की जांच आगे बढ़ी, तो अमित अग्रवाल और दिलीप घोष की संलिप्तता सामने आयी। फर्जी कागजात के आधार पर प्रदीप बागची नामक शख्स ने कोलकाता के जगतबंधु टी इस्टेट के मालिक दिलीप घोष को यह जमीन बेची थी। इस कंपनी में अमित अग्रवाल भी सहयोगी हैं। इस मामले में शेल कंपनी के जरिये पैसे के लेन-देन की भी पुष्टि हो रही है।

**13 अप्रैल को इडी ने की थी छापेमारी :** गौरतलब है कि इडी ने सेना जमीन घोटाला मामले में 13 अप्रैल को छापेमारी की थी। उसके बाद सात लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन का विक्रेता प्रदीप बागची सहित कुल सात आरोपितों को जेल भेज दिया गया था। इसके अलावा रांची के पूर्व उपायुक्त निलंबित आइएएस छवि रंजन को भी जेल भेजा गया है। इन पर सेना की जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ करने, फर्जीवाड़ा करने और फर्जी दस्तावेज के आधार पर होल्डिंग नंबर लेने, फर्जी कागज कब्जा दिखा कर जमीन बेचने आदि में सहयोग का आरोप है।

### विवादों में रहे हैं अमित अग्रवाल

अमित अग्रवाल की गिरफ्तारी इडी के लिए बड़ा कदम है। अमित कोलकाता के बड़े कारोबारी हैं। अमित अग्रवाल को इडी ने पिछले साल अधिवक्ता राजीव कुमार को 50 लाख रुपये देने के मामले में गिरफ्तार किया था। वह इस मामले में जमानत पर हैं। इस बीच उनके खिलाफ एक नया मामला आ गया।

## मणिपुर में फिर हिंसा, 3 की मौत

**इंफाल (आजाद सपाही)।** मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच 3 मई से चली आ रही हिंसा थम नहीं रही है। शुक्रवार को राजधानी इंफाल से लगे कुकी बहुल खोकेन गांव में अलग-अलग वारदात में तीन लोगों की मौत हो गयी। सीबीआइ ने मणिपुर हिंसा के संबंध में 6 केस दर्ज किये। जांच के लिए एसआइटी बनायी है, इसमें 10 सदस्य हैं। बीते 24 घंटों में मणिपुर के इंफाल ईस्ट, काकचिंग, टेंग्नौपाल और बिष्णुपुर जिलों में 57 हथियार, 1,588 गोला-बारूद और 23 बम बरामद किए हुए हैं। इधर, गुरुवार देर रात दो लोगों ने इंफाल में भाजपा विधायक सोराईसाम केबी के घर बम से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, दो लोग बाइक से आये और उन्होंने खुले गेट के अंदर आइइडी बम फेंक दिया। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। उधर, मणिपुर के नगा विधायकों ने शुक्रवार को कहा कि वे चाहते हैं कि संघर्षग्रस्त राज्य के लिए किए जा रहे किसी भी समाधान से नगा क्षेत्रों के लिए मौजूदा व्यवस्था को बाधित नहीं किया जाना चाहिए। यहां स्वायत्त परिषद मौजूद हैं। केंद्रीय गृहमंत्री शाह से मुलाकात के बाद दस नगा विधायक यहां पहुंचे थे। मणिपुर के जल संसाधन, राहत और आपदा प्रबंधन मंत्री अवांगबो नेवमई ने कहा, 'हमने केंद्र से कोई मांग नहीं की है, लेकिन किसी भी व्यवस्था की स्थिति में नगा क्षेत्रों को नहीं छुआ जाना चाहिए, क्योंकि इससे समस्याएं पैदा होंगी।' चुमुकेदिमा में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि उन्होंने शाह से कहा कि नगा लोगों से परामर्श किया जाना चाहिए, क्योंकि वे केंद्र के साथ चल रही शांति प्रक्रिया का हिस्सा हैं।

# धनबाद के भौंरा में चाल धंसी, तीन की मौत

- अवैध खनन के दौरान हुआ हादसा, कई घायल
- घायलों का गुपचुप तरीके से चल रहा है इलाज
- मौके पर पहुंची पुलिस मुहाने को कराया बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/झरिया।** भौंरा में बीसीसीएल के पूर्वी झरिया क्षेत्र अंतर्गत एटी देव प्रभा आउटसोर्सिंग के समीप 4-ए पैच में शुक्रवार को अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि लगभग आधा दर्जन लोगों के घायल होने की सूचना है। घायलों को स्थानीय लोग आनन-फानन में ले भागे। सभी का इलाज गुपचुप तरीके से कराया जा रहा है। घटना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और खदान के मुहाने को डोजरिंग कर बंद कराया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर सीओ ने मामले की



जांच का आश्वासन दिया है।

**प्रत्यक्षदर्शियों ने तीन के मरने की पुष्टि की :** घटना के संबंध विनोद नामक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि करीब सुबह के साढ़े नौ बजे घटना की जानकारी मिली। वह तत्काल मौके पर गये और स्थानीय लोगों के साथ मिल कर रेस्क्यू कार्य में लगे। उन्होंने बताया कि मलबे से आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को निकाला गया। उनमें कुछ की हालत बेहद गंभीर थी। एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि तीन लोगों की मौत की सूचना है, जबकि दो की पुष्टि हो चुकी है। मलबे में दबे भौंरा 16 नंबर निवासी 12 वर्षीय जितेंद्र यादव और भौंरा 6 नंबर निवासी लगभग 30 वर्षीय पवन प्रसाद उर्फ मदन को भौंरा बीसीसीएल अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने जितेंद्र को मृत घोषित कर दिया। मदन की धनबाद ले जाने के क्रम में मौत हो गयी। एक मृतक महिला की पहचान नहीं हुई है।

**शव को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन :** स्थानीय ग्रामीण एक मृतक के शव को लेकर क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय पहुंच गये और प्रदर्शन किया। घटना से आक्रोशित ग्रामीण मुआवजे की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों ने पुलिस और बीसीएल प्रशासन पर मिली भगत का आरोप लगाया। हालांकि इस बारे में बीसीसीएल प्रबंधन ने फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना के काफी देर बाद पुलिस पहुंची। इस कारण स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से ही बचाव कार्य किया। अगर समय पर पुलिस पहुंच कर बीसीसीएल प्रबंधन के साथ मिलकर बचाव कार्य करती, तो मौत को रोका जा सकता था।

### स्थानीय पुलिस और प्रबंधक को लिखा था पत्र : सीओ

घटनास्थल पर पहुंचे झरिया सीओ परमेश्वर कुशवाहा ने कहा कि हमने कुछ दिन पूर्व ही पत्र लिखकर बीसीसीएल प्रबंधन एंव स्थानीय पुलिस को अवैध खनन से संबंधित पत्र लिखा था। उन्हें कहा गया था कि अगर आपके क्षेत्र में किसी प्रकार का अवैध खनन होगा, तो इसकी जवाबदेही आपकी होगी और सख्त कारवाई की जायेगी।

# सीएम हेमंत सोरेन ने भगवान बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

- बिरसा चौक स्थित प्रतिमा और समाधि स्थल पर पुष्प चक्र अर्पित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा की शुक्रवार को पुण्यतिथि थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुबह में ट्वीट कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। हेमंत ने लिखा, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा अमर रहें। झारखंड के वीर शहीद अमर रहें। इसके बाद शाम को वह रांची के बिरसा चौक और कोकर स्थित समाधि स्थल पहुंचे। बिरसा चौक पर उन्होंने धरती आबा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। वहीं कोकर में स्थित समाधि स्थल पर पुष्प चक्र अर्पित कर भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी।



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी श्रद्धांजलि



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा है, भगवान बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। उन्होंने विदेशी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आदिवासी समुदाय के उत्थान के लिए उनके समर्पण और सेवाभाव को कृतज्ञ राष्ट्र सदैव याद रखेगा।

# नियोजन नीति के विरोध में झारखंड बंद आज, मशाल जुलूस निकाला




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नियोजन नीति के विरोध में झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन ने 10 और 11 जून को झारखंड बंद का आह्वान किया है। इसकी पूर्व संध्या पर रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में शुक्रवार को मशाल जुलूस निकाला गया। रांची में जयपाल सिंह स्टेडिय मे अल्बर्ट एक्का चौक तक छात्रों ने हाथों में माशल लेकर जुलूस निकाला।

इसी तरह धनबाद, हजारीबाग समेत अन्य शहरों में मशाल जुलूस निकाला गया।

बंद को देखते हुए कई निजी स्कूलों और कोचिंग संस्थानों ने अपने-अपने संस्थान को बंद रखने की घोषणा की है। उधर, पुलिस-प्रशासन ने बंद से निपटने के लिए पूरी तैयारी की है।






## हजारीबाग के एक गांव में पक्की सड़क नहीं, लोग हलकान

# प्रसव पीड़ा में महिला को चलना पड़ा चार किमी पैदल

- दूसरे गांव पहुंच कर मिली एंबुलेंस, तब पहुंची अस्पताल
- सीएचसी इचाक में हुआ प्रसव, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ

दीपक सिंह

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** राज्य में आज भी कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं, जहां पक्की सड़क नहीं होने के कारण लोग हलकान होते हैं। ऐसा ही एक मामला हजारीबाग में सामने आया है। जिले के इचाक प्रखंड मुख्यालय से करीब 15 किमी दूर सुदूरवर्ती पहाड़ों के बीच डाड़ीघाघर पंचायत में पुरनपनियां गांव है। यहां सड़क मार्ग नहीं होने के कारण एक महिला को प्रसव पीड़ा में चार किलोमीटर पैदल चलना पड़ा। महिला तीन घंटे में दूसरे गांव पहुंची, तब एंबुलेंस मिली और अस्पताल पहुंच सकी। भगवान का शुक्र है कि अस्पताल में उसने बच्चे को जन्म दिया और जच्चा-बच्चा दोनों ठीक हैं।

### गांव की महिलाओं ने की पीड़िता की मदद

डाड़ीघाघर पंचायत के पुरनपनियां गांव निवासी सुरेंद्र किस्कू की पत्नी मुन्नी देवी को आठ जून की रात से ही प्रसव पीड़ा का एहसास हुआ। रात भर महिला घर पर छटपटाती रही। सुबह होने पर उसके पति, बाबूलाल मांझी, चंदमुनी देवी, ननकी देवी, सुकुरमुनी देवी आदि उसको सहारा देते हुए पैदल फुफंदी चौक तक लाये। वह पीड़ा की वजह से तीन घंटे में चार किलोमीटर की दूरी तय कर पायी। इसके बाद वहां से एंबुलेंस से उसे अस्पताल पहुंचाया गया। वहां उसने बच्चे को जन्म दिया।



### गांव में पक्की सड़क नहीं होने से परेशानी

फुफंदी गांव के बाद डाड़ीघाघर पंचायत के पुरनपनियां, गरडीह, सालूजाम, धरधरवा गांव जाने के लिए पक्की सड़क नहीं होने के कारण पहाड़ी पगडंडी से होकर लोग आना-जाना करते हैं। इसके कारण लोगों को वर्षों से परेशानी झेलनी पड़ रही है। बीमार एवं गर्भवती महिलाओं को डोली में बैठाकर इलाज करवाने के लिए ले जाना पड़ता है।

### सड़क निर्माण की कई बार कर चुके मांग

फुफंदी गांव के लोग जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से सड़क निर्माण की कई बार मांग कर चुके हैं, लेकिन अभी तक इस तरफ ध्यान नहीं दिया गया है। इस संबंध में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के सचिव रमेश कुमार हेंब्रम ने कहा कि उन्होंने सड़क निर्माण कराने की गुहार जिला प्रशासन समेत जनप्रतिनिधियों से कई बार की है। इसके बावजूद आज तक सड़क नहीं बनी। उन्होंने कहा कि डाड़ीघाघर में बना स्वास्थ्य उपकेंद्र कभी नहीं खुलता। वहां न तो कभी कोई चिकित्सक आता है और न ही कोई एएनएम। इस कारण इस पंचायत के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ आज तक नहीं मिला सका है। वहीं, मुखिया नंदकिशोर मेहता का कहना है कि फुफंदी गांव से पुरनपनियां गांव तक सड़क निर्माण को लेकर हजारीबाग डीसी, कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं विधायक अमित कुमार यादव को आवेदन दे चुके हैं।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 76,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 10 जून, 2023
www.azadsipahi.in


# किसी थ्रिलर से कम नहीं है यूपी के डीएसपी शैलेंद्र सिंह की कहानी

## ■ मुख्तार अंसारी की दबंगई को ध्वस्त करनेवाला आज फिर चर्चा में

## ■ राजनीति ने वर्दी तक उतरवा ली, लेकिन आखिर जीत सत्य की हुई

हिंदी फिल्मों की पटकथा का सबसे लोकप्रिय विषय खाकी वर्दी और पुलिस है। इसमें अक्सर दिखाया जाता है कि एक अकेले पुलिसवाले को देख कर बड़े-बड़े अपराधी रास्ता बदल देते हैं या एक सिपाही का इकबाल इतना होता है कि उसके इलाके में अपराधी कदम रखने से भी डरते हैं। हमारे देश के विभिन्न इलाकों में ऐसे कई पुलिस अधिकारी हुए हैं, जिनका कारनामा अक्सर सुर्खियों में रहा है। वे सिनेमा की इस 'सिंघम' वाली छवि में बिल्कुल फिट बैठते हैं। ऐसे ही एक पुलिस अधिकारी की कहानी आज हम आपको बता रहे हैं। इस पुलिस अधिकारी का नाम है शैलेंद्र सिंह, जिसने अपने कर्तव्य की बलिवेदी पर अपनी खाकी वर्दी तक को कुर्बान कर दिया। शैलेंद्र सिंह यूपी पुलिस के ऐसे अधिकारी हुआ करते थे, जिन्होंने चर्चित बाहुबली और माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के पूरे आपराधिक साम्राज्य को तहस-नहस करके रख दिया। अपनी जान पर खेल कर उन्होंने मुख्तार अंसारी द्वारा खरीदी गयी एक लाइट मशीन गन को बरामद किया था और इसके बाद इस सरगना पर पोटा लगा कर जेल भेज दिया था। उन पर कई तरह के दबाव डाले गये, लेकिन वह टस से मस नहीं हुए। शैलेंद्र सिंह को इस बहादुरी का पुरस्कार यह मिला कि उन्हें अनाप-शनाप आरोप लगा कर सेवा से बर्खास्त कर दिया गया और कई मुकदमे भी दर्ज कर दिये गये। यह कितना दुखद है कि जिस वीरता के लिए उन्हें मेडल मिलना चाहिए था, उसके लिए उन्हें प्रताड़ित किया गया। आज जब मुख्तार अंसारी को उसके किये की सजा मिल रही है, शैलेंद्र सिंह से अधिक संतुष्ट शायद कोई दूसरा व्यक्ति नहीं होगा। यूपी का यह जांबाज पुलिस अधिकारी आज ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण काम कर रहा है। इसी पुलिस अधिकारी के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**


राकेश सिंह

पिछले दिनों यूपी के चर्चित बाहुबली और समाजवादी पार्टी के विधायक रहे मुख्तार अंसारी को एक के बाद एक मामलों में सजा सुनायी गयी, तो उसके साथ एक और चेहरे की याद लोगों के जेहन में कौंध गयी, जो अब न तो खाकी वर्दी पहनता है और न ही किसी राजनीतिक दल से संबद्ध है। लेकिन यही व्यक्ति मुख्तार अंसारी को कानून के दरवाजे तक लाने की हिम्मत दिखा चुका है, जिसके कारण आज इस डॉन का साम्राज्य तिनकों की तरह बिखर रहा है। इस व्यक्ति का नाम है शैलेंद्र सिंह, जो इन दिनों लखनऊ में डेयरी फार्म चलाते हैं और ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं। शैलेंद्र सिंह वही पुलिस अधिकारी हैं, जिन्होंने गैंगस्टर से राजनेता बने मुख्तार अंसारी के खिलाफ साहसिक लड़ाई छेड़ी।

यूपी के गाजीपुर-मऊ-वाराणसी क्षेत्र में आपराधिक रैकेट का सरगना और समाजवादी पार्टी का पांच बार का विधायक मुख्तार अंसारी आज जेल के सीखचों के पीछे है, लेकिन उसे शायद सपने में भी एक चेहरा दिखता होगा, जिसका नाम शैलेंद्र सिंह है, जो पूरी ताकत से उसके आपराधिक साम्राज्य से लड़ते रहे। इसके लिए उन्हें वह सब कुछ चुकाना पड़ा, जो उन्होंने जीवन भर में कमाया था। यदि शैलेंद्र सिंह आज सेवा में होते, तो आज आइजी होते। वह कहते हैं कि वैसे भी उस समय यदि मैंने मुख्तार के खिलाफ अभियान खत्म कर देता, तो सरकार मुझे जरूर पुरस्कार देती।

मुख्तार अंसारी के खिलाफ पहली बार पुलिस के इकबाल का इस्तेमाल करनेवाले शैलेंद्र सिंह कहते हैं, मैंने घाट-घाट का पानी पिया और महसूस किया कि व्यवस्था किसी काम की नहीं है। सभी विभाग भ्रष्ट हैं। इसलिए मुझे बहुत पहले पता चल गया था कि मैं जिस रास्ते पर आगे बढ़ रहा हूं, वह मुझे अधिक दूर तक नहीं ले जायेगा। लेकिन पीछे हटना मुझे मंजूर नहीं था। आज जब मुख्तार अंसारी को उसके खिलाफ दर्ज 61 मामलों में से पांच में सजा सुनायी जा चुकी है और उसके तमाम सहयोगी या तो एक-एक कर मारे जा रहे हैं या गिरफ्तार किये जा रहे हैं, शैलेंद्र सिंह अपने डेयरी फार्म पर बेफिक्र जीवन बिता रहे हैं। शैलेंद्र सिंह के साथ काम करनेवाले पुलिस अधिकारी उनकी ईमानदारी की मिसाल देते हैं। शैलेंद्र सिंह इसलिए भी खास बन जाते हैं, क्योंकि जिस समय वह पुलिस में थे, उस समय सरकारें राजनेताओं के इशारे पर चलती थीं और राजनेता क्षेत्र में पैर जमाने वाले गैंगस्टरों के इशारों पर चलते थे।



### तेज-तर्रार पुलिस अधिकारी से जैविक किसान तक का सफर

आज शैलेंद्र सिंह का मुख्तार अंसारी से कोई लेना-देना नहीं रह गया है। आज वह अपनी जैविक खेती, अपनी गायों और अपने आविष्कार पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जो भविष्य में किसानों की मदद करेगा। उनका ट्रेडमिल कंट्रासेप्शन 150 आरपीएम पर गाय या बैल के चलने से उत्पन्न ऊर्जा को बिजली में बदल सकता है। वह इसे नंदी रथ कहते हैं। अपने खाली समय में वह आवारा मवेशियों को बचाते हैं और उन्हें अपनी गौशाला में रखते हैं। वह कहते हैं, मैंने यह सब देखा है। और इसीलिए मैंने अपने इनोवेशन के जरिये किसानों की मदद करने का फैसला किया है। अगर इतनी आसानी से आवारा पशुओं से बिजली पैदा की जा सकती है, तो किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं होगी। जैसे-जैसे गरीब शक्तिशाली होंगे, राजनीति भी बदलेगी।

एक तेज-तर्रार पुलिस वाले से लेकर एक असफल राजनेता और अब एक जैविक किसान तथा स्वाभिमानी आविष्कारक तक के सफर में सिंह ने कई भूमिकाएं निभायी हैं। पुलिस से इस्तीफा देने के बाद उन्होंने राजनीति में शामिल होने का भी प्रयास किया, लेकिन वह खुद को एक नेता के रूप में स्थापित नहीं कर सके। यहां तक कि उन पर तोड़फोड़ का आरोप भी लगाया गया था, लेकिन 17 साल बाद ही योगी आदित्यनाथ सरकार ने 2021 में वह मामला वापस ले लिया।

लखनऊ में उनके घर में चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, स्टील का बड़ा सा दरवाजा लगा है और सतर्क गार्ड का पहरा है। आसपास के लोग उन्हें एक सख्त पुलिस वाला और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के प्रमुख के रूप में जानते हैं, जिन्होंने अंसारी को आतंकवाद निरोधक अधिनियम (पोटा) के तहत गिरफ्तार करने की मांग की थी, जिसके बाद उन्हें सितंबर 2004 में बर्खास्त कर दिया गया था।

### पुराने दिनों की याद

2004 में मऊ से निर्दलीय विधायक मुख्तार अंसारी और मोहमदाबाद से भाजपा विधायक कृष्णानंद राय के बीच प्रतिद्वंद्विता बढ़ रही थी। अज्ञात व्यक्तियों ने लखनऊ में अंसारी के काफिले पर गोलियां चलायीं, जिसके बाद राय द्वारा यह कांड करवाने की अफवाह फैल गयी, क्योंकि उनका काफिला वहां से गुजर रहा था। सिंह बताते हैं, यह सब 2004 में शुरू हुआ, जब मैं लाइट मशीन गन (एलएमजी) का पता लगाने के लिए अंसारी का पीछा कर रहा था। घटना के बाद पुलिस को खुफिया जानकारी मिली कि अंसारी एलएमजी खरीदने की कोशिश कर रहा है। बसपा सरकार ने डीजीपी राजकुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व वाले यूपी एसटीएफ को अलर्ट किया। वाराणसी एसटीएफ इकाई के तत्कालीन प्रभारी शैलेंद्र सिंह एलएमजी हासिल करने के अंसारी के इरादे के बारे में बताते हुए कहते हैं, अंसारी हताश था। उसने अपने आदमियों को वह बंदूक खरीदने का निर्देश दिया था, जिससे वह राय को मारना चाहता था। खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए सिंह की टीम ने 25 जनवरी को वाराणसी के चौबेपुर इलाके में छापा मारा और एक एलएमजी और दो सौ जिंदा कारतूस जब्त किये। इसके बाद अंसारी के खिलाफ पोटा के तहत मुकदमा दर्ज किया। सिंह ने दावा किया कि उसके बाद उन्हें वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने 'व्यावहारिक होने और मामले को वापस लेने' के लिए कहा था। सिंह ने इसके बजाय इस्तीफा देना चुना। कई बार उन्हें मामले को बंद करने के लिए पैसे की पेशकश की गयी, लेकिन उन्होंने हमेशा मना कर दिया। उनके इस्तीफे के बाद भी पुलिस बल के भीतर शैलेंद्र सिंह के साथियों ने उन्हें बहुत सम्मान दिया। वह एक ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने लोगों की सेवा करने के अपने मिशन पर काम किया। उनके दोस्तों ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने अपना विचार नहीं बदला।

आज मुख्तार अंसारी अपनी करनी का फल जेल में भोग रहा है और अपने आपराधिक साम्राज्य को तिनके की तरह बिखरता देख कर आंसू बहा रहा है, तो वहीं शैलेंद्र सिंह जैसा जांबाज अधिकारी अपनी बहादुरी के किस्से सुनाते हुए इस बाहुबली के अंत का कारण बनने पर गर्व महसूस कर रहा है। एक पुलिस अधिकारी और नागरिक के रूप में यही सबसे बड़ा सम्मान होता है।

---

# गोड्डा में मौलाना आजाद कॉलेज के प्राचार्य की अपहरण के बाद हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**कॉलेज में आपसी विवाद में मोहम्मद नजीरूद्दीन का अपहरण किया गया और हत्या कर दी गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** जिले के बसंतराय स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद कॉलेज के प्रिंसिपल की अपहरण के बाद अपराधियों ने हत्या कर दी। शुक्रवार सुबह प्रिंसिपल डॉ नजीरुद्दीन का शव महगामा दियाजोरी के बीच पाया गया। नजीरुद्दीन का क्षेत्र में काफी नाम था। वे राजनीतिक रूप से भी



सक्रिय थे। घटना में संलिप्त शाकिर को पुलिस ने अपहरण में उपयोग में की गयी काली रंग की गाड़ी के साथ पकड़ा लिया है। पूछताछ के दौरान उसने अपहरण कर हत्या की बात स्वीकार की। उसने पुलिस को बताया कि कॉलेज विवाद में मोहम्मद नजीरूद्दीन का अपहरण किया गया और हत्या कर दी गयी। शाकिर ने पुलिस को बताया कि इसमें उसके भाई एवं परिजनों की भी संलिप्तता है। पुलिस ने इस घटना में संलिप्त मो. शाकिर उर्फ चुन्ना, अमन राज और कपिल देव दास को हिरासत में लिया गया है। अन्य लोगों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है कि प्रिंसिपल डॉ नजीरुद्दीन गुरुवार शाम को गाड़ी से बिहार के धोरैया से अपने गांव बसंतराय की ओर आ रहे थे। इस बीच झारखंड-बिहार सीमा पर कोरियाना पुल के पास हथियारबंद नकाबपोश अपराधियों ने उनकी गाड़ी को रोका और अपनी गाड़ी में बैठाकर ले गये। अपराधियों ने प्रिंसिपल के ड्राइवर को भी धमकी दी कि अगर इस बारे में किसी को बताया तो जान से मार देंगे। करीब दो घंटे के बाद ड्राइवर ने घटना की जानकारी प्रिंसिपल के घरवालों को दी, जिसके बाद पुलिस और परिजनों ने नजीरुद्दीन की काफी खोजबीन की लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। इसी दौरान शुक्रवार सुबह नजीरुद्दीन का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और जांच-पड़ताल शुरू की।

# इडी ने 11 करोड़ की संपत्ति के दस्तावेज किये जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अवैध बालू खनन मामले की प्रवर्तन निदेशालय (इडी) जांच कर रही है। जांच क्रम में इडी ने मैसर्स ब्रॉडसन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स आदित्य मल्टीकॉम प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स और अन्य सहयोगियों के ठिकाने पर 6 जून को छापेमारी की थी। इस मामले में पटना, धनबाद, हजारीबाग और कोलकाता के 27 स्थानों पर छापेमारी की गयी थी। इडी ने बताया कि इस दौरान डेढ़ करोड़ रुपये नगद, 11 करोड़ रुपये के संपत्ति के दस्तावेज जब्त किये और साथ ही बैंक में जमा 6 करोड़ रुपये और 60 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया है। छापेमारी के दौरान मिले कागजात और डिजिटल सामग्री को भी आगे की जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। **बालू खनन मामले की इडी कर रही है जांच :** इडी ने बिहार पुलिस द्वारा दर्ज विभिन्न एफआइआर के आधार पर अवैध बालू खनन मामले की जांच शुरू की है। कंपनियों और उनके निदेशकों के खिलाफ बिहार के खनन विभाग की शिकायतों के आधार पर मैसर्स ब्रॉडसन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स आदित्य मल्टीकॉम प्राइवेट लिमिटेड और उनके निदेशकों के खिलाफ विभागीय प्री-पेड परिवहन इ-परिवहन का उपयोग किये बिना अवैध रेत खनन और इसकी बिक्री के लिए प्राथमिकी दर्ज की गयी है। खनन प्राधिकरण, बिहार की ओर से जारी चालान से करीब 250 करोड़ रुपये के राजस्व की भारी हानि हुई है। छापेमारी के दौरान नकदी, आपत्तिजनक दस्तावेज जैसे खरीदी गयी संपत्तियों की बिक्री के दस्तावेज, कंपनियों और उनके निदेशकों के नाम पर एफडीआर की खोज हुई है।

**ब्रॉडसन व आदित्य मल्टीकॉम के निदेशकों पर दबिश**

**ब्रॉडसन और आदित्य मल्टीकॉम से जुड़े पुंज सिंह, बबन सिंह, सुरेंद्र जिंदल, मिथिलेश सिंह, अशोक कुमार, एमएलसी राधाचरण साह और सुभाष यादव बॉडसन के निदेशक रहे हैं। वहीं जगनारायण सिंह और सतीश कुमार सिंह आदित्य मल्टीकॉम के निदेशक हैं। दोनों कंपनियां कोलकाता के पते पर रजिस्टर्ड हैं और बिहार में पटना, भोजपुर, औरंगाबाद, सारण, रोहतास और कैमूर में बालू खनन का काम करती रही हैं।**

# पूर्वी सिंहभूम में हाथी ने युवक को मार डाला

**पूर्वी सिंहभूम।** जिले के सोनाहातू पंचायत स्थित मयूरनाचनी के साबान बास्के (27) के घर में घुसे हाथी ने पटक-पटक कर उसकी जान ले ली। उसकी पत्नी और बच्चों ने पड़ोस के घर में भागकर जान बचायी। साबान की पत्नी को श्राद्ध कर्म के लिए प्राथमिक मुआवजे के तौर पर 25 हजार रुपये दी गयी है।

बताया जा रहा है कि साबान पत्नी और दो बच्चों के साथ घर पर सो रहा था। गुरुवार आधी रात को लघु शंका करने के लिए वह घर से बाहर निकला। घर के आंगन में ही हाथी खड़ा था। हाथी ने साबान को पटक कर लहूलुहान कर डाला। उसकी पत्नी लखीमुनि, बेटी सुनीता (6) और सुभजीत (2) ने पड़ोस के घर में भागकर जान बचायी।

हाथी के जाने के बाद गंभीर रूप से घायल साबान घिसटते हुए पड़ोस में पहुंचा। उसने पानी मांगा। पड़ोसियों ने उसे पानी पिलाया और उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर शुक्रवार को विधायक समीर महंती, जिप सदस्य धरित्री महतो, पूर्व जिप सदस्य जगन्नाथ महतो, मुखिया मोहन सोरेन तथा वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि जल्द ही मुआवजा की शेष राशि 3,75,000 मृतक की पत्नी को सौंप दी जायेगी। जंगली हाथी ने गुरुवार की रात भातकुंडा स्कूल के समीप दो घरों को भी तोड़ दिया।

## दिल्ली में बेची गयी झारखंड की प्रीति का दुखद अंत

# पिता ने चंदा जमा कर किया अंतिम संस्कार

**झारखंड के मानव तस्करों ने प्रीति को दिल्ली में बेचा, प्रताड़ना से तंग आकर की आत्महत्या**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** दिल्ली में मानव तस्करों द्वारा बेची गयी झारखंड की प्रीति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरंभिक जानकारी के मुताबिक घर मालिकों की प्रताड़ना से प्रीति द्वारा आत्महत्या जैसा कदम उठाने की बात सामने आ रही है। प्रीति मूलरूप से झारखंड के सिमडेगा जिला अंतर्गत कुरडेग क्षेत्र की रहने वाली थी। दलालों ने प्रीति को नौकरी का झांसा देकर राजौरी गार्डन स्थित एक व्यक्ति को बेच दिया था। वहां प्रीति घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थी। बताया जाता है कि प्रीति ने 31 मई को ही आत्महत्या कर ली थी। घर मालिकों ने उसके पिता को दिल्ली बुलाया और वहीं अंतिम संस्कार कर दिया। अब राजौरी गार्डन पुलिस, झारखंड भवन एएचटीयू पुलिस, चाइल्ड लाइन और ट्राइबल आयोग मामले की जांच में जुटा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो पायेगी। प्रीति के पिता अभी दिल्ली में ही हैं। इधर परिजन मर्माहत हैं।

### दलाल ने प्रीति को दिल्ली ले जाकर बेचा था



आंगनबाड़ी सेविका ने बताया कि सेमरबेड़ा गांव निवासी अजय लकड़ा प्रीति सहित एक और नाबालिग बच्ची को लेकर दिल्ली गया था। प्रीति के दिल्ली जाने की जानकारी उसके पिता राजेश कुजूर को भी नहीं थी। बाद में गांव के ही कुछ लोगों से प्रीति के दिल्ली जाने की जानकारी राजेश को मिली थी। विद्ययन ने बताया कि 31 मई को प्रीति के साथ गयी गांव की एक अन्य नाबालिग बच्ची ने अपने परिजनों को प्रीति के आत्महत्या करने की जानकारी दी। इसके बाद प्रीति के पिता राजेश को इस संबंध में बताया गया। बेटी के द्वारा आत्महत्या किये जाने की खबर मिलने के बाद पिता राजेश पूरी तरह से टूट गया। अपनी बेटी के अंतिम दर्शन के लिए दिल्ली जाने के लिए भी राजेश के पास पैसे नहीं थे। तब राजेश ने अपने किसी रिश्तेदार से ही कुछ पैसे उधार लिये और आंगनबाड़ी सेविका के साथ दिल्ली पहुंचा। यहां पुलिस के निर्देश पर अपनी बेटी का अंतिम संस्कार किया और पोस्टमार्टम भी कराया। राजेश ने पूरे मामले की जांच की मांग की है। इधर राजौरी गार्डन की पुलिस और झारखंड भवन एएचटीयू की पुलिस ने राजेश का बयान भी दर्ज कर लिया है। पुलिस दलाल अजय लकड़ा और उसके साथियों की तलाश में जुट गयी है।

### सिमडेगा पुलिस भी मामले की छानबीन में जुटी

कुरडेग थाना प्रभारी मुन्ना रवानी ने बताया कि उन्हें भी गुरुवार की दोपहर घटना की जानकारी मिली है। जांच शुरू कर दी गयी है। पीड़ित बच्ची के परिजन दिल्ली गये हुए हैं। जिसके कारण पूरी जानकारी नहीं मिल पायी है। बच्ची को दिल्ली ले जाने वाले दलाल की तलाश भी शुरू कर दी गयी है। थाना प्रभारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस से भी संपर्क साधा गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 39.7 °c | 26.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.34 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.03 बजे | |



## धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में मनायी गयी

# भगवान बिरसा मुंडा को भाजपा ने किया नमन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर भाजपा ने उन्हें नमन किया। इस मौके पर कोकर स्थित बिरसा मुंडा समाधि स्थल और और पुराना जेल स्थित भगवान बिरसा मुंडा संग्रहालय स्थित भगवान बिरसा की प्रतिमा पर बीजेपी नेताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, प्रभारी प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और विधायक सीपी सिंह सहित कई नेता मौजूद रहे। दीपक प्रकाश ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति का बिगुल फूंका था। हमें उनके आदर्शों पर आगे बढ़ना है। भाजपा हटिया मंडल ने भी पुष्पांजलि कार्यक्रम किया।

# धरती आबा की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में प्रदेश कार्यालय में मनाया।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव सहित अन्य नेताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके पूर्व में प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में कोकर बिरसा मुंडा समाधि स्थल पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि आज पूरे राज्य भर में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि वृहद रूप से मनायी जा रही है। अंग्रेजों के शोषणकारी प्रवृत्ति की वजह से मुंडाओं की सामूहिक खूंटकटी व्यवस्था नष्ट होने के कगार पर पहुंच गयी थी। बिरसा मुंडा का क्रांतिकारी मन इनके खिलाफ बगावत से भर उठा।

उन्होंने अपने अनुचरों के साथ इनके खिलाफ 1897 में उलगुलान (क्रांति) की शुरुआत की और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते-लड़ते कारावास में उनकी मृत्यु हो गयी। उन्होंने कहा कि वीर बिरसा मुंडा के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में केशव महतो कमलेश, अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, राजीव रंजन प्रसाद सहित अन्य कांग्रेस नेता शामिल थे।

### हमारी प्रेरणा के स्रोत हैं बिरसा मुंडा : बंधु तिर्की

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा न केवल हमारी प्रेरणा के स्रोत हैं बल्कि उनके बताये रस्ते पर चले बिना संपन्न झारखंड का सपना और झारखंड के लोगों की खुशहाली असंभव है। उक्त बातें शहीद बिरसा मुंडा की 123वीं पुण्यतिथि पर रांची बिरसा मुंडा समाधि स्थल पर माल्यार्पण के बाद श्री तिर्की ने कही। उन्होंने कहा कि धरती आबा के सपनों के अनुरूप झारखंड के निर्माण के मार्ग पर हम चल तो रहे हैं पर उसके लिए बहुत कुछ करना बाकी है और हमारी गति बहुत धीमी है। श्री तिर्की ने कहा कि प्रदेश कि गठबंधन सरकार लोगों के हित में काम कर रही है लेकिन समस्यायें और चुनौतियां बहुत विशाल व व्यापक है इसलिये सरकार को अपनी गति बहुत अधिक बढ़ानी होगी।

# अर्जुन मुंडा ने पुष्पांजलि अर्पित की



रांची। जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शुक्रवार को बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर बिरसा चौक और कोकर स्थित समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की। उनके साथ हटिया के विधायक नवीन जयसवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि को आजसू ने शहादत दिवस के रूप में मनाया

# जनमानस की भावनाओं में रचे-बसे हैं धरती आबा: सुदेश महतो



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि हर झारखंडी के अरमानों में, खेतों और खलिहानों में, जनमानस की भावनाओं में धरती आबा रचे-बसे हैं। आज संकल्प दोहराने की घड़ी है। धरती आबा के सपने साकार हों, झारखंड का नवनिर्माण हो। यही हमारा संकल्प, हमारी प्रतिबद्धता है। महतो शुक्रवार को बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सशक्त, शिक्षित एवं संगठित समाज के निर्माण तथा अस्मिता, पहचान और अस्तित्व की लड़ाई के लिए नये उलगुलान का समय आ चुका है। युवा पीढ़ी को आगे आकर इसका नेतृत्व करना होगा। आज अपने ही राज्य में झारखंडियों के लिए परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। बेरोजगारी, अशिक्षा, गरीबी, अपराध तथा पलायन चरम पर है। झारखंड के समग्र विकास के लिए एकाग्र चिंतन की जरूरत है। दूसरी ओर रांची के कोकर डिस्टलरी पुल स्थित बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर रांची जिला इकाई के पदाधिकारियों ने धरती आबा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आजसू पार्टी के प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि हमें अपनी माटी, भाषा और संस्कृति को बचाने के लिए एकजुट होना होगा। धरती आबा बिरसा मुंडा के विचारों को, उनके साहस, संघर्ष को आत्मसात करना होगा, यही उनके प्रति नेक और अटूट श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने न केवल राजनीतिक जागृति के बारे में संकल्प लिया, बल्कि वे लोगों में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक जागृति पैदा करने को भी संकल्पित थे। साम्राज्यवादी शक्तियों के खिलाफ युद्ध के उद्घोष के प्रतीक, शक्ति और साहस के परिचायक एवं झारखंड के वीर योद्धा भगवान बिरसा मुंडा के विचार युगों-युगों तक याद किये जायेंगे। इस मौके पर आजसू हसन अंसारी, बनमाली मंडल, परवाज खान, संजय महतो, भरत काशी साहू, ज्ञान सिंहा, दयाशंकर झा, वीणा देवी, प्रभा महतो, रांची जिला सचिव सरस्वती देवी, सविता देवी, नामकुम प्रखंड कोषाध्यक्ष वीणा देवी, मोनिया देवी सहित कई अन्य नेता मौजूद थे।

> **सशक्त, शिक्षित एवं संगठित समाज के निर्माण तथा अस्मिता, पहचान और अस्तित्व की लड़ाई के लिए नये उलगुलान का समय आ चुका है : आजसू सुप्रीमो**

# केंद्रीय सरना समिति ने धरती आबा को श्रद्धांजलि अर्पित की




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस के अवसर पर केंद्रीय सरना समिति ने अपने प्रधान कार्यालय में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि हमें भगवान बिरसा मुंडा के बताये रास्ते पर चलने और आंदोलन करने की जरूरत है। बबलू मुंडा ने सरकार से मांग की कि भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर जितने भी सरकारी-गैर सरकारी प्रतिष्ठान चल रहे हैं, वहां से रॉयल्टी के रूप में आर्थिक सहयोग उनके वंशजों को दिया जाये। उनके गांव उलिहातू को वृहद रूप से विकसित कर भगवान बिरसा की शहादत को जीवंत किया जाये। केंद्रीय पाहन जगलाल पहान ने लोगों से अपील की कि भगवान बिरसा ने बलिदान को व्यर्थ न जाने दें, आदिवासियों को संगठित होकर उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने की आवश्यकता है। सचिव अमर मुंडा ने आह्वान किया कि भगवान बिरसा मुंडा की नीतियों का अनुसरण किया जाये। इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष जगन्नाथ तिर्की, उपाध्यक्ष किरण तिर्की, मुकेश मुंडा, राजेश उरांव, मुन्ना उरांव, अनिल उरांव उपस्थित थे।

## आवास बोर्ड के अध्यक्ष ने पदभार ग्रहण किया

# गरीबों को आवास उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता : संजय लाल पासवान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य आवास बोर्ड (जेएसएचबी) के नवनुयक्त अध्यक्ष संजय लाल पासवान के साथ तीन सदस्य अभिलाष साहू, गुलाम सरवर गोकुल और नितिन अग्रवाल ने अपना पदभार ग्रहण किया। चौथे सदस्य के रूप नियुक्त पवन महतो बाद में अपना पदभार ग्रहण करेंगे। बता दें कि एक सप्ताह पहले ही आवास बोर्ड के अध्यक्ष सहित चार सदस्यों की नियुक्त की गयी थी। पदभार ग्रहण करने के बाद संजय लाल पासवान ने कहा कि गरीबों और जरूरत मंदों को आवास उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। जिससे आवास बोर्ड का मकसद पूरा हो। आवास बोर्ड के सदस्यों और अधिकारियों के साथ बैठकर रणनीति तैयार की जायेगी और उस पर अमल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जो गड़बड़ियां हुई हैं, उसकी भी जांच होगी। इस मौके पर आवास बोर्ड के अधिकारी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष, प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, विनय कूमार दीपू, रविंद्र सिंह समेत काफी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753006 (ODISHA), INDIA

विज्ञापन संख्या 11/एफडब्ल्यू/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में **"नेटवर्क प्रोजेक्ट ऑन प्रिसिशन एग्रीकल्चर (ईएपी-353)"** परियोजना के लिए **एक (01) फील्ड वर्कर(एफडब्ल्यू)** के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार दिनांक **19.06.2023** को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशी आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध हैं।

Walk-in-Interview will be held on 19.06.2023 for selection of **one (01) Field Worker (FW)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Network project on precision agriculture" (EAP-353)**. The details regarding essential / desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website : **https://icar-nrri.in.**

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR

### 11 जून को ट्रायल रन पर चलेगी पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन

**रांची।** पटना से रांची आने-जानेवाले रेल यात्रियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आयी है। पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस अब पटना टू रांची की पटरियों पर दौड़ने के लिए तैयार है। 11 जून को पटना से रांची के लिए ट्रेन ट्रायल रन पर चलेगी। बता दें, पटना से रांची चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चेन्नई से पटना पहुंच गयी है। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके बाद लोगों ने ट्रेन को छूते हुए सेल्फी लेनी शुरू कर दी थी। 11 जून को पटना से वंदे भारत ट्रेन सुबह 6:55 बजे खुलेगी, जो दोपहर 2:20 पर राजधानी रांची पहुंचेगी। यह ट्रेन पटना, गया, कोडरमा हजारीबाग, बरकाकाना होते हुए राजधानी रांची पहुंचेगी। उद्घाटन स्पेशल के रूप में पहले दिन यह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पटना से रांची और रांची से पटना के बीच चलायी जायेगी। आपको बता दें, पटना टू रांची के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन 6 घंटे में अपनी समय दूरी तय करेगी। मिली जानकारी के अनुसार, यह ट्रेन पटना से खुलते हुए जहानाबाद और गया होते हुए झारखंड में इंट्री करेगी, जो कोडरमा, हजारीबाग, बरकाकाना, सिधवार सांकी, टाटी सिल्वे से होते हुए राजधानी रांची पहुंचेगी। नयी रेल लाइन में बरकाकाना का रूट एकदम से नया है जिसमें सबसे पहले वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन होगा।

रिपोर्ट्स के अनुसार, पटना-रांची वंदे भारत ट्रेन का सेकेंडरी मेंटेनेंस पटना का राजेंद्र नगर कोचिंग कॉम्प्लेक्स में होगा। वहीं ट्रेन का प्राइमरी मेंटेनेंस रांची में होगा।

### राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

| | |
|---|---|
| **मेष** | सामाजिक क्षेत्र में कार्य विस्तार होगा, लोगों से संबंध अच्छे होंगे। |
| **वृष** | आमदनी में वृद्धि, धर्म-कर्म में रूचि, मान-सम्मान-यश में वृद्धि होगी। |
| **मिथुन** | विपरीत स्थितियों में सुधार, हर क्षेत्र में सफलता, पारिवारिक सुख। |
| **कर्क** | आर्थिक एवं व्यावसायिक मामलों के लिए समय अच्छा है, नयी कार्य की योजना बनेगी। |
| **सिंह** | विरोधियों पर विजय, आर्थिक लाभ, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा। |
| **कन्या** | रुका हुआ काम पूरा होगा, संतान सुख, महत्वकांक्षा पूरी होगी, धन लाभ होगा। |
| **तुला** | सुख-दुःख की समानता, पारिवारिक उलझन, स्वास्थ्य बाधा, आर्थिक परेशानी। |
| **वृश्चिक** | आत्मविश्वास में वृद्धि, पुरानी परेशानी से छुटकारा, मनोकामना पूरी होगी। |
| **धनु** | कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, अधिकारियों का सहयोग, यशस्वी कार्य करने का अवसर। |
| **मकर** | घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण,संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा। |
| **कुंभ** | कुछ नये संबंध बनेंगे, पारिवारिक परेशानी से छुटकारा, नौकरी में बदलाव होगा। |
| **मीन** | नौकरी करनेवालों के नवीन पद और अधिकार मिलने की संभावना, आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। |

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

भारतीय रेल
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. ट्रैक/21/94/0511/7 वॉल्.III    दिनांक : 09.06.2023

शुद्धिपत्र सं. 2

आपका ध्यान "अद्यतन संशोधनों के साथ आईआरएस–टी–12–2009 विशिष्टि के अनुरूप पटरियों की जांच तथा निरीक्षण" के लिए निरीक्षण एजेंसी" के चयन हेतु दिनांक 18.07.2023 को खोली जाने वाली ई–निविदा सूचना सं. टीकेपी–1–2023 की ओर आकर्षित किया जाता है।

नवीनतम संशोधनों के साथ IRS-T-12-2009 विनिर्देश के अनुसार "रेल के परीक्षण और निरीक्षण के लिए निरीक्षण एजेंसी के चयन के लिए ई–निविदा सूचना TKP-1-2023 के विरुद्ध जारी किया गया शुद्धिपत्र संख्या 2– (RFQ-cum-RFP) आईआरईपीएस पर अपलोड किया गया है। इच्छुक निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे **शुद्धिपत्र सं. 2** के विवरण के लिए वेबसाइट **http://ireps.gov.in** देखें।

(आलोक कुमार)
कार्यपालक निदेशक/रेलपथ (पीएंडपी)
द्वितीय तल, कमरा नं. 256–डी,
रेल भवन, रायसीना रोड,
नई दिल्ली – 110001
फोन: 011–23304852
ईमेल: alokkumar.g@gov.in
1774/2023
आज़ादी का अमृत महोत्सव
G20
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

शपथ पत्र



शपथ पत्र संख्या 15 दिनांक 09.06.2023 के अनुसार **मैं प्रियंका देवी, पति दीपक कुमार,** ग्राम-जालीमखुर्द, पोस्ट-जालीम, थाना+जिला-लातेहार राज्य- झारखंड घोषणा करती हूं कि अनन्या कुमारी और श्रेया कुमारी दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है जो मेरी पुत्री है। जन्म प्रमाणपत्र और आधार कार्ड में मेरी पुत्री का नाम-अनन्या कुमारी, पता-ग्राम-जालीमखुर्द पोस्ट-जालीम थाना+जिला-लातेहार राज्य- झारखंड दर्ज है। अतः मेरी पुत्री इसी नाम - अनन्या कुमारी एवं जन्म प्रमाणपत्र / आधार के पता से जानी जाएगी।

शपथ पत्र

शपथ पत्र संख्या 11 दिनांक 09.06.2023 के अनुसार **मैं कृष्णा कुमार पिता छोटी यादव, उम्र करीब 20 वर्ष,** धर्म- हिंदू, राष्ट्रीयता - भारतीय, पेशा- शिक्षण, साकिन- नवादा, पोस्ट-फुलवरिया, थाना- नवलशाही, जिला-कोडरमा (झारखंड) शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान करता हूं कि:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरा आधार कार्ड सं.- 2449 7874 7030 में मेरे पिता का नाम छोटी यादव अंकित है जो सही है।
3. यह कि मेरा ड्राईविंग लाईसेंस नं.- JH12 20220005393 में मेरे पिता के स्थान पर कमलेश कुमार भाई के नाम से अंकित हो गया है जो गलत है।
4. यह कि यह शपथ मैं अपने ड्राईविंग लाईसेंस में कमलेश कुमार के स्थान पर छोटी यादव सुधार कराने हेतु बनाया।

आजाद सिपाही

रांची, शनिवार, 10 जून, 2023

www.azadsipahi.in

04


## बिरसा मुंडा की मनायी पुण्यतिथि

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड के गुरु चट्टी स्थित आजसू पार्टी के के प्रखंड आवासीय कार्यालय में धरती आबा बिरसा मुंडा के 123वां पुण्यतिथि के शुभ अवसर पर आजसू पार्टी के प्रखंड इकाई द्वारा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा ने कहां की भगवान बिरसा मुंडा के बताये मार्गों पर हम सभी झारखंड वासियों को चलने की जरूरत है । वही प्रखंड प्रवक्ता तापेश्वर कुमार तापस ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अकेले अपने दम पर अंग्रेजों को भारत से भागने का काम करते थे । मौके पर मुख्य रूप से किसान प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष सुरेश कुमार दांगी, उप मुखिया हरली पंचायत सुनील कुमार, तुलेश्वर राम, ईश्वर कुमार,प्रकाश कुमार,वरुण कुमार, विकास कुमार विशाल कुमार, कमलेश कुमार कसेरा, चन्द्रनाथ महतो इत्यादि लोग मौजूद थे।

## दो बाइक की टक्कर में तीन घायल

चरही (आजाद सिपाही)। चुरचू थाना क्षेत्र के चीची कला मोड में शुक्रवार को दो मोटरसाइकल के सिधा भिडंत में तीन व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गये। घायल व्यक्ति बजाज कावासाकी मोटरसाइकल चुरचू से चीचीकला निवासी है वही विपरीत दिशा से बुलेट मोटरसाइकल डाडी प्रखंड के खपया निवासी चुरचू की ओर जा रहा था। कावासाकी मोटरसाइकल सवार व्यक्ति मोड़ रहने के वजह से अनियंत्रित होकर बुलेट में सिधा टक्कर हो गया घायल व्यक्ति को राहगीरों द्वारा एंबुलेंस से हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक चुरचू पुलिस घटना स्थल पर नहीं पहुंची थी।

## दबंगों ने जमीन पर किया कब्जा, ग्रामीणों ने किया विरोध

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कपका लूली अहरी में अवैध रूप से दबंगों ने जमीन पर कब्जा का ग्रामीणो ने विरोध किया है। इस बाबत ग्रामीण दुर्गा ठाकुर, धीरज ठाकुर, हेमलाल प्रसाद, भोगेन्द्र महतो, किशोर प्रसाद, अशोक मंडल समेत सैकड़ो महिला पुरुष ने एक हस्ताक्षर युक्त लिखित शिकायत हजारीबाग उपायुक्त को दिया है। जिसकी प्रतिलिपि बरही एसडीओ, बरकट्ठा सीओ, बीडीओ, थाना और विधायक अमित कुमार यादव को भी देकर कार्यवाई की मांग किया है। आवेदन में लिखा है की लूली अहरी तालाब सैकड़ो वर्ष पूर्व से बना हुआ है जिस पर कुछ लोग मिट्टी भरकर घर बनाने का प्रयास कर रहे है। जिसका खाता नंबर 116 प्लॉट नंबर 2060 में खास गैरमजुरआ और खाता नंबर 117 में आम गैरमजुरआ जमीन कुल रकबा 1.5 एकड़ जमीन है। उक्त जमीन पर गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा जेसीबी मशीन से भरवा कर अवैध कब्जा किया जा रहा है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मामले को लेकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

## पदभार ग्रहण कार्यक्रम में कांग्रेस जनों ने की शिरकत

कोडरमा (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष बने संजय लाल पासवान के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में कोडरमा जिला कांग्रेस ने भी शिरकत की। जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान के नेतृत्व में आवास बोर्ड कार्यालय पहुंचे कांग्रेस जनों ने शुभकामनाएं दी। मौके पर जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान ने कहा कि संजय लाल पासवान को आवास बोर्ड के अध्यक्ष बनने से प्रदेश के सब तबके के लोगों को सस्ता वह सुलभ आवास उपलब्ध हो पायेगा। शुभकामना देने वालों में आवाज बोर्ड मुख्यालय के वरीय जिला उपाध्यक्ष नागेश्वर राम कोडरमा जिला उपाध्यक्ष राम लखन पासवान जिला सचिव दशरथ पासवान वह दिलीप राम सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता के नाम शामिल है।

# भगवान बिरसा के साहस ने लिखी शौर्य की शब्दावली : विकास राणा

**झारखंड की जनता आज भी ठगा हुआ सा महसूस कर रही है : विजय वर्मा**

**बिरसा मुंडा ने सामाजिक और आर्थिक स्तर पर आदिवासिओं में चेतना की चिंगारी सुलगा दीः आनंद सिंह**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** आजसू पार्टी के कार्यकताओं ने आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा के नेतृत्व में महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर बिरसा चौक, पुराना बस स्टैंड, हजारीबाग स्थित उनकी प्रतिमा पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शहादत दिवस के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय सदस्य विजय वर्मा ने किया तथा मंच संचालन केंद्रीय सदस्य आनंद सिंह ने किया। मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा बिरसा मुंडा ने साहस की स्याही से पुरुषार्थ के पृष्ठों पर शौर्य की शब्दावली लिखी।

बिरसा मुंडा सही मायने में पराक्रम और सामाजिक जागरण के धरातल पर तत्कालीन युग के एकलव्य और स्वामी विवेकानन्द थे। झारखंड राज्य गठन को आज 22 वर्ष बीत गये परन्तु आज भी झारखंड के आदिवासी और मूलवासी आपने आप को उपेक्षित और ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं, वर्तमान सरकार आज तक स्थानीय निति, आरक्षण निति , विस्थापन निति, बेरोजगारी की समस्या का निदान आज तक नहीं हो सका । झारखंड राज्य स्वाभाविक राज्य नहीं है बल्कि आजसू के आन्दोलन, संघर्ष और बलिदान से मिला है झारखंड । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय सदस्य विजय वर्मा ने कहा कि झारखंड की जनता आज भी ठगा हुआ सा महसूस कर रही है आज भी झारखंड के लोगों को उनके हक और अधिकार से वंचित रखा गया है । केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह ने कहा कि बिरसा मुंडा ने सामाजिक और आर्थिक स्तर पर आदिवासिओं में चेतना की चिंगारी सुलगा दी । शहादत दिवस पर अबुवा दिशोम अबुवा राज के नारा को बुलन्द करनेवाले बिरसा मुंडा को आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला के जिला अध्यक्ष विकास राणा के साथ श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा, केंद्रीय सदस्य आनन्द सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, जिला सचिव विवेक कुमार राणा, नगर अध्यक्ष आफताब आलम, कटकमदाग प्रखण्ड अध्यक्ष अवध किशोर साव, सूरज कुमार सहित अन्य आजसू कार्यकर्त्ता शामिल थे ।

## हथियार के साथ एक गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** कोर्रा थाना क्षेत्र के जबरा स्थित एक लॉज में एक व्यक्ति हथियार के साथ रह रहा है जिसकी गतिविधि काफी संदिग्ध है। उक्त सूचना पर उत्तम तिवारी थाना प्रभारी कोर्रा के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए पंजाबी ढाबा होटल के समीप, जबरा स्थित एक लॉज की घेराबंदी कर छापामारी करते हुए एक व्यक्ति को देशी कट्टा और कारतुस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में कोर्रा थाना कांड संख्या 146/23 में आर्म्स एक्ट के तहत कांड दर्ज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के द्वारा अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में अपना अपराध स्वीकार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को विधिवत न्यायिक हिरासत में भेजा गया। थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने बताया की लॉज में संदिग्ध अवस्था में हथियार के साथ युवक के रहने से लॉज मालिको की किसी भी व्यक्ति को बिना जांच पड़ताल किये किराये पर मकान देने की प्रवृत्ति प्रतीत होता है। इस संबंध में लॉज मालिको की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। साथ ही लॉजो का भौतिक सत्यापन भी समय-समय पर किया जायेगा।

**गिरफ्तार अभियुक्त :** सुजीत कुमार उम्र करीब 21 वर्ष पे देवनंदन प्रसाद सा कोरियाडीह (करियातपुर) थाना बरही जिला हजारीबाग।

**बरामदगी:** देशी कट्टा एक पीस, कारतुस, एण्ड्रायड मोबाइल

## डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया ओशन डे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**झुमरीतिलैया।** पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को ऑनलाइन वर्ल्ड ओशन डे मनाया गया। जिसमें कक्षा एलकेजी से दूसरी तक के बच्चों ने भाग लिया। कक्षा एलकेजी और यूकेजी के बच्चों को फिंगर प्रिंटिंग से मछली, तारा मछली और ऑक्टोपस बनाना था। जिसमें कक्षा एलकेजी से आभास कुमार, देव्यांश केशव, अंशुमान राज, दक्ष चौधरी, अंशिका राज और जयदीप ने अपनी नन्हीं-नन्हीं अंगुलियों से सुंदर चित्र बनाये। कक्षा यूकेजी से पुनीत, अक्षित, दक्षित, अश्मी, माही, प्रियांशु, सुहासिनी, तेजस, प्रियल, विवेक, सृष्टि और श्रीहन सानिध्य ने एक से बढ़कर एक सुंदर मछली तारा मछली और ऑक्टोपस बनाया। कक्षा प्रथम के बच्चों के लिए सुंदर रंगों और चित्रों के द्वारा महासागर की सुंदरता को प्रकट करने के लिए दिया गया। जिसमें कक्षा प्रथम 'अ' से विवान, सानिध्य, सिमरन, सृष्टि, अवंतिका, सान्वी, दर्शित, इवान, पीहू और मयंक ने महासागर और उसमें पलने वाले जीवों का सुंदर चित्रण किया। कक्षा प्रथम 'ब' से अश्विनी




कुमारी, अभीप्सा, अंशिका, अलीजा, अयान, हर्षित निराला, अनिक देव, आरव, अनमोल, युगांत और शिरीन ने महासागर की विशालता को दशार्या। कक्षा द्वितीय 'अ' से वेहांत राज, देवांश राज, अवंतिका, सुहानी, समृद्धि शर्मा, आराध्या, अंशुमान, सान्वी, क्षितिज, सान्वी मनजोत, वैभव और अनुपम ने सुंदर क्राफ्ट का निर्माण किया। कक्षा द्वितीय 'ब' के शौर्य, शौर्य गुप्ता, अनिका, उज्ज्वल, आर्य अर्णव, श्रेया, अनमोल, आराध्या और सृष्टि महासागर का सुंदर क्राफ्ट बनाकर अपनी बेहतरीन कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि इस दिवस का उद्देश्य विश्व में महासागरों की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिक्षिका लक्की पाठक, रिया शर्मा, अपूर्वा सरकार, शिल्पी गुप्ता लक्ष्मी कुमारी और संध्या कुमारी को धन्यवाद कहा। कार्यक्रम के सफल संचालन करने के लिए सीसीए इंचार्ज श्वेता सिंह और चॉंदनी दुबे की प्रशंसा की।

## अवैध बालू उत्खनन के खिलाफ ग्रामीण हुए गोलबंद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जयनगर।** प्रखंड में अवैध रूप से बालू का उत्खनन और परिवहन करने के रोकथाम के लिए अंचलाधिकारी ओमप्रकाश बडाइक और थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा के द्वारा आये दिन छापेमारी की जाती है। कई ट्रैक्टर को पकड़कर थाना लाकर उत्खनन विभाग को सौंपा गया। शुक्रवार की सुबह तमाय पंचायत के तमाय बालू घाट और धरैडीह बालू घाट पर दर्जनों ट्रैक्टर के द्वारा बालू का उठाव किया जा रहा था जिसके खिलाफ संपूर्ण गांव के लोग एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किये। नदी घाट पर स्थानीय पंचायत के पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों



ने हो-हल्ला किया। एक-एक बूंद पानी के लिए पशु, पक्षी, जानवर तरस रहे हैं और बालू माफियाओं के द्वारा अवैध रूप से बालू का उठाव जारी है, जिसके कारण सरकार के राजस्व में काफी कमी हो रही है। दूरभाष के माध्यम से जानकारी लेने पर अंचलाधिकारी ओम प्रकाश बड़ाईक ने कहा कि जयनगर प्रखंड के विभिन्न इलाकों में छापामारी अभियान चलाया जा रहा है और आने वाले दिनों में भी यह अभियान जारी रहेगा। छापामारी अभियान के दौरान अवैध रूप से परिवहन करते हुए बालू लदे ट्रैक्टरों को पकड़कर कार्यवाही के लिये उत्खनन विभाग को सौंपा है। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से परिवहन करते हुए बालू लदा ट्रैक्टर पकड़े जाने पर उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी और उसका ट्रैक्टर जप्त कर लिया जायेगा। जयनगर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि जयनगर प्रखंड के विभिन्न इलाकों में अवैध रूप से परिवहन और उत्खनन बालू के खिलाफ छापामारी अभियान लगातार जारी रहेगा।

## भाजपा कार्यकर्ताओं की टिफिन बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोडरमा।** महा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम को लेकर कोडरमा जिला भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता और जनसंघ कार्यकर्ताओं के बीच टिफिन बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोडरमा सांसद सह शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भारत सरकार के 9 साल की उपलब्धियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि भारत नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज विश्व की जी 20 की अध्यक्षता कर रहा है। विश्व में भारत की ताकत बढ़ी है आज कोई भी देश भारत की तरफ बुरी नजर से देख नहीं सकता। डॉ नीरा यादव ने कहा कि जब




भाजपा की सरकार थी तो विकास की गंगा झारखंड में बही परंतु दूसरी तरफ जैसे ही झामुमो की सरकार आयी सिर्फ लूट खसोट की सरकार बनकर रह गयी है। कार्यक्रम को पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश राम, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि मोदी और रमेश सिंह तथा कोडरमा जिला प्रभारी टुन्नु गोप ने भी संबोधित किया। इस दौरान कार्यकर्ता को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया।

### गैर-इरादतन हत्या मामले में अपर जिला और सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सुनायी सजा

# चार लोगों को आठ-आठ साल की कैद

**संजीव**

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गैर इरादतन हत्या के मामले में चार लोगों को 8-8 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनायी गयी है। सत्रवाद 87/14, जयनगर थाना कांड संख्या 158/13 की सुनवाई करते हुए अपर जिला और सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने शुक्रवार को कांड के अभियुक्त अनिल यादव (28, पिता किशन यादव), सुशील यादव (28, पिता किशन यादव) रीना देवी (26, पति अनिल यादव) और प्रमिला देवी (पति दिलीप यादव) सभी जयनगर निवासी को सेक्शन 304




पार्ट 2 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 8 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20 हजार का जुर्माना लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर अभियुक्त को एक वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। वहीं अदालत ने 504 आइपीसी के तहत भी दोषी पाते हुए 1 वर्ष सश्रम कारावास, 325 आइपीसी के तहत चार वर्ष सजा सुनाई और पांच हजार जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 3 महीने अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीके मंडल ने किया। इस दौरान सभी छह गवाहों का परीक्षण कराया गया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता जगदीश यादव ने दलीलें पेश की।

**क्या है पूरा मामलाः** सुखदेव यादव पिता बबून यादव ने जयनगर थाना में लिखित आवेदन देकर कहा था कि किसी ने मेरे कटहल के पेड़ का डाली तोड़ दिया था। जिस से गुस्सा होकर उस व्यक्ति को मेरी मां के द्वारा एक-दो गाली दिया गया था। जिसके बाद उपरोक्त सभी अभियुक्त गण मेरे दरवाजे पर आ गये और गाली गलौज करते हुए बाहर निकलने को कहा। जब मैं और मेरे पिताजी बाहर निकले तो उपरोक्त अभियुक्तों के द्वारा लाठी डंडा और टांगी से हम दोनों पर प्रहार कर दिया।

जिससे मेरा हाथ टूट गया और मेरे पिता के सर पर टांगी से मारा गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर गये और बेहोश हो गये। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी।

## बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनायी



हजारीबाग(आजाद सिपाही)। विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग यूसेट डिपार्टमेंट में अमर शहीद भगवान बिरसा मुंडा का शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर निदेशक डॉ आशीष कुमार साहा ने बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ खेमलाल महतो ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का संघर्ष अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष से भिन्न था। भगवान बिरसा मुंडा ने अपनी संस्कृति , माटी , जंगल के रक्षा के लिए अपना प्राण निछावर कर दिया। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस अवसर पर गौरव कुमार, अजहर, रंजीत, बीरबल कुशवाहा, आनंद कुमार ,सौरव कुमार, दिलीप तिग्गा, धानो, अरविंद राम, राजकुमार ,बबीता, नवीन, विनय समेत सैकड़ों स्वयंसेवक एवं शिक्षक शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे।

## रेल हादसे के प्रभवित प्रवासी कंट्रोल रूम से करें संपर्क

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। उड़ीसा राज्य के बालासोर में दो जून को हुए भीषण रेल दुर्घटना में हजारीबाग जिले के यात्रियों के हताहत होने की आशंका है। ऐसे में यदि कोई हजारीबाग जिले के प्रवासी मजदूर व्यक्ति बालासोर, उड़ीसा रेल दुर्घटना में हताहत हुए हैं तो प्रावधानानुसार सुलभ सहायता के लिए राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष के दुरभाष सं 9470132591, 9431336427, 9431336398, 9431336472, 9431336432 अथवा उप श्रमायुक्त, हजारीबाग के कार्यालय और दूरभाष संख्या 7292800971 पर घायलों या मृतकों के परिजन संपर्क कर सकते हैं।

## घरेलू विवाद में जहर खाकर की आत्महत्या



कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के चंदवारा थाना अंतर्गत हरिनो गांव में बीती रात एक व्यक्ति ने घरेलू विवाद के बाद जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान प्रखंड के हरिनो निवासी जानकी यादव (उम्र 55 वर्ष, पिता रमन गोप) के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों के अनुसार गुरुवार रात घर में कुछ विवाद होने पर जानकी यादव ने गुस्से में जहर का सेवन कर लिया। जिसके बाद तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी।

## थाना प्रभारी पर दहशत फैलाने का आरोप



जयनगर (आजाद सिपाही)। आम आदमी पार्टी बरकट्ठा विधानसभा अध्यक्ष महेश कुमार यादव ने बताया कि जयनगर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा जब से जयनगर थाना का प्रभार संभाला है । तब से क्षेत्र के लोग थाना प्रभारी के आतंकी रवैया से काफी परेशान और भयग्रस्त हैं। क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति, जनप्रतिनिधि या समाजसेवी किसी मामले की जानकारी हासिल करने के लिए थाना जाते हैं, तो जयनगर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा लोगों के साथ धमकी भरी बातों के साथ गाली-गलौज से बात करते हैं । जो काफी निंदनीय है। ज्ञात हो कि 8 जून को समाजसेवी राजकुमार पासवान किसी मामले का जानकारी लेने के लिए जब जयनगर थाना पहुंचे तब थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा द्वारा राजकुमार पासवान को देखते ही जातिसूचक शब्द बोला, जो संवैधानिक रूप से अपराध है। थाना प्रभारी के द्वारा कई लोगों पर बेवजह प्राथमिक दर्ज किया गया है, जिससे आम लोग काफी परेशान और भयग्रस्त है। जयनगर थाना प्रभारी लोगों से कहते हैं कि मैं किसी भी सांसद और विधायक नहीं डरता हूं। यहां के विधायक अमित कुमार यादव ने मेरे खिलाफ विधानसभा सत्र में आवाज उठाकर क्या किया। किसी से डरने वाले नहीं हैं। आप नेता महेश कुमार यादव ने पुलिस अधीक्षक कोडरमा से आग्रह करते हुए कहा कि लोगों के साथ ऐसे दुर्व्यवहार करने वाले थाना प्रभारी को जयनगर थाना से अविलंब हटाया जाये । अगर थाना प्रभारी को नहीं हटाया गया तो क्षेत्र के लोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## आर्यकर्ण के सीएमडी कार हादसे में घायल



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। आर्यकर्ण निधि लिमिटेड के सीएमडी रंजीत कुमार बीती गुरुवार अहले सुबह तकरीबन 3:30 बजे रामगढ़ में शादी समारोह संपन्न कराकर वापस रांची जाने के दौरान पतरातू घाटी के समीप तालाटांड़ में उनकी वाहन( जेएच 05 बीइ-7711) लैंड रोवर कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी । जिसमें रंजीत बाल-बाल बच गये, चेहरे और माथे में चोट आयी है। कार में कोई सवार नहीं था खुद चलाकर रांची जा रहे थे। घटना इतनी भयानक थी कि कार पलट गयी और चारों पहिये ऊपर हो गये, शीशा तोड़कर बाहर निकलना पड़ा। नजदीकी रिश्तेदारों के आने के बाद रंजीत को इलाज के लिए रांची हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। आर्यकर्ण निधि के सदस्यों और उनके शुभचिंतकों ने शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भगवान से की है।

## धरती आबा को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि




हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में धरती आबा बिरसा मुंडा की 123वीं पुण्यतिथि उनके चित्र पर पुष्प अर्पित और माल्यार्पण कर मनाई गयी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश सरकार से मुक्ति पाने के लिए अपना कुशल नेतृत्व प्रदान किया । सन 1894 में मानसून सत्र छोटानागपुर पठार असफल होने के कारण भयंकर महामारी फैली हुई थी । इस अवसर पर क्रांति सूर्य बिरसा मुंडा ने अपने लोगों की हर संभव सेवा की। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी दिगंबर मेहता, उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, गोविंद राम, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, डॉ. प्रकाश कुमार, अजय कुमार गुप्ता, दिलीप कुमार रवि, रविन्द्र प्रताप सिंह, सदरूल होदा, मनिषा टोप्पो, रूप कुमारी टोप्पनो, बिन्दू कच्छप, कृष्णा कुशवाहा, विजय कुमार सिंह, अब्बास अंसारी, मो. मुस्ताक, चन्द्र शेखर आजाद, बालेश्वर राम, बहादुर राम, देवधारी प्रसाद मेहता, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, तारिक रजा युवा कांग्रेस के गालिब अहमद के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 10 जून, 2023
www.azadsipahi.in



## भाजपा के कार्यकर्ता मिलन समारोह में शामिल हुए झारखंड प्रभारी

# कोयला स्टॉक में आग के पीछे साजिश: डॉ वाजपेयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिला में भाजपा कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश प्रभारी सह राज्यसभा के मुख्य सचेतक लक्ष्मीकांत वााजपेयी थे। समारोह में उन्होंने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया। साथ ही चुनाव जीतने का अचूक मंत्र दिया। इसके अलावा उन्होंने कार्यकर्ताओं से मोदी सरकार के कुशल 9 वर्षों के कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इसके बाद उन्होंने मीडिया से मुखातिब हुए।



**राज्य सरकार और जीला प्रशासन पर बिफरे वाजपेयी :** लेकिन राज्य सरकार और प्रशासन इतने महीने तक हाथ पर हाथ धरे क्यों बैठी थी। जबकि उनके पास उचित संसाधन मौजूद थे। उन्होंने सरकार पर हमला करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बताए की आखिर क्या कारण झारखंड के बड़े कोलफील्ड एरिया से स्टॉक यार्ड जिसके आसपास कई बड़े संयंत्र स्थापित हैं, जहां आग बुझाने के उचित और आधुनिक उपकरण मौजूद थे।

बावजूद इसके आग पर काबू नही पाया गया और उसको विकराल रूप लेने छोड़ दिया गया। कहीं इस आग के पीछे कारण लाखों मिट्रिक टन कोयले को भंडारण से हेरफेर करने का मामला तो नहीं।

जिसको दबाने और ऑडिट से बचने के लिए इनके भ्रष्टाचारी सहयोगियों के द्वारा आग लगाई गई हो। बाजपेई ने मामले को पीएम नरेंद्र मोदी तक पहुंचाने और इसपर जांच करवाने की बात कही। झारखंड सरकार और उनके सहयोगी सतर्क हो जाएं।

क्योंकि भाजपा का सिद्धांत भ्रष्टाचार मुक्त भारत का रहा है। इसी कारण आज मोदी के नेतृत्व में लोगों का भरोसा भाजपा पर बढ़ा है।

### हेमंत सरकार को घेरा

वार्ता में पत्रकारों के सवाल पर बाजपेयी ने कहा कि भुरकुंडा कोल साइडिंग के कोल स्टॉक में लगी आग काफी गंभीर बात है। उन्होंने राज्य सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाया। साथ उन्होंने उसी वक्त कोयला मंत्री प्रह्लाद पटेल और रेल मंत्रालय से फोन पर वार्ता किया। साथ ही उन्होंने समन्वय स्थापित करते हुए कोयले में लगी आग पर काबू पाने का निर्देश भी दिया। जिससे राजस्व नुकसान न हो। इसके अलावा आसपास रहने वाले निवासियों को इस भरी गर्मी में आग की तपिश और वायु प्रदूषण से निजात मिल सके। इधर केंद्रीय मंत्रालयों के संज्ञान में आने के बाद तत्परता से आग बुझाने का कार्य जारी हुआ। झारखंड सरकार का इस पर ढुलमुल रवैया रहा है। जिसपर श्री बाजपेयी ने कहा कि सर्वप्रथम मैं उन पत्रकारों का धन्यवाद करूंगा जिन्होंने मुझसे इसपर राजनीतिक प्रतिक्रिया पूछी थी,साथ हीं कोल और रेल मंत्री का आभार जो उन्होंने संज्ञान में आते हीं इसपर कार्यवाही शुरू की।

## भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर डीसी, एसपी ने किया नमन, दी श्रद्धांजलि



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को जिला समाहरणालय स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर डीसी माधवी मिश्रा, एसपी पीयूष पांडे सहित जिले के अन्य अधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, अपर समाहर्ता नेल्सन एयोन बागे, एसडीओ मो जावेद हुसैन सहित जिले के अन्य अधिकारी शामिल थे।

## आजसू पार्टी जिला कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनायी गयी




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी जिला कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा का पुण्यतिथि मनाया गया। जिसमें मुख्य रुप से नगर परिषद के उपाध्यक्ष मनोज महतो शामिल होकर भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने कहा कि जल जंगल जमीन तथा जनजातीय अस्मिता और संस्कृति के रक्षा के लिए लड़ने वाले देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के खूंटी जिला के उलीहातू गांव में हुआ था। उनका प्रारंभिक शिक्षा अपने गांव में शुरू हुआ। गरीब परिवार में जन्म हुआ था। लेकिन काफी जुझारू निडर होकर लड़ने वाले व्यक्ति थे। अन्याय के विरुद्ध उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन छेड़ रखा था। लगान वसूली के खिलाफ 1 अक्टूबर 1894 को बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों से लगान कर माफी के लिए आंदोलन किया। जिसे मुंडा विद्रोह उलगुलान कहा जाता है। 1895 में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और हजारीबाग केंद्रीय कारावास में 2 साल के कारावास की सजा दी गयी। लेकिन फिर भी यह नहीं माने और समय-समय पर आंदोलन करते रहे। इस अवसर पर धर्मेंद्र साव, गुड्डू सिंह, हेमलाल महतो, अरुण अग्रवाल, अजय महतो, बबलू मोदी, रोहित सोनी, अंकित अग्रवाल इत्यादि आजसू पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय जनसभा को लेकर टंडवा मंडल ने की बैठक



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार का सफलतापूर्वक 9 वर्ष की कार्यकाल पूरा हो चुका है।इस निमित्त महा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम भाजपा द्वारा चलाया जा रहा है। इस संदर्भ में 10 जून को चतरा जिला के भाजपा कार्यालय मैदान में भव्य जनसभा का आयोजन किया गया है। इस जनसभा में टंडवा मंडल से ऐतिहासिक संख्या में कार्यकताओं का भागीदारी हो इसकी सफलता के लिये टंडवा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी की अध्यक्षता में विधायक आवास टंडवा में बैठक की गयी।मौके पर भाजपा के पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लेते हुये अपने-अपने पंचायत और बूथ से अधिक से अधिक जनता के साथ चतरा जाने के लिये प्रतिबद्धता जताया।इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अक्षयवट पांडेय, जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति ओबीसी मोर्चा सह महामंत्री सुनील कुमार चौरसिया, ललित साहू, महेश वर्मा, विधायक प्रतिनिधि शशि चौरसिया, मंडल उपाध्यक्ष फूलचंद साहू, अजय साहु,जगदीश महतो,महेंद्र यादव, विजय साहु, किसान मोर्चा अध्यक्ष श्याम सिंह, सुरेंद्र साहू, राजेश तुरी, कार्तिक तुरी, सहित भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रेलवे साइडिंग गोलीकांड में शामिल आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** थाना परिसर टंडवा में शुक्रवार को प्रेस वार्ता आयोजित की गयी। इसमें फुलवरिया रेलवे साइडिंग से जुड़े गोलीकांड की घटना में सभी पहलुओ का टंडवा पुलिस की एसआइटी की टीम ने प्रद दर प्रद उग्रवादियों से राज खोल रहे है। जिसमें टंडवा पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। गुप्त सुचना के आधार पर टीएसपीसी के कोर सदस्य गणपत उर्फ सरपंच गंझु को उसके घर से गिरफ्तार कर चतरा न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्रेस वार्ता के दौरान थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने बताया की टंडवा थाना में दर्ज कांड संख्या 105/2023 बीते 31 मई को कढ़नि फुलवरिया रेलवे साइडिंग में 4-5 राऊड गोलीबारी, हथियार के साथ अपराधियो ने



करीब 12 की संख्या में निमार्णाधीन रेलवे पुल कार्य रहे गार्ड के साथ मारपीट और पोकलेन मशीन को आगजनी की घटना में गणपत शामिल था। उस घटना में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के सबजोनल कमांडर प्रभात जी के नाम से हस्तलिखित पर्चा फेककर उग्रवादियों ने घटना की जिम्मेवारी लिया था। रेलवे पुल का निर्माण कार्य कर रहे एएससी प्रॉजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से 2 करोड़ की लेवी की मांग किया गया था। उक्त घटना में शामिल मनोज गंझु, अर्जुन भोक्ता और संजय कुमार टीएसपीसी उग्रवादी सदस्यों को 4 जून को टंडवा पुलिस जेल भेज चुकी है। उसमें से चौथे उग्रवादी गणपत गंझु उर्फ सरपंच गंझु पिता विष्णु गंझु नामक व्यक्ति को टोला बड़कीतरी मरंगलोइया गांव थाना टंडवा निवासी है, और इस घटना में शामिल गिरफ्तारी के बाद गणपत पुलिस को स्वीकारोक्ति बयान में बताया है कि मेरे द्वारा पूर्व में भी प्रभात जी के दस्ता में रहकर कई घटना का इंजाम दिया गया है। जिसमे कांड संख्या 09/21 दिनांक 13 जनवरी 2021 को बालूमाथ थाना में मामला दर्ज है।मालूम हो की फुलवरिया रेलवे के कार्य में उग्रवादीयो द्वारा बाधा पहुंचाने के बाद चतरा एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर टंडवा डीएसपी शंभु कुमार सिंह के नेतृत्त्व में लगातार छापेमारी अभियान और घटना में शामिल सदस्यों को गिरफ्तारी जारी है। इस मौके पर छापामरी दल में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह, पिपरवार थाना प्रभारी, गोविंद कुमार, पु.अ.नि.अशोक कुमार, पु.अ.नि.भोलानाथ दास, पु.अ.नि रोहित कुमार यादव, और रिजर्व गार्ड सैट के शश्त्र बल शामिल थे।

## भाजपाइयों ने भगवान बिरसा मुंडा को शहादात दिवस पर दी श्रद्धांजलि



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भाजपा भुरकुंडा मंडल एसटी मोर्चा द्वारा शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा की 123वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष अखिलेश टोप्पो के नेतृत्व में भाजपाइयों बिरसा चौक भुरकुंडा पहुंचे। यहां सर्वप्रथम मुख्य अतिथि भाजपा एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष कुमेल उरांव ने भगवान बिरसा के प्रतिमा पर श्रद्धांजली अर्पित की। इसके उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भगवान बिरसा के प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर श्रद्धांजली दी। मौके पर कुमेल उरांव ने भगवान बिरसा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। साथ ही उनके संघर्ष की गाथा को याद की। कार्यक्रम में भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, दक्षिण प्रमंडलीय सह प्रभारी योगेश दांगी, बुद्धि प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक सत्येंद्र नारायण सिंह, अमरेश सिंह, शंकर प्रसाद, अशोक सोनी, महेंद्र सिंह, ज्योति सिंह, सुभाष दास, मुखिया अजय पासवान, प्रदीप मांझी, एसटी मोर्चा के जिला महामंत्री राजेंद्र मुंडा, एससी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बाबूलाल नायक, किसान मोर्चा के अध्यक्ष संतन सिंह, ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष देव कुमार सिंह, जनार्दन सिंह, आजाद राम, संदीप ठाकुर, सनी ठाकुर, नरेश जयसवाल, रघुवीर जयसवाल सहित कई भाजपाई मौजूद थें।

# मजदूरों के हितों से समझौता नहीं: नरेश मंडल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन भुरकुंडा कोलियरी शाखा के साथ शुक्रवार को भुरकुंडा कोलियरी प्रबंधन के साथ 41 मुद्दों को ले एजेंडा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भुरकुंडा पीओ मनोज पाठक ने की। बैठक में मुख्य रूप से कोल फेडरेशन और झारखण्ड राज्य एटक के केंद्रीय सचिव सह जेसीएससी सदस्य नरेश मंडल, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य विकास कुमार, शाखा सचिव लखेन्द्र राय, केंद्रीय कार्यकारणी सदस्य अनुज कुमार उपस्थित थें। मौके पर केंद्रीय सचिव नरेश मंडल ने कहा कि कर्मचारियों और मजदूरों का हित सर्वोपरि है। इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता।



बैठक में 41 मुद्दे भुरकुंडा कोलियरी को विधिवत चालू करने, सेवानिर्वित कर्मचारियों को समय पर ग्रेच्युटी, सीएमपीएफ और पेंशन भुगतान करने, कोलियरी स्तर की पीसीसी वेलफेयर हाउसिंग आदि समितियों की बैठक नियमित रूप से कर उसे सक्रिय कर उसका लाभ आमजन तक पहुचाने, कर्मचारियों के आवासों की पेयजल व्यवस्था, आवास मरम्मती कराने, कर्मचारियों को समय पर पदोन्नति देने, कर्मचारियों को घर भाड़ा भत्ता देने, श्रमिक क्लब निर्माण करने, मयूर स्टेडियम का सुंदरीकरण व लाइट की समुचित व्यवस्था करने, भुरकुंडा कोलियरी के सभी कॉलोनियों की सड़को की मरम्मती, नाली और छायी सफायी, जर्जर तोरो को बदलने और सभी कॉलोनियों में लाइट की व्यवस्था करने, भीड़ वाले जगहों पर टावर लाइट लगाने, वर्षो से एक जगह पर संवेदन शील पद पर काम कर रहे कर्मचारियों का स्थानांतरण, भुरकुंडा हॉस्पिटल में दवा, ब्लीचिंग, फिनाइल, आदि की व्यवस्था करने, सभी पेयजल आपूर्ति टंकियों में सफाई कराने, कर्मियों को जूता, टोपी, तौलिया, ड्रेस कोड की व्यवस्था करने, भुरकुंडा हॉस्पिटल में अल्ट्रासाउंड और डिजिटल एक्सरे मशीन लगवाने आदि मुद्दों पर गंभीर और सकारात्मक चर्चा की गयी। जिसमें प्रबंधन ने अपनी सहमति जताते हुए, संबंधित विषयों और मुद्दों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में प्रबंधन प्रतिनिधि की ओर से आरके वर्णवाल, जॉन सिह, डॉ. एचके सिंह, सतीश कुजूर, अंकुर विश्वास, महली, रामकुंजल महतो एवं यूनियन प्रतिनिधि की ओर से रंजीत कुमार, सुनील सिह, अशोक राम, प्रेम सिह, कैलाशपति सिंह, ठुप्पा भुइयां, सुरेन्द्र महतो, परदेशी, नागेन कुमार, चंद्रदेव कुमार, बुलटेंन सिह, मंजूर, उमेश कुमार, विजय कुमार, विजय शंकर, यादव, अनिल सिह, अरुण अग्रवाल, जोगेंद्र ठाकुर, कलाम अंसारी, अजमूल, विकास कुमार, जुगल साव, राजकिशोर यादव, रीता देवी सहित कई लोग मौजूद थें।

## जीवन में पहले राष्ट्र, फिर स्वयं की भावना होनी चाहिए: डीसी



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय के सभागार में भगवान बिरसा मुंडा की पुण्य तिथि मनायी गयी। इस मौके पर उपायुक्त अबु इमरान, उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, सदर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाष कुमार समेत जिले के अधिकारियों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर शत-शत नमन किया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्र के प्रति भगवान बिरसा मुंडा के प्रेम से हमें प्रेरित होने की जरूरत है। जीवन में पहले राष्ट्र, फिर स्वयं की भावना होनी चाहिए। सशक्त सुंदर राष्ट्र के निर्माण के लिए धरती आबा के बताये मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।

## विकास योजना में बीडीओ कर रहे मनमानी



**चतरा (आजाद सिपाही)।** हंटरगंज प्रखंड प्रमुख कार्यालय में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता ममता कुमारी ने किया तथा संचालन उप प्रमुख राहुल कुमार गुप्ता ने किया। बैठक में पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा मनमानी करने, प्रमुख के बिना सहमति के योजना की स्वीकृति देने, बाबा साहब अम्बेदकर आवास योजना में प्रमुख की भूमिका को नजर अंदाज करने पर आपति जताया। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि एक समान हैं और सरकार के गाइडलाइन के अनुसार कार्य किया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सौदा डी मुख्य मार्ग स्थित हॉस्पिटल कॉलोनी के निकट शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार साकुल बस्ती निवासी 18 वर्षीय रोहित कुमार पिता आनंद साव अपने बाइक नंबर जेएच 24 एच 7416 पर सवार होकर भुरकुंडा से सौंदा डी की तरफ जा रहा था। इस दौरान बाइक अनियंत्रित होकर नीचे धौड़ा पहुंच मार्ग पर बनी पुलिया से जा टकराकर गिर गया। दुर्घटना में युवक के सिर में चोट लगी है। साथ ही शरीर के कई हिस्सों में अंदरूनी चोट लगी है। बताया जाता है कि टक्कर इतनी तेज हुई थी कि पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो गया।

## विश्वकर्मा समाज के सचिव के निधन पर शोक



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की रामगढ़ जिला इकाइ श्री श्री विश्वकर्मा कल्याण समिति रामगढ़ जिला के जिला सचिव आर पी राणा के हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। उन्होंने रांची के मेदांता अस्पताल में आखिरी सांस ली। जिला सचिव के आकस्मिक निधन से पूरा विश्वकर्मा परिवार मर्माहत हैं। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव गरी पत्रा बड़कागांव में की गयी। जिला अध्यक्ष गणेश राणा ने बताया रामगढ़ जिला विश्वकर्मा समाज ने एक मजबूत स्तंभ को खोया है। जिला सचिव का आकस्मिक निधन विश्वकर्मा परिवार की अपूरणीय क्षति है। घाट में उपस्थित लोगो ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई। विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारियों ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर ढाढस बंधाया। जिला सचिव की आकस्मिक निधन से रामगढ़ विश्वकर्मा समाज में शोक की लहर है।

## चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला में दिये कई निर्देश

# माहवारी के दौरान स्वच्छता को नजरअंदाज करना गंभीर रूप ले सकता है: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में शुक्रवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डीसी माधवी मिश्रा ने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान सर्वप्रथम यूनिसेफ की सहयोगी संस्था डेवनेट से निर्भय कुमार के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। साथ ही उनके द्वारा चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान के माध्यम से स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन के उपायों के प्रति भी जानकारी दी गयी।




### माहवारी की प्रक्रिया

कार्यशाला के दौरान डीसी ने कहा कि माहवारी एक ऐसी प्रक्रिया है जिससे कि सभी युवतियों और महिलाओं को गुजारना पड़ता है। जागरूकता के अभाव में ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी युवतियों व महिलाओं को कई तरह की बीमारियों, संक्रमण का सामना करना पड़ता है। वर्तमान समय में भी इस संबंध में लोग बात करने से परहेज करते हैं। जबकि माहवारी के दौरान स्वच्छता को नजरअंदाज करना आगे चलकर एक गंभीर रूप ले सकता है। डीसी ने कहा कि माहवारी संबंधित भ्रांतियों को दूर करने व जागरूकता के लिए यह बहुत जरूरी है कि सबसे पहले लोग खुलकर इस पर बात करें। मौके पर डीसी ने बैठक में उपस्थित पंचायती राज, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, जेएसएलपीएस, शिक्षा प्रखंड विकास पदाधिकारियों आदि को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने और जमीनी स्तर पर विभिन्न माध्यमों का इस्तेमाल कर लोगों के बीच से माहवारी से संबंधित भ्रांतियों को दूर करने, माहवारी के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले कपड़े की स्वच्छता व सैनिटरी पैड के नियमानुसार निष्पादन को लेकर कार्य करने व लोगों को जागरूक करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

### सैनिटरी पैड का सही निस्तारण बहुत जरूरी

कार्यशाला में डीसी ने कहा कि माहवारी के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले सैनिटरी पैड को अगर खुले में फेंक दिया जाए या सही तरीके से उसका निस्तारण ना किया जाए तो पैड को पूरी तरह से नष्ट होने में 500 से भी अधिक सालों का समय लगता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए भी माहवारी के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले सैनिटरी पैड का सही निस्तारण बहुत जरूरी है। इसके लिए डीसी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को शुरूआती दौर से ही बच्चियों को माहवारी संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी देने व उन्हें जागरूक करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

### डीसी ने माहवारी स्वच्छता की शपथ दिलायी

बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल के द्वारा चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान के तहत अब तक जिले में किये गये कार्यों और 12 जून तक ग्रामीण व सुदूरवर्ती क्षेत्रों में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के संबंध में डीसी सहित बैठक में उपस्थित इन अधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी गयी। वही, कार्यशाला के दौरान डीसी के द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों सहित अन्य को माहवारी स्वच्छता शपथ दिलायी गयी।

# संभल जाये कनाडा

कनाडा के ब्रैंपटन शहर में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके सुरक्षाकर्मियों द्वारा की गयी हत्या को झांकी का रूप देकर पांच किलोमीटर लंबी परेड निकाला जाना इस बात का सबूत है कि वहां खालिस्तान समर्थक तत्वों को मनमानी करने की छूट किस हद तक मिली हुई है। यह घटना 4 जून की है और इसने सबका ध्यान तब खींचा, जब इसके विडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगे। आयोजन करने वाले संगठनों के नाम तत्काल सामने नहीं आये हैं, लेकिन इतना तय है कि इसके पीछे खालिस्तान समर्थक तत्व हैं। यह आयोजन ऑपरेशन ब्लू स्टार की 39वीं बरसी (6 जून) से दो दिन पहले किया गया और इस झांकी में पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या को अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में 1984 में की गयी सैन्य कार्रवाई का प्रतिशोध बताया गया। साफ है कि खालिस्तान समर्थक ये तत्व अपनी इस तरह की हरकतों के जरिए उस आतंकवाद की ओर से ध्यान हटाने की कोशिश करते हैं, जिसकी वजह से ऑपरेशन ब्लू स्टार जैसे कदम उठाने पड़े और जिसके चंगुल में पंजाब आगे भी कई साल तक फंसा रहा। न जाने कितने परिवार इस चक्कर में बर्बाद हो गये, कितने लोगों को जान देनी पड़ी। अनगिनत कुर्बानियों के बाद पंजाब जैसे-तैसे उस मुश्किल दौर से निकला और पहले की तरह अपने पराक्रम से विकास की नयी कहानियां लिखने लगा। अब एक बार फिर वे तत्व देश के अंदर और बाहर सक्रिय हो रहे हैं। कनाडा उनके लिए एक बड़ा केंद्र बन कर उभरा है। और यह वहां अपनी तरह का कोई पहला मामला नहीं है। पिछले साल भी वहां से एक अलग देश खालिस्तान बनाये जाने के सवाल पर जनमत संग्रह करवाये जाने की खबर आयी थी। सोशल मीडिया पर शेयर किये जा रहे ताजा विडियो को हालांकि सबसे पहले कांग्रेस नेताओं ने मुद्दा बनाया, लेकिन फिर सरकार भी इस पर स्टैंड लेने में पीछे नहीं रही। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सामान्य औपचारिक बयान से कहीं आगे बढ़ते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं न तो भारत-कनाडा रिश्ते के लिए अच्छी हैं और न कनाडा के लिए। उन्होंने कहा : यह समझना मुश्किल है कि वोट बैंक पॉलिटिक्स के अलावा और क्या वजह हो सकती है इन घटनाओं के पीछे। बहरहाल, इससे यह साफ हो जाता है कि कनाडा में हिंसा की वकालत करने वाले अतिवादी और अलगाववादी तत्वों पर कोई अंकुश नहीं रह गया है। भारत में कनाडा के उच्चायुक्त कैमरन मैके ने हालांकि इस घटना की निंदा की और कहा कि उनके देश में नफरत और हिंसा के महिमामंडन के लिए कोई जगह नहीं है, लेकिन ऐसे औपचारिक बयान जारी कर देना काफी नहीं है। कनाडा को समझना होगा कि आतंकवाद, अलगाववाद और हिंसा की आग सबसे पहले उन देशों को जलाती है जो इसे हवा देते हैं। ऐसे देशों की दुर्गति के उदाहरण सबके सामने हैं। उन देशों के अनुभव से समय रहते सबक लेना चाहिए।

**कनाडा को समझना होगा कि आतंकवाद, अलगाववाद और हिंसा की आग सबसे पहले उन देशों को जलाती है जो इसे हवा देते हैं। ऐसे देशों की दुर्गति के उदाहरण सबके सामने हैं। उन देशों के अनुभव से समय रहते सबक लेना चाहिए।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**दरअसल, भागलपुर के सुल्तानगंज स्थित अगुवानी घाट गंगा नदी पर 1710 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे निर्माणाधीन फोरलेन पुल का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 23 फरवरी 2014 को शिलान्यास किया था, यह पुल ढह गया। पुल की लंबाई 3,160 किलोमीटर थी। इसका निर्माण 80 प्रतिशत पूरा हो चुका था। इससे पहले भी यह पुल 27 अप्रैल 2022 को तेज आंधी और बारिश के चलते ढह गया था। इस पुल का कम से कम 100 फीट हिस्सा गिर गया था।**

# विपक्षी एकता पर भारी बिहार का भ्रष्टाचार

योगेंद्र योगी

विपक्षी एकता के प्रयासों में जुटे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पुल ढहने की घटना ने अच्छी-खासी किरकिरी करा दी। भ्रष्टाचार के मामले में विपक्षी दलों को निशाना बनाने से भाजपा नहीं चूकती। भाजपा पूर्व में भी विपक्षी एकता के प्रयासों पर ऐसे प्रहार करती रही है। विपक्षी एकता के प्रयासों को भ्रष्टाचारियों को बचाने का गठजोड़ बताती रही है।

दरअसल, भागलपुर के सुल्तानगंज स्थित अगुवानी घाट गंगा नदी पर 1710 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे निर्माणाधीन फोरलेन पुल का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 23 फरवरी 2014 को शिलान्यास किया था, यह पुल ढह गया। पुल की लंबाई 3,160 किलोमीटर थी। इसका निर्माण 80 प्रतिशत पूरा हो चुका था।

इससे पहले भी यह पुल 27 अप्रैल 2022 को तेज आंधी और बारिश के चलते ढह गया था। इस पुल का कम से कम 100 फीट हिस्सा गिर गया था। बिहार में घटिया निर्माण के कारण पुलों के ध्वस्त होने की यह कोई पहली घटना नहीं है। बीते एक साल में राज्य में 7 बार पुल गिरने की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन नीतीश सरकार फिर भी नहीं जागी।

**नीतीश कुमार विपक्षी एकता के प्रयासों के जरिए भारतीय जनता पार्टी को चुनौती देने का प्रयास कर रहे हैं।**

विपक्षी एकता के सपने के बूते केंद्र में सत्ता पाने के प्रयास में जुटे नीतीश कुमार बिहार को नहीं संभाल पा रहे हैं। बिहार भ्रष्टाचार और अराजकता के लिए ही नहीं, बल्कि अजीबो-गरीब घटनाओं के लिए सुर्खियों में रहा है। यह बिहार में ही संभव है कि पुल जैसा मजबूत ढांचा महज आंधी से ढह जाये। इसके अलावा भी बिहार में भ्रष्टाचार और अराजकता की ऐसी हास्यास्पद घटनाएं हुई हैं। इनसे नीतीश सरकार के तौर-तरीकों पर सवालिया निशान लगते रहे हैं।



**बरौनी (बेगूसराय जिला) के गरहारा यार्ड में मरम्मत के लिए लाये गये ट्रेन के डीजल इंजन को एक गिरोह ने चुरा लिया। चोर एक सुरंग माध्यम से आते थे और इंजन के पुर्जों को चुरा लेते थे। बिहार के बांका जिले से एक लोहे का पुल गायब हो गया। चोरों ने इस पुल का दो-तिहाई हिस्सा गैस कटर से काट कर चुरा लिया।**

किसी भी राज्य में भारी-भरकम रेल के इंजन की चोरी की कल्पना भी नहीं की जा सकती। बिहार में चोर ट्रेन के इंजन को चोरी कर ले जायें।

बरौनी (बेगूसराय जिला) के गरहारा यार्ड में मरम्मत के लिए लाये गये ट्रेन के डीजल इंजन को एक गिरोह ने चुरा लिया। चोर एक सुरंग माध्यम से आते थे और इंजन के पुर्जों को चुरा लेते थे। बिहार के बांका जिले से एक लोहे का पुल गायब हो गया। चोरों ने इस पुल का दो-तिहाई हिस्सा गैस कटर से काट कर चुरा लिया। भागलपुर के सुल्तानगंज से देवघर में वैद्यनाथ धाम जाने वाले तीर्थयात्रियों (कांवड़ियों) की सुविधा के लिए इस पुल को बनाया गया था। इससे पहले भी बिहार के रोहतास जिले में लोहे के पुल की चोरी हुई थी। यहां चोरों ने 60 फीट लंबे और 500 टन वजनी लोहे के पुल को गायब कर दिया था।

बिहार दशकों से भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ को लेकर सुर्खियों में रहा है। बिहार हाइकोर्ट ने लालू यादव के शासन के दौरान बिहार में शासन को जंगल राज बताया था। इसकी झलक नीतीश सरकार में बाकी है। बाहुबली आनंद सिंह की जेल से रिहाई के मुद्दे पर नीतीश सरकार की छवि प्रभावित हुई है। बिहार सरकार ने जेल कानूनों में संशोधन करके जिला कलेक्टर की हत्या के आरोप में सजा काट रहे आनंद सिंह के रिहा करने का मार्ग प्रशस्त किया। राजनीति में भ्रष्टाचार और अपराध का बिहार का पुराना इतिहास रहा है। बिहार की गुलाटी मारती गठबंधन वाली राजनीति में नीतीश ने कई बार गुलाटी खायी है।

वर्ष 2017 जुलाई में कलह की वजह को नीतीश ने भ्रष्टाचार के खिलाफ असहिष्णुता बताया था। उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले को वजह बताते हुए मुख्यमंत्री नीतीश ने राजद के साथ गठबंधन तोड़ते हुए कहा था कि उन्हें ०घुटन महसूस होती है। 6 साल बाद उन्होंने राजद से फिर हाथ मिला लिया। तेजस्वी डिप्टी सीएम बने और तेज प्रताप यादव को मंत्री बनाया गया।

नीतीश कुमार विपक्षी एकता के प्रयासों के जरिए भारतीय जनता पार्टी को चुनौती देने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ बिहार में लालू के शासन में हुए भारी भ्रष्टाचार और अराजकता की छाप अभी तक बनी हुई है। लालू यादव की पार्टी से सत्ता के लिए किये गये गठबंधन के बाद प्रदेश की छवि बदलने के प्रयासों को झटका लगा है। उस पर भ्रष्टाचार और आपराधिक घटनाएं कोढ़ में खाज साबित हो रही हैं।

भाजपा नीतीश सहित अन्य विपक्षी दलों पर सार्वजनिक तौर पर भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था को मुद्दा बनाती रही है। निश्चित तौर पर आगामी लोकसभा चुनाव में भी भाजपा के लिए यह बड़ा मुद्दा होगा।

नीतीश सहित विपक्षी दल भाजपा पर इडी और सीबीआइ की द्वेषपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगा रहे हैं, किंतु जब तक इन दलों के दामन पर लगे दाग नहीं हटेंगे तब तक न सिर्फ एकता के प्रयासों को झटका लगता रहेगा, बल्कि भाजपा को भी इनके खिलाफ बोलने का मौका मिलता रहेगा।

## जमशेदपुर की खबरें

### झामुमो जिला समिति ने बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के झामुमो जिला समिति के द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 123 वीं शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शुक्रवार को साकची स्थित जिला संपर्क कार्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सागेन पूर्ती ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल, जमीन की लड़ाई के लिए अंग्रेजों से लोहा लेने का काम कीया था। उनके बलिदान से छोटानागपुर कश्तकारी अधिनियम बना। उनके ही देन है कि आज आदिवासीयों की जमीन सुरक्षित है और गैर आदिवासी नहीं ले सकते हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता राज लकड़ा ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा, जिस पद चिन्ह पर चले थे उसी पद चिन्ह पर झामुमो सुप्रीमो दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने चलकर अलग झारखंड राज्य बनाने का काम किया। गुरुजी के आंदोलन से आज हमें अलग राज प्राप्त हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान को याद करते हुए और उनके बताए हुए रास्ते पर चले तभी जाकर उनकी आत्मा को शांति मिलेगी। श्रद्धांजलि सभा में बीरसिह सुरेन, शेख बदरुद्दीन, प्रमोद लाल, प्रीतम हेम्ब्रम, विनोद डे, उमानाथ झा, अरूण प्रसाद, शैलेन्द्र कुमार मैती, फते चन्द टुडू, राजा सिंह, अजय रजक, नन्टु सरकार, रायमुल बान्डरा, विजय महतो, गोपाल महतो, मानसिंह बेसरा, पिंटू लाल, परवेज अख्तर, महिला नेत्री बाल्ही मारडी, दुर्गा बोयपाई, नन्द किशोर सिंह सहित सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता शामिल रहे।

### जनसंघ काल के नेता की माताजी के स्वास्थ्य की जानकारी लेने पहुंचे पूर्व सीएम



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और जनसंघ काल से पार्टी को सींचने वाले बिरसानगर निवासी जय नारायण सिंह और भाजपा बारीडीह मंडल के अध्यक्ष संतोष ठाकुर की माताजी का टाटा मोटर्स अस्पताल में इलाज चल रहा है। शुक्रवार को दोनो के स्वास्थ्य की जानकारी लेने भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व सीएम रघुवर दास टाटा मोटर्स अस्पताल पहुंचे। मौके पर पूर्व सीएम ने डॉक्टरों से इलाज संबंधी विचार-विमर्श कर बेहतर इलाज के लिए आग्रह किया। पूर्व सीएम ने दोनो के शीघ्र पूर्ण रूप से स्वस्थ होने के लिए कामना की।

# बलिदान दिवस पर विधायक ने दी बिरसा को श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस के मौके पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने साकची स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर मालार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। बीते वर्ष साकची आई अस्पताल के पास विधायक मंगल कालिंदी के पहल पर भव्य भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित की गयी थी। शुक्रवार को विधायक मंगल कालिंदी ने साकची आई अस्पताल के पास भव्य बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माला और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर नमन की। मौके पर विधायक ने कहा जल, जंगल जमीन के अधिकार के लिए संघर्ष करने वाले भगवान बिरसा मुंडा देश के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी। उनके साहस, समर्पण और बलिदान प्रत्येक भारतीय को सदैव प्रेरित करती रहेगी। विधायक ने कहा कि बीते वर्ष 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की भव्य प्रतिमा अपने निजी खर्च से बनवाकर जनता को समर्पित की थी। उन्होंने यह भी कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के प्रति यही सच्ची श्रद्धांजलि है और लौहनगरी के जनता को समर्पित भगवान बिरसा मुंडा की भव्य प्रतिमा मे शहर के आज सभी संघठन और स्थानीय लोग श्रद्धा पूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे है यह गर्व की बात है। मौके पर दीपक रणजीत, मुकेश, सरबजोत भाटिया, विजय महतो, जयदीप, सोमनाथ, सिमरन,पप्पू सहित अन्य झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### वार्ड 20 में रेलवे ब्रिज के समीप कचड़े का अंबार

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 20 में रेलवे ब्रिज के समीप कचड़ों का अंबार लग गया है। वर्षो से साफ-सफाई नहीं होने पर स्थानीय नागरिक और आसपास के दुकानदार कचरे के बीच रहने में मजबूर हैं। वही रेलवे ब्रिज के समीप कर्यी दिनों से नालियां जाम होने से लोगों को आने जाने में परेशानियां बढ़ गई है। नाला से निकलने वाले कचरे का पानी बीच सड़क में तेजी से बह रही है। जबकि नगर निगम में नालियों की साफ सफाई के लिए कर्मचारी प्रतिनियुक्ति की गयी है। उधर समय समय पर नालियो की साफ सफाई नही होने से बीच सड़क में ही कचरे का पानी जमने लगी है। वैसे वार्ड 20 में ही लगभग सरकारी कार्यालय है।जहा आदित्यपुर थाना, पीएचईडी विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, तहसील कचहरी, बिजली विभाग और अन्य सरकारी कार्यालय है। उधर नगर निगम के अपर नगर आयुक्त दावे करते हैं कि साफ सफाई नियमित रूप से हर क्षेत्र हो रही है, लेकिन उनके कुछ दावे कागजों के पन्नों पर ही सीमित रह जा रही है। वैसे वार्ड 20 के लगभग नालियो में जाम की स्थिति बनी हुई है। मानसून आते ही लोगों की परेशानी बढ़ जायेगी। वही वार्ड 17 का भी वही हाल है। जहा स्थानीय लोगो साफ सफाई को लेकर आक्रोशित है। वारिस के पूर्व सही समय पर अगर सफाई नहीं हुई तो टीएमसी नेता बाबू तांती व स्थानीय लोग आक्रोशित होकर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



### साप्ताहिक जनता दरबार में लोगों से मिले डीसी




आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के डीसी अरवा राजकमल ने साप्ताहिक जनता दरबार में शामिल हुए। शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में डीसी ने विभिन्न क्षेत्र से आए दर्जनों लोगों की परेशानी से अवगत हुए। मौके पर डीसी ने क्रमवार लोगो की समस्या सुनने के बाद सभी आवेदन को संबंधित विभागीय पदाधिकारी को हसतांत्रित करते हुए फरियादियों को आश्वस्त किया। जनता दरबार में भूमि विवाद, पेयजल संबंधित मामले, ग्राम प्रधान के लंबित वेतन भुगतान, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभ प्रदान करने, चांडिल बजार क्षेत्र में अवैध पार्किंग एवं ओवरलोड वाहनो पर करवाई करने, विधुत विभाग, आपूर्ति विभाग,स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य मामले से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर नीमडीह प्रखंड से दीजों कालिंदी आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभ प्रदान करने के लिए आवेदन दिए। उन्होंने अपरेंटिस ऑपरेशन के लिए लाभ प्रदान करने की मांग की। डीसी नें तत्काल सिविल सर्जन श्री कालिंदी को मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान योजना के तहत लाभ प्रदान करने व अन्य आवश्यक सहयोग प्रदान करने का निदेश दिए। वही डीसी ने कई मामले का निष्पादन तत्काल करने का निर्देश दिया। मौके पर ग्रामीणों में खुशी देखने को मिली। उन्होंने राज्य सरकार व प्रशासनिक पदाधिकारी के प्रति आभार जताया।

# केकेसी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का कोल्हान दौरा आज



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय कामगार और कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय गाबा शुक्रवार की शाम रांची पहुंचे। जहां प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडेय के नेतृत्व में कार्यकताओं ने उनका भवय स्वागत किया। मौके पर जिले के केकेसी कार्यकताओं ने उनसे मुलाकात की। कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय गाबा ने शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडेय के साथ सरायकेला खरसावां व पूर्वी सिंहभूम जिले का दौरा करेंगे। जिला कमेटी व केकेसी कार्यकताओं से सीधा संवाद कर उन्हें आगामी 2024 लोकसभा चुनाव में मजदूर वर्ग को कांग्रेस के पक्ष में एकजुट करने के लिए टिप्स देंगे। वही जिलाध्यक्षों से अब तक किए गए कार्य की रिपोर्ट भी लेंगे। साथ ही भविष्य में संगठन की योजनाओं पर भी चर्चा करेंगे। उधर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के दौरे को लेकर कार्यकताओं काफी उत्साह है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के बैठक के लिए फिलहाल सभी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है।

### 60:40 नियोजन नीति के खिलाफ दो दिवसीय झारखंड बंद आज से

आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़।** झारखंड में 60 40 नियोजन नीति वापस लेने और खतियान आधारित नियोजन नीति लागू करने की मांग को लेकर दो दिवसीय झारखंड बंद को सफल बनाने का आह्वान करने के लिए छात्रों ने पाकुड़ में सुखवा पत्ता हाथों में लेकर जुलूस निकाला। गांधी चौक से सैकड़ों की संख्या में छात्रों ने हाथों में सुखवा का पत्थर लिए झारखंड में 60 40 नियोजन नीति को वापस लेने और खतियान आधारित खतियान आधारित नियोजन नीति को लागू करने की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए सिद्धू कानू पार्क के पास पहुंचकर यूनुस को समाप्त किया। छात्रों ने जुलूस प्रदर्शन के दौरान दुकानदारों से कल और परसो 2 दिन बाजार बंद रखने का आह्वान किया। छात्र नेता कमल मुर्मू सीताराम मुर्मू ने कहा कि झारखंड के छात्रों का भविष्य अंधकार में होता दिख रहा है अगर 60 40 नीति लागू हुई तो यहां के अधिकांश युवा शिक्षित बेरोजगार रह जाएंगे इसलिए हम लोगों की मांग है कि झारखंड में खतियान आधारित नियोजन नीति लागू किया जाये।

## रमकंडा पहुंचने पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का भव्य स्वागत किया गया, सीधा संवाद भी हुआ

# लगन और मेहनत से आगे बढ़ें : राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन गढ़वा जिला के रमकंडा प्रखंड पहुंचे। दोपहर 12:00 बजे के करीब वह रमकंडा प्रखंड पहुंचे जहां जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा पारंपरिक गीत और नृत्य के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। मौके पर जिला प्रशासन द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जिसके पश्चात उन्होंने रमकंडा प्रखंड कार्यालय परिसर में पौधा रोपण किया। शुक्रवार भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर उन्होंने भगवान बिरसा के बलिदानों को याद कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। गढ़वा जिला आगमन पर उपायुक्त शेखर जमुआर ने माननीय राज्यपाल महोदय को पुष्प गुच्छ, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत और अभिनंदन किया। माननीय राज्यपाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

**जिले की समस्याओं के बारे में चिंता व्यक्त किया :** उन्होंने गढ़वा जिला में कम वर्षा होने के कारण होने वाली समस्याओं के बारे में चिंता व्यक्त करते हुये कई महत्वपूर्ण उदाहरण देते हुये कहा कि जब एक रास्ता बंद होता है तो दूसरा रास्ता खुलता है। इसलिए हमें निराश और हताश होने के बजाए मेहनत और लगन के साथ सकारात्मक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त पलामू और उपायुक्त गढ़वा के साथ इर्रिगेशन के विषय पर चर्चा हुई है और जिले में वॉटर रिचार्ज बेहतर हो इसे लेकर कार्य किया जायेगा। उन्होंने गढ़वा जिला के विकास को लेकर प्रमुख बातें करते हुए जिला की महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान बताया। उन्होंने शिक्षा पर विशेष ध्यान देने को लेकर सभी से अपील किया कि अपने बच्चों को जरूर अच्छी शिक्षा दें। शिक्षा से हीं भविष्य को सुधारा जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा हेतु अच्छे प्रयास किए जा रहे हैं। यदि हमारे राज्य के बच्चे विदेशों में भी जाकर शिक्षा लेने को इच्छुक है तो उन्हें राज्य द्वारा भी सहयोग किया जायेगा। हमें चिंता यह करनी चाहिए कि हम बच्चों को अच्छे से पढ़ाई और उन्हें गलत रास्ते पर जाने से रोके। हमारा देश काफी आगे बढ़ रहा है और हमारा राज्य भी आने वाले समय में देश और विश्व में एक अलग पहचान बनाएगा। उन्होंने कृषि और उद्योग विभाग को आपस में मिलकर कार्य करने तो कहा जिससे समेकित विकास हो सके।

**ग्रामीणों से की उनकी समस्याओं की बात :** राज्यपाल ने स्थानीय ग्रामीणों से सीधा संवाद किया।

आदिम जनजाति के दिनेश्वर कुरवा नामक स्थानीय नागरिक द्वारा आदिम जनजाति के विकास की समस्या राज्यपाल महोदय के समक्ष रखा गया। जिस पर माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा पीवीटीजी परिवारों के लिए अलग से स्कूल खोले जाने की जानकारी देते हुये उन्हें अच्छे से राशन, पेंशन समेत अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही आदिम जनजाति के लिए दिये जा रहे सुविधाओं से योग्य लाभुकों को जागरूक करने को कहा जिससे वह जागरुक होकर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ ले सके। माननीय राज्यपाल महोदय के अनुमति से उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय द्वारा कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गयी।



### राज्यपाल ने किया परिसंपत्तियों का वितरण

मौके पर राज्यपाल, झारखंड, सीपी राधाकृष्णन द्वारा परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। उन्होंने जेएसएलपीएस, वन भूमि पट्टा, आवास योजना, मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा, सोना सोबरन धोती साड़ी एवं लूंगी वितरण योजना और आइसीडीएस आदि योजनाओं के कुल 70 लाभुकों/समूहों के बीच विभिन्न योजनाओं के तहत परिसंपत्तियों का वितरण किया गया, जिसमें स्वीकृति पत्र, चाबी वितरण, चेक, पूर्णता प्रमाण पत्र आदि सम्मिलित हैं। मंच से ही लाभुकों के बीच सांकेतिक रूप से परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।



### आइसीडीएस के तहत भी लाभार्थियों को लाभान्वित किया

कार्यक्रम में उन्होंने आईसीडीएस के तहत भी लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया और गोदभराइ जैसे कार्यक्रम आयोजित किये गए। इसके अंतर्गत मानती कुमारी और शोभा कुमारी को कन्यादान योजना के तहत लाभान्वित किया गया जबकि अंजू कुमारी और उतिमा कुमारी के बीच सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत क्रमश: 5000 और 20000 की राशि की स्वीकृति प्रदान की गयी। सुनीता देवी, रिंकी देवी और रीना देवी की गोदभराई रस्म पूरी की गयी, जबकि रूपा कुमारी, आशीष कुमार, लक्ष्मी कुमारी, साजन कुमार के अन्नप्राशन के रस्म पूरे किए गयें। वहीं अशोक सिंह और अमरनाथ पन्ना के बीच ट्राईसाईकिल का वितरण किया गया।

### कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीआइजी पलामू, राज कुमार लकड़ा, उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी रंका राम नारायण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर आलोक कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी वन प्रमंडल शशि कुमार, उप निदेशक जन संपर्क विभाग, पलामू प्रमंडल आनंद समेत जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अन्य पदाधिकारी, लाभुक और स्थानीय जनता उपस्थित थे।

## गढ़वा में प्रांत अभ्यास वर्ग का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** 08 जून से शुरू होकर 11 जून चलने वाले गढ़वा में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रांत का प्रांत अभ्यास वर्ग का आज विधिवत उद्घाटन अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल जी, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो. सुमनलता जी, प्रदेश मंत्री सोमनाथ भगत जी और प्रदेश संगठन मंत्री राजीव रंजन जी द्वारा किया गया। इस वर्ग में पूरे प्रदेश से लगभग 300 से अधिक छात्र-छात्राओं से हिस्सा लिया है। उद्घाटन सत्र में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि अभाविप निरंतर 75 वर्षों से राष्ट्र हित समाज हित और छात्र हित को अपना उद्देश्य बनाकर कार्य कर रहा है और इसी कड़ी में अभ्यास वर्ग विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने का एक माध्यम है। जहां 4 दिनों तक प्रशिक्षित होने के बाद विद्यार्थी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक गतिविधि करने का प्रयत्न करते हैं। आगे उन्होंने कहा कि कोयल के तट पर एसआइएस प्रशिक्षण केंद्र में प्राकृतिक वादियों के बीच आयोजित यह अभ्यास वर्ग कार्यकर्ताओं को प्रकृति के साथ तारदम्यता बिठाना और इस स्वच्छ और सुंदर माहौल में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की प्रेरणा भी दे रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो. सुमनलता ने कहा की इतनी गर्मी में भी परिषद कार्यकर्ता विभिन्न जिलों से संगठन की कार्यपद्धति सीखने के उद्देश्य से यहां बिलकुल अनुसासित तरीके से इक्कठे हुए हैं ऐसा अनुशासन केवल विद्यार्थी परिषद जैसे संगठन में ही संभव होता है। प्रदेश संगठन मंत्री राजीव रंजन ने कहा की 4 दिनों तक चलने वाले इस अभ्यास वर्ग के लिए गढ़वा के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने बहुत ही परिश्रम किया है इसलिए प्रांत के सभी प्रतिनिधि वर्ग का लाभ उठाएं और जितना अधिक सीखने योग्य बातें हो सीख कर अपने समाज और राष्ट्र के लिए कुछ करने का प्रयत्न करें। अभाविप का प्रदेश अभ्यास वर्ग संगठनात्मक दृष्टिकोण से एक बहुत ही महत्वपूर्ण और बड़ा कार्यक्रम होता है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से प्रतिनिधि शामिल होते हैं और उन्हें संगठन की कार्य पद्धति सिखायी जाती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय संगठन मंत्री निखिल रंजन जी, राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद के विशेष आमंत्रित सदस्य प्रा. पंकज कुमार, अभाविप की प्रदेश छात्रा प्रमुख प्रो. पुष्कर बाला, अखिल भारतीय जनजातीय कार्य प्रमुख प्रमोद राउत, पलामू विभाग प्रमुख डॉ. सत्यदेव पांडे प्रदेश सहमंत्री निशांत चतुवेर्दी, प्रदेश सोशल मीडिया प्रमुख रोहित देव, प्रताप सिंह, मंजूल शुक्ला, शुभम तिवारी, विवेक पाठक, निवास मंडल, किरण कुमारी, सुलोचना कुमारी, सरोज कुमारी पंकज कुमार सहित कई पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## 11 जून को विशेषज्ञ डॉक्टर करेंगे मानसिक और चर्म रोग का इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता



डॉ. राजीव रंजन | डॉ. मीनूश्री वीएस

**गढ़वा।** गढ़वा का क्लीनिक ऑन स्क्रीन जटिल रोगों के इलाज के लिए वरदान साबित होने लगा है। 11 जून को मानसिक रोग और चर्म रोग का इलाज सम्बंधित रोग के विशेषज्ञ करेंगे। सीआईपी रांची के प्रसिद्ध न्यूरो मनोरोग चिकित्सक डॉ राजीव रंजन और रिम्स से अनुभव प्राप्त प्रसिद्ध चर्म-कुष्ठ रोग विशषज्ञ डॉ मीनू श्री रोगियों का इलाज करेंगी। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ राजीव रंजन ने कहा कि मानसिक रोग का समय से इलाज नहीं किया गया तो वह व्यक्ति को मौत के मुहाने पर खड़ा कर देता है, जहां से उसे वापस लाना कठिन हो जाता है। उन्होंने बताया कि खुद को नुकसान पहुंचाना, आंखों से आंखे कम मिलना, उन्मादी हो जाना, शब्दों और गतिविधियों को बेमतलब दोहराना, सामान्य चीजों को न पहचान पाना, सन्देह करना, आनंद न आना, इनके प्रमुख लक्षण हैं। नींद, भूख, ऊर्जा, एकाग्रता, व्यवहार, आत्म सम्मान में परिवर्तन आना भी इस रोग के लक्षण हैं। डॉ ने कहा कि मानसिक रोग को पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है। बशर्ते लोग इसे शर्मिंदगी से जोड़कर न देखें और उक्त लक्षण दिखते ही अविलम्ब डॉक्टर से सम्पर्क कर लें। गढ़वा जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में क्लिनिक ऑन स्क्रीन ऐसे रोगों के समूल नाश का बड़ा संकल्प लिया है। लोग इस रोग के प्रति जागरूक और इसके इलाज के प्रति गंभीर हों। तभी इस अवसाद रोग पर विजय प्राप्त कर सकेंगे।

## किसानों की कल्याणकारी योजनाओं में अनियमितता

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** किसानों के लिए लायी गयी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में लगातार अनियमितता बरती जा रही है। चाहे सुखाड़ राहत हो, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि हो, कृषि बीमा योजना हो, कृषि लोन का मामला हो या अनुदानित दर पर खाद, बीज व कीट नाशक उपलब्ध कराए जाने का मामला हो सभी किसानों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। योजनाओं के कार्यान्वयन में व्याप्त अनियमितता के कारण लाभ नहीं मिल पा रहा है। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के गढ़वा जिलाध्यक्ष रामलाला दुबे ने कहा कि किसान परेशान और निराश हैं। बायीं बांकी जलाशय योजना से निकली नहर के गहरीकरण व पक्कीकरण का काम शुरू किया गया था। जिससे यहां के किसानों की मर चुकी आस फिर से जगी थी। कि चलो 52 सालों के बाद इस नहर से हमारे खेतों को पानी मिलेगा। मालूम हो कि पलामू के विश्वविख्यात अकाल के साल 1966 - 67 में नहर की खुदाई हुई थी। लेकिन उसके बाद से यह नहर विधवा की सूनी मांग की तरह वीरान पड़ी हुयी है। इस नहर में कभी भी चुल्लू भर पानी नहीं आया। हालांकि ठेकेदारी के लिए दर्जनों बार आधी अधूरी लंबाई में इसकी सफाई की जाती रही है। इस बार बड़े पैमाने पर नहर की खुदाई और पक्कीकरण का काम शुरू हुआ। चर्चा चली कि बायीं बांकी जलाशय की भी सफाई व गहराई बढ़ाकर नहर के पूरी लंबाई में पानी दिया जायेगा। जिससे अकाल पीड़ित किसानों के मन में पानी मिलने की उम्मीद प्रबल हो गई थी। लेकिन नहर का काम करीब आठ महीने से बंद पड़ा है। अनियमितता का आलम यह है कि संवेदक द्वारा नहर खोदाई से निकली मिट्टी किसानों की निजी जमीन में छोड़ दिया गया है। साथ ही नहर खोदाई के दौरान किसानों के सैकड़ों पेड़ पौधे काट डाले गए। जिसका मुआवजा भी नहीं दिया गया। नहर पक्कीकरण में घटिया किस्म के सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है। जिससे कई जगह नहर की दीवारें तुरंत फट गयीं। लेकिन अभी तक किसानों की गुहार किसी ने नहीं सुनी। प्रेस के माध्यम से किसानों की समस्या और नहर निर्माण में हो रही अनियमितता को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। लेकिन अभी तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गयी। किसान मोर्चा अध्यक्ष ने झारखंड सरकार और जिला के उपायुक्त से आग्रह किया है कि उपरोक्त समस्याओं की जांच करा कर दोषियों पर कार्रवाई की जाये। अन्यथा बाध्य होकर किसान आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री सत्येंद्र चौबे, कांडी मंडल महामंत्री शशि रंजन दुबे, कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया सह भाजपा नेता विनोद प्रसाद, राजेंद्र पांडेय, रामलखन प्रसाद, प्रदीप दुबे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जिला एथलेटिक्स टीम रजरप्पा गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** रामगढ़ जिला के रजरप्पा डीएवी स्कूल के मैदान में आयोजित प्रथम सब जूनियर झारखंड राज्य एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा जिला की टीम आज रांची चोपन एक्सप्रेस से 11:00 बजे सुबह रवाना हो गई। ज्ञात हो कि यह प्रतियोगिता 10 और 11 मई को आयोजित है गढ़वा जिला से 15 सदस्य बालक बालिका की टीम और दो कोच एक मैनेजर टीम लेकर रवाना हुये। अंडर 14 बालक वर्ग में अंकित कुमार, साकेत सिंह, मनु प्रसाद महतो, पीयूष रंजन अंडर 16 बालक में सनी लाल सिंह, विशाल कुमार, मनीष कुमार, उपेंद्र सिंह, अनिकेत कुमार, प्रभु रजवार अंडर 16 बालिका वर्ग में मधु कुमारी, खुशबू कुमारी, सोनम कुमारी का चयन किया गया है बालक का कोच अभय कांत बालिका का कोच रिया कुमारी और टीम मैनेजर रंजीत कुमार को बनाया गया टीम को रवाना करते समय एथलेटिक संघ के संयुक्त सचिव सुशील कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष अजय कांत साथ में फिजिकल टीचर शंकर पाल उपस्थित थे टीम को शुभकामना देते हुये संघ के अध्यक्ष शिव कुमार पांडे, उपाध्यक्ष नसीम अख्तर, सचिव आलोक कुमार मिश्रा, ओलंपिक संघ के संरक्षक अमृत शुक्ला राकेश पाल, अनिता दास रेखा चौबे अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, विजय केसरी, मदन केसरी, ओमप्रकाश तिवारी, उमेश सहाय, सत्येंद्र प्रसाद यादव, धर्मेंद्र पाल, किशोर कुणाल, चंद्र बहादुर सिंह, रामप्रवेश तिवारी, रामाशंकर सिंह, मोहम्मद शमशाद, अमित कुमार, सिंह मुनीफ आदि ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

## होंडा शो रूम में कंपनी की लेटेस्ट मॉडल बाइक 100 सीसी शाइन लांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** कचहरी रोड स्थित साईं शोभानंद होंडा शो रूम में शुक्रवार को कंपनी के लेटेस्ट मॉडल 100 सीसी बाईक शाइन लॉन्च किया गया। इस अवसर पर होंडा शोरूम के प्रोपराइटर जयंत लाल गुप्ता उर्फ बबलू सेठ ने बताया कि ग्राहकों के जोरदार मांग पर होंडा कंपनी ने 100 सीसी वाले शाइन नमक बाइक का निर्माण किया है जो अब गढ़वा जिला भी उपलब्ध हो गया है। जो काफी किफायती के साथ ही साथ आरामदेह भी है। उन्होंने बताया कि यह बाइक महंगी नहीं होने कारण सभी वर्ग के लोगों के पचेजिंग कैपिसिटी के दायरे में है। उन्होंने बताया कि स्पेशल 6 साल का वारंटी पैकेज शाईन 100, 5 कलर्स में उपलब्ध है। इसकी 65,100 की आकर्षक शुरूआती कीमत है। जो भरोसे, विश्वसनीयता और आधुनिक टेक्नोलॉजी की पुष्टि करती है। शाईन 100 को 12 पेटेंट ऐप्लीकेशन्स के साथ विकसित किया गया है, जो पहले से भी अधिक विश्वसनीयता को सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने बताया कि शाईन इस श्रेणी में सबसे लोकप्रिय और भरोसेमंद मोटरसाइकल ब्राण्ड है। इसे इस तरह से बनाया गया है की यात्रा में आपको बिल्कुल थकान नहीं होती। राइडिंग पॉजिशन को भी इस तरह से डिजाइन किया गया है कि परिवार के साथ राइड करना और लोड ले जाना आसान हो जाय। मुश्किल सड़कों पर भी स्थिरता देकर राइडर को आत्मविश्वास देता है। उन्होंने बताया कि शाइन 100 पर स्पेशल 6 साल का वारंटी पैकेज 3 साल स्टेण्डर्ड और 3 साल एक्सटेंडेड वारंटी है। मौके पर कई सब डीलर भी मौजूद थे जिनमे अनिल प्रसाद, पवन सिंह, रविशंकर पांडेय, मनदीप प्रसाद, कमलेश सिंह, पीयूष गुप्ता, संदीप मिंज, पीयूष कमलापुरी, वर्षा, रूही सहित सभी शो रूम के कर्मी उपस्थित थे।


## रॉंची समाहरणालय, रॉंची, (जिला भू-अर्जन शाखा)

www.dlaoranchi.in, dlaoranchi@gmail.com, dlaoranchi@rediffmail.com, dlao-ranchi@jharkhandmail.gov.in

### आम सूचना

रिंग रोड परियोजना अतिरिक्त मौजा–तुपुदाना, थाना नं0–267, थाना–तुपुदाना में भूमि अधिग्रहण हेतु संशोधित अधियाचना प्राप्त है। प्राप्त अधियाचना के आलोक में आमसभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसका विवरण इस प्रकार है :–

| दिनांक | समय | संबंधित मौजा का नाम | संबंधित अंचल का नाम | स्थान जहाँ मुआवजा राशि भुगतान हेतु राजस्व कागजात जमा लेना है। |
|---|---|---|---|---|
| 14/06/2023 | 11.30 A.M. | तुपुदाना | नामकुम, अंचल | नामकुम प्रखण्ड के सभागार |

अतः संबंधित मौजों के भू–धारियों को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि को निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी
रॉंची

PR 299633 Land Reforms(23-24)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ़

### अतिअल्पकालीन निविदा आंमत्रण सूचना सं0–06/2023–24

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र निर्गत की तिथि एवं समय : दिनांक 22/06/2023 को अपराह्न 1:00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 23/06/2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 23/06/2023 को अपराह्न 3:30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (1) अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग, (2) कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, रामगढ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : कण्डिका 5, में वर्णित (2)
7. कार्यो का विवरण :–

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रामगढ़ जिला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पतरातू में Block Public Health Unit (BPHU) का निर्माण कार्य। | 49,48,100/- | 1,00,000/- | 5,000/- | 9 माह |
| 2 | कार्यकारी मानक प्रयोगषाला, पतरातू (WSL) निर्माण कार्य। | 41,52,700/- | 85,000/- | 5,000/- | 6 माह |
| 3 | Renovation of Boundary wall (South Side) of DC Residence, Ramgarh (2nd call) | 17,36,200/- | 35,000/- | 5,000/- | 30 दिन |
| 4 | Construction of store room at basement of Collectorate Building (Block-A) for Nazarat at Ramgarh | 2,76,300/- | 5,600/- | 750/- | 30 दिन |
| 5 | Estimate for the Tahsil kutchary halka no-1, Ramgarh | 5,57,600/- | 12,000/- | 1250/- | 30 दिन |

* निविदा की शर्तें एवं अन्य सूचनाएँ www.jharkhandtenders.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,भवन प्रमंडल,रामगढ़

PR 299658 Building(23-24).D

## कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़

### नगर परिषद्, रामगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत अति–अल्पकालिन आमंत्रण सूचना।

अति–अल्पकालिन सूचना संख्या – **NIT/RGH/NP/13/2022-23 (2nd Call)**

1. निविदा निकालने वाले पदाधिकारी :–कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़।
2. निविदा वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि :–दिनांक : 12.06.2023
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने की अंतिम तिथि :–दिनांक : 22.06.2023 अपराहन 04:00 बजे तक।
4. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने का वेबसाईट :–केवल ई–निविदा (http://jharkhandtenders.gov.in)
5. वेबसाईट पर अपलोड किया गया दस्तावेज की मुल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि व समयः–दिनांक : 23.06.2023 अपराहन् 4:00 बजे तक।
6. निविदा खोलने की तिथि व समय एवं स्थान :–दिनांक : 24.06.2023 अपराहन् 12:00 बजे से। नगर परिषद्, रामगढ़।
7. मद का नाम –15वें वित आयोग
8. हेल्पलाईन नं0 :–9334702381, 9110072039

| क्र0 सं0 | वार्ड नं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | विपत्र का मूल्य | कार्य करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | Renovation of Panchayat Bhawan for the opening of Urban Health and wellness centre in ward no – 04 | 2491800.00 | 49836.00 | 5000.00 | 180 दिन |
| 2 | 16 | Renovation of Panchayat Bhawan for the opening of Urban Health and wellness centre in ward no – 16 | 2491800.00 | 49836.00 | 5000.00 | 180 दिन |
| 3 | 30 | Renovation of Panchayat Bhawan for the opening of Urban Health and wellness centre in ward no - 30 | 2491800.00 | 49836.00 | 5000.00 | 180 दिन |

नोटः–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जाएगी।
2. संवेदक द्वारा ई–निविदा में अपलोड किया गया सभी दस्तावेज तथा संवेदक का निबंधन प्रमाण पत्र, आयकर रिर्टन (विगत तीन वर्षो का), पैन कार्ड, GSTR-1, GSTR-3B (विगत तीन माह) अथवा अद्यतन Quarterly Return, निबंधन प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, UCAN, अग्रधन राशि, निविदा प्रपत्र शुल्क व अन्य दस्तावेज दिनांक 23.06.2023 को अपराहन 4:00 बजे तक नगर परिषद् कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।
3. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
4. निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयों http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
5. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशीप अथवा पार्टनरशीप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
6. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
7. जिन किन्ही भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़।

PR.NO.299655 District(23-24):D

# बलिदान दिवस पर याद किये गये धरती आबा

**धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को शुक्रवार को उनके 123वें बलिदान दिवस पर पूरे राज्य में श्रद्धा से याद किया गया। जगह-जगह उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी, उनके बताये रास्ते पर चलने का संकल्प व्यक्त किया गया और झारखंड के विकास की कसमें खायी गयीं। लोहरदगा और लातेहार जिलों में भी विभिन्न आयोजनों में भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान को याद किया गया।**

## लोहरदगा जिला प्रशासन ने दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** धरती आबा के बलिदान दिवस पर उन्हें नमन करने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। शंख नदी स्थित उनकी प्रतिमा पर आम और खास ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार और अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल समेत अन्य पदाधिकारियों ने शंख नदी और समाहरणालय परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उपायुक्त ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा देश की संस्कृति के संरक्षक थे। जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने के लिए लोगों को प्रेरित किया और उनके कर्म और धर्म को समझाया। साथ ही ज्ञान का उजियारा भी फैलाया।

### जिला भाजपा ने किया याद

जिला भाजपा अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर भाजपा की राष्ट्रीय सचिव आशा लकड़ा ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम सिंह, राजकिशोर महतो, प्रवीण सिंह, राजकुमार वर्मा, अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, लखन उरांव, ओम प्रकाश गुप्ता, बृजनंदन यादव, मंगल यादव, निधिकांत प्रसाद और नासिर आलम आदि उपस्थित थे।

### कैरो में भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

कैरो भाजपा की ओर से भी धरती आबा बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मौके पर मंडल अध्यक्ष लखन उरांव, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बजरंग उरांव, महामंत्री मनोज साहू, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजेश सोनी, युवा मोर्चा मंत्री अनिल महतो, राजू राम, शिवचरण तुरी, धनंजय राम वर्मा आदि उपस्थित थे।

### कुटमू गांव में जन प्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि

सदर प्रखंड के कुटमू में ग्राम प्रधान बंधन मुंडा, मुखिया राजू उरांव, पंचायत समिति सदस्य गणेश मुंडा, सामाजिक कार्यकर्ता सहदेव उरांव, राहुल उरांव और बुद्धिजीवियों और ग्रामीणों ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी। बमनडीहा दुपट्टा और कचहरी मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर ग्राम प्रधान बंधन मुंडा द्वारा प्रकृति पूजा की गयी। मौके पर सुरजमनी उरांव, नौरी उरांव, पुष्पा उरांव, रजनी उरांव, बुधमनिया उरांव, सुनिता उरांव, मनियारो उरांव, ममता उरांव, पार्वती उरांव, चुन्नू उरांव, शनिया उरांव, बिरसु उरांव, तिवारी उरांव, रमिया उरांव, धनिया उरांव, लक्ष्मण उरांव, रितेश उरांव, बुधुवा उरांव, रुक्मणी उरांव सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### कांग्रेसियों ने बलिदान को याद किया

जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में धरती आबा के बलिदान को याद किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष सुखेर भगत, कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल, रीना भगत, समुल अंसारी, विशाल डुंगडुंग, शंभू प्रजापति, सीमा परवीन, विनय उरांव, मुश्ताक अहमद, सत्यदेव भगत, विनोद खेरवार, सनियारो उरांव, बबीता देवी, अनमोल तिर्की, शमीम अंसारी, रंजीत लकड़ा, तौसीफ आलम, असलम अंसारी, कबीर अंसारी, सरस्वती उरांव, सैफ अहमद, शुभम सहदेव, मुनव्वर आलम, जीवन लकड़ा आदि उपस्थित थे।

## लातेहार जिला प्रशासन ने याद किया धरती आबा को



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने चंदनडीह पार्क स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के अदम्य साहस, समर्पण और बलिदान से हमें प्रेरणा लेना चाहिए और समाज के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। मौके पर उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक आइटीडीए विंदेश्वरी ततमा, एनडीसी बंधन लांग, कार्यपालक दंडाधिकारी श्रेयांश, बीडीओ और सीओ भी मौजूद थे।

## नियोजनालय परिसर में रोजगार मेला का आयोजन



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग, झारखंड के निर्देश पर आज शुक्रवार को जिला नियोजनालय कार्यालय, लोहरदगा परिसर में एक दिवसीय मिनी रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस भर्ती कैंप में चार निजी कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया जिसमें एडुवांटेज प्राईवेट लिमिटेड नई दिल्ली द्वारा ट्रेनी पद के लिए 14 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया और सभी का अंतिम रूप से चयन किया गया। वीएसएस एंटरप्राईजेज गुरूग्राम कंपनी के द्वारा तीन अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया और सभी का सेमी स्किल पद के लिए चयन कर लिया गया। एसआईएस लिमिटेड रांची द्वारा 15 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया और 06 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन सिक्योरिटी एडवाइजर/गार्ड के लिए कर लिया गया। बजाज एलियांज लाईफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड लोहरदगा द्वारा 05 लोगों का साक्षात्कार लिया गया जिनमें 02 लोगों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया। मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी अश्विनी कुमार सिंह, यंग प्रोफेसनल प्रबीर गोप समेत नियोजन कार्यालय के अन्य कर्मी और बड़ी संख्या में अभ्यर्थीगण उपस्थित थे।

## 16 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम रामगढ़ गयी



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा एथलेटिक एसोसिएशन के तहत 16 सदस्य एथलेटिक्स जूनियर टीम रामगढ़ में होने वाली दो दिवसीय 10 और 11 जून को प्रथम झारखंड सब जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में भाग लेने के लिए टीम कोच संतोष राम के नेतृत्व में रवाना हुई। इस टीम को पुलिस/आर्मी/एथलेटिक डीएफएमटी कोच विनय उरांव और राष्ट्रीय खिलाड़ी विनोद महली ने प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने की शुभकामनायें देते हुए टीम को रवाना किया। इस प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक वर्ग में फैजान खान, अशफाक खान बालिका वर्ग में प्रियंका उरांव, पूजा कुमारी, जैस्मिन कुमारी, अंडर 16 बालक वर्ग में सूरज कुमार, विकास महतो, निशांत भगत, अनुज उरांव, छोटू उरांव, सचिन उरांव, बालिका वर्ग में प्रेरणा पन्ना, लक्ष्मी कुमारी, रीता कुमारी, सुगंती कुमारी, रानी प्रेरणा उरांव शामिल होंगे।

## हेहेगड़ा के जंगल से 11 बोरा बीड़ी पत्ता जब्त



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र के छिपादोहर पूर्वी वन क्षेत्र के प्रभारी नव प्रोन्नत रेंजर नंद कुमार मेहता के नेतृत्व में अवैध बीड़ी पत्ता व्यावसायियों पर अंकुश लगाने के लिये की गयी छापामारी में 11 बोरा अवैध बीड़ी पत्ता हेहेगडा के जंगलों से जब्त किया गया। इसी क्रम में गुरुवार शाम को छिपादोहर के हेहेगड़ा जंगलों से नव प्रोन्नत रेंजर नंद कुमार मेहता समेत अन्य वनकर्मियों के सहयोग से छापामारी कर वन तस्करों द्वारा जंगल से तुड़ाई कर बीड़ी पत्ता को बोरे में भरकर बाहर भेजने की तैयारी किया जा रहा था। व्यावसाय करने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ वनजीव अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए जब्त किये गये बीड़ी पत्ता को छिपादोहर वन परिसर में रखा गया है। इससे पूर्व छिपादोहर पूर्वी रेंजर द्वारा मंगलवार को 10 बोरा बीड़ी पत्ता जब्त किया था।

## लड़की के शोषण का आरोपी गिरफ्तार

कुडू-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। बीते माह थाना क्षेत्र से एक 21 वर्षीय लड़की का अपहरण कर उसका शारीरिक शोषण करने के आरोपी को कुडू पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि 31 मई को लड़की शौच करने गयी थी, जहां से आरोपी पंडरा पंचायत के चेटर गांव निवासी शमशुल पवरिया अपहरण कर अपने साथ ले गया था। 6 जून को किसी प्रकार आरोपी के चंगुल से भागी लड़की ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने सात दिनों तक उसका शोषण किया है। जिसके बाद कुडू पुलिस ने लड़की के पिता की शिकायत पर कांड संख्या 76/ 23 धारा 363, 366 और 376 के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

## सेन्हा में पशु तस्करी के तीन आरोपी गिरफ्तार

सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। पशु तस्करी मामला में सेन्हा थाना पुलिस कारवाई करते हुए तीन संलिप्त आरोपियों को कंडरा से गिरफ्तार कर भेजा जेल। सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा जय माता दी होटल के समीप गुप्त सूचना पर पशु लदा एक ट्रक को पुलिस जब्त कर अग्रतर कारवाई में जुट गयी थी। सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हये कहा कि पशु तस्करी मामला में सेन्हा थाना कांड संख्या 77/23 दर्ज कर चालक, उपचालक और सहयोगी को गिरफ्तार किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि छतीसगढ़ राज्य के रायगढ़ से पशु लोड कर चितरी डांडु लाया जा रहा था। इसी दरमियान गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था। जिसपर कारवाई करते हुए ट्रक को जब्त कर घटा सहूवा टोली निवासी केश्वर उराँव के पुत्र लालू उराँव, अधीश टोप्पो के पुत्र अंकित टोप्पो और सोमा उराँव के पुत्र अनिल उराँव को गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि झारखंड गोवंशीय अधिनियम 2005 के आलोक में धारा 12 और पशु क्रूरता अधिनियम 1960 के तहत धारा 11 के अन्तर्गत तीनो गिरफ्तार आरोपी को मेडिकल जांचोपरांत शुक्रवार को न्यायिक हिरासत लोहरदगा जेल भेजा गया।

## बालू उठाव पर प्रतिबंध आज से लागू



बालूमाथ (आजाद सिपाही)। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल नई दिल्ली और पर्यावण, वन और जलवायू परिवर्तन मंत्रालय के निर्देश के आलोक में जिले में कैटेगरि वन और कैटेगरि टू बालू के उठाव पर पूर्णतः रोक लगा दिया गया है। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि झारखंड राज्य के मॉनसून सत्र की अवधी 10 जून से 15 अक्टूबर तक जिले के सभी बालूघाटों पर से बालू का उठाव पूर्णतः प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि नदी घाटों से पारित आदेश के विपरित बालू का उठाव करते पकड़े जाने पर नियम के तहत संबंधित दोषियों पर कारवाई की जायेगी।

## योजनाओं को ससमय पूर्ण कराने को लेकर बैठक

बारियातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को लंबित योजनाओं को पूर्ण करने को लेकर बैठक हुई। बैठक में बीडीओ सह सीओ प्रतिमा ने सभी पंचायत सेवक और रोजगार सेवक सहित अन्य कर्मियों को प्रखंड क्षेत्र में संचालित 660 लंबित योजनाओं को अविलंब पूर्ण कराने का निर्देश दिया। मनरेगा और 14वें वित्त योजनायें, बागवानी हेतु गड्ढा पुर्ण कराने, मनरेगा के तहत काम करने वाले मनरेगा मजदूरों को 95 दिन का डिमांड भरना, 2020-21से लंबित योजना कार्य को पूर्ण करने पर विचार विमर्श किया गया साथ ही पंचायत फंड मे बचे राशि को खर्च करने का निर्देश दिया गया । बैठक में बीपीओ रवि यादव, पीएमआवास कॉर्डिनेटर शशि पूनम कुजूर, रोजगार सेवक अजाद वर्मा, नईम खान, पंकज पांडेय सहित कई प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## नहीं मिल रहा केसीसी लोन, लोग परेशान

बरवाडीह(आजाद सिपाही)। जिला प्रशासन और प्रखंड प्रशासन भले ही किसानों को बेहतर कृषि के लिए केसीसी लोन आसानी से मुहैया कराने का दावा करें पर यह लोन किसानों को भारी मस्कत और भागदौड़ के बाद भी नही मिल पा रहा है। बरवाडीह प्रखंड के खुरा ग्राम के ग्राम प्रधान और पेशे से किसान सूरजमल प्रसाद पिछले 6 महीने से केसीसी के लोन को लेकर प्रखंड कार्यालय से लेकर बैंकों का चक्कर लगातार काट रहे हैं पर उन्हें लोन के बदले सिर्फ आश्वासन बैंक प्रबंधन के द्वारा दिया जा रहा है। लोन के चक्कर अपने अन्य कार्यों को छोड़कर प्रखंड कार्यालय के जनता दरबार और बैंक का चक्कर दर्जनों बार लगा चुके हैं । प्रखंड परिसर में लगने वाले जनता दरबार के दौरान भी सूरजमल प्रसाद के द्वारा केसीसी लोन नहीं मिलने की शिकायत दर्ज करायी गयी थी जिसको लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जनता दरबार के दौरान ही बैंक प्रबंधक सिर्फ फोन पर संपर्क साधा तो प्रबंधन के द्वारा एक बार फिर से आश्वासन देने का काम किया गया।

## लातेहार में भाजपा को मजबूती प्रदान करने जम्मू से पहुंचे राष्ट्रीय संगठन मंत्री

### जुटे बालूमाथ और चंदवा सहित चारों प्रखंडों के भाजपा कार्यकर्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालूमाथ।** भाजपा राष्ट्रीय संगठन मंत्री और जम्मू कश्मीर के डॉ नरेंद्र सिंह रैणा ने पदभार संभालने के बाद संगठन को मजबूत करने में जुट गये हैं। पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार बालूमाथ पहुंचे नरेन्द्र सिंह रैणा, मनोज सिंह (प्रशिक्षण प्रमुख) का लातेहार विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रकाश राम, लातेहार जिलाध्यक्ष हरेकृष्णा सिंह, बालूमाथ भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, बारियातू प्रखंड अध्यक्ष लव कुमार सिंह, हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष मनिष जयसवाल, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता आदि ने बालूमाथ स्थित होटल लोटस मे पार्टी के बालूमाथ, बारियातू, हेरहंज, चंदवा प्रखंडो के संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन सह सम्मान समारोह में स्वागत करते हुए भगवन विरसा मुंडा, डां श्यामा प्रसाद मुखर्जी, तथा पंडित दिनदयाल उपाध्याय की चित्र पर पुष्पांजली, दीप प्रज्वलित और वंदेमातरम गाना के साथ मुख्य अतिथि नरेन्द्र सिंह रैना को पूर्व विधायक प्रकाश राम सहित कई लोगो ने अंगवस्त्र को भेंट कर सम्मानित किया।

बालूमाथ, बारियातु, हेरहंज और चंदवा प्रखंड के सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने रैणा को पहली बार राष्ट्रीय मंत्री बनने पर बधाई देते हुए उम्मीद जतायी कि उनके जैसे सक्रिय नेता के नेतृत्व में लातेहार जिला विधान सभा क्षेत्र मे भाजपा को मजबूती मिलेगी।

## मन का मिलन पखवाड़े के अंतर्गत तीन केसों का निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झालसा रांची के तत्वाधान में तथा प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा राजेंद्र बहादुर पाल के निर्देशन में दिनांक 29 मई से 14 जून तक चलाए जा रहे मन का मिलन पखवाड़ा के अंतर्गत दिनांक 8 एवं 9 जून को कुल 3 केसों का निष्पादन किया गया। दिनांक 8 जून, 2023 को मन का मिलन पखवाड़ा के अंतर्गत एक सिविल वाद का निष्पादन किया गया जिसमें वादी प्रथम पक्ष सालू उरांव और दूसरे पक्ष हकीमुद्दीन अंसारी के बीच मध्यस्थ के माध्यम से आपसी सहमति बनाकर विवाद का निपटारा किया गया। आज 9 जून को भी दो क्रिमिनल केस का निष्पादन किया गया जिसमें सेनहा थाना कांड संख्या 92/22 जो बिजली विवाद को लेकर हुए मारपीट से संबंधित था का निष्पादन रुखसार बीवी और गुलाम अंसारी के बीच आपसी समझौता कर किया गया। जिसके फलस्वरूप सेन्हा थाना कांड संख्या67/2020 का भी न्यायालय स्तर पर सुलह के आधार पर निस्तारित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें अब तक 500 से ज्यादा लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा है। जिसका विस्तृत विवरण प्रतिनियुक्त पीएलवी मन का मिलन पखवाड़े संबंधित रजिस्टर में संकलित करते हैं ।

# बेरमो की खबरें

## कसमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एमएमडीपी किट का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**कसमार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कसमार के सभागार में शुक्रवार को चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हरिपद सोरेन के उपस्थिति में फाइलेरिया से ग्रसित रोगियो के बीच एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ हरिपद सोरेन ने बताया कि फाइलेरिया रोग एक बार किसी व्यक्ति को हो जाता है तो उसे जड़ से समाप्त नही किया जा सकता है इसे जीवनभर झेलना पड़ेगा। इसे नियंत्रण में रखा जा सकता है। फाइलेरिया रोग को नियंत्रण हेतु एमएमडीपी किट जिसमें एक टब, जग, बाल्टी, तौलिया, साबुन, क्रीम एवं दवा का वितरण किया गया। एमटीएस शैलेश ठाकुर द्वारा एक डेमो देकर एमएमडीपी किट का प्रयोग के विषय मे विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में एमपीडब्ल्यू अविनाश रंजन, मुरारी प्रजापति, केअर इंडिया प्रतिनिधि शाहिल कुमार गुप्ता, सहिया सुलेखा देवी आदि उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**करगली (बेरमो)।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के जीएम कॉलोनी स्थित ऑफिसर क्लब में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का जागरूकता और नामांकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता सीसीएल ढोरी के एसओपी प्रतुल कुमार ने की। इसमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ढोरी कोलियरी के शाखा प्रबंधक मुकुल जोसफ सुरीन ने कर्मियों को इस योजना के लाभ के बारे में विस्तृत रूप से बताया। कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा 436 रुपया में एक्सीडेंशियल और नॉर्मल मृत्यु के लिए यह प्लान चला रही है। इसमें किसी तरह से मृत्यु होने पर आपके बाद आपके परिवार को 2 लाख रुपये मिलेंगे। यह प्रत्येक वर्ष रिन्युवल होता रहेगा। इसकी आयु सीमा 18 से 50 वर्ष है। यह सीसीएल कर्मी सहित सारे लोग इसे करा सकते है। साथ ही सभी लोगों को जागरूक करते हुये कहा कि किसी भी तरह के फ्रॉड से बचे। बैंक कभी भी आप लोग से किसी भी तरह का ओटीपी नहीं मांगता है। इस कारण इस तरह का कोई फोन आता है तो उससे बचते हुए ओटीपी ना बतायें। साथ ही पेटीएम, फोन पे, गूगल पे आदि के द्वारा भी जालसाज आजकल फ्रॉड करने लगे हैं। इस कारण इसका संभलकर उपयोग करने की आवश्यकता है। एसबीआई के ग्राहक इन सभी ऐप के स्थान पर अपना योनो ऐप का उपयोग कर सकते हैं। यह सुरक्षित ऐप है।

एसओपी प्रतुल कुमार ने कहा कि आजकल वाहनों की संख्या काफी ज्यादा हो गयी है। इससे रोड एक्सीडेंट में काफी इजाफा हुआ है। इसी को देखते हुये सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद के निर्देशानुसार सभी क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आप अपनी इच्छा अनुसार इस प्लान को ले सकते हैं।

मौके पर कार्मिक प्रबंधक तौकीर आलम, बैंक के सहायक प्रबंधक प्रतीक कुमार, झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के जोनल अध्यक्ष बैजनाथ महतो सहित देवीलाल महतो, एसके मंडल, राजू बुकिया, एके सहा, निशांत साहनी, अमित कुमार, विश्वनाथ घांसी सहित कई लोग मौजूद थे।

## तीन मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार, 11 बाइक बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**जरीडीह बाजार (बेरमो)** । बेरमो अनुमंडल के गांधीनगर, दुग्दा और चंद्रपुरा थाना क्षेत्र में बाइक चोरी पर अंकुश लगाने को लेकर बेरमो पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में तीनों थाना का संयुक्त टीम ने व्यापक अभियान चलाया। बेरमो एसडीपीओ सतीश चंद्र झा ने बताया कि टीम ने 8 जून को वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की एक बाइक के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया। जिसमें देवराज गिरि उर्फ विमल, पिता जवाहर गिरि, साकिन घुनघुसा थाना गोमो, अंकित कुमार, पिता संजय गोस्वामी और मिहिर कुमार पिता दोनों जरीडीह बाजार, थाना गांधीनगर जिला बोकारो के निवासी पकड़े गये। इन तीनों की निशानदेही पर अबतक कुल 11 मोटरसाइकल और 2 मोबाईल बरामद किया गया है। घटना में कुल पांच लोगों की संलिप्तता पायी गयी है। दुग्दा थाना क्षेत्र से दो, चंद्रापुरा से एक, गांधीनगर ओपी से सात और बालीडीह थाना क्षेत्र से एक बाइक बरामद की गयी है। दो मोबाइल भी जब्त किया गया है। इस छापेमारी अभियान में दुग्दा थाना प्रभारी कन्हैया राम, पुअनि विकास तिवारी, अमन कुमार, गांधी नगर थाना प्रभारी अनूप सिंह के अलावा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## किसानों के बीच जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**सिसई।** उतम कृषि केंर्द सिसई द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के खेतिहर किसानों को उन्नत खेती के लिए जागरूक किया जा रहा है। कृषि केन्द्र के प्रोपराइटर आशीष कुमार और अंकित कुमार ने प्रखंड क्षेत्र के पबेया गांव में किसान जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर खरीफ फसल पर उन्नत खेती के बारे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उन्नत बीज से अधिक उपज प्राप्त करने के लिए उर्वरक प्रबंधन करना जरूरी है। इफको नैनो यूरिया व नैनो डीएपी के प्रयोग से आप फसल के अच्छा पैदवार कर सकते हैं? फसल की वृद्धि के साथ फसल को स्वस्थ और रोग मुक्त रख अधिक उपज प्राप्त किया जा सकता हैं कइस दौरान उर्वरकों के प्रयोग, कब, कैसे, कितनी मात्रा में और फसल के किन-किन अवस्थाओं में करना है पर भी चर्चा किया गया। आशिष कुमार ने कहा अधिक उपज के लिए किसान धान के साथ अन्य फसलों में सही मात्रा में रसायनिक उर्वरक का उपयोग कर सकते हैं। जिससे जल, मिट्टी और पर्यावरण में होने वाले दुष्परिणामों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में किसानों ने भी नैनो यूरिया का इस्तेमाल करने की अपने अपने अनुभव साझा किया।मौके पर गांव के कई किसानों को उत्तम कृषि केंद्र की ओर से सम्मानित भी किया गया।

# डायन बिसाही के शक में दंपती की हत्या मामले में 11 लोग दोषी करार

**दंपति की पत्थर से कुच कर हत्या करने के बाद पेड़ से रस्सी पर लटकाया गया था शव**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** डायन बिसाही के शक में अरको महुआ टोली पूसो निवासी वृद्ध दंपति विगनी देवी व सहदेव उरांव की हत्या के 11 आरोपियों को एडीजे वन दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने दोषी करार दिया है। इस मामले में अरको महुआ टोली पूसो निवासी फूलचंद उरांव, महेश उरांव, सुरेश उरांव, सुखराम उरांव, सुमित उराव, परमेश्वर उराव, फुलमनी देवी, सीता देवी, रामचंद्र महतो व लाला उरांव को दोषी पाया गया इस संबंध में अरको महुआ टोली निवासी बालेश्वर उरांव ने अपने वृद्ध माता-पिता की हत्या के आरोप में कुल सात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी इसके बाद अनुसंधान के क्रम में आने 4 अन्य लोगों का नाम सामने आया आरोपियों ने दोनों वृद्ध दंपति पर डायन बिसाही का आरोप लगाकर पत्थर से कुच कर हत्या कर दिया था वही शहदेव उरांव की हत्या के बाद गांव के स्कूल से कुछ दूरी पर एक पेड़ से रस्सी के सहारे उसका शव लटका दिया था वही इस केस में 11 आरोपी दोषी करार पाये गये हैं। उन्हें 12 जून को कोर्ट द्वारा सजा सुनाई जायेगी।

## सड़क सुरक्षा टीम ने चलाया सुरक्षा जागरूकता अभियान



आजाद सिपाही संवाददता

**रायडीह/गुमला।** जिला परिवहन पदाधिकारी के निर्देशानुसार दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र, मेगा स्किल ट्रेनिंग सेंटर मरदा रायडीह गुमला में सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। लोगों को प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी गयी। इस दौरान कौशल केंद्र की छात्राओं के वाद वाद-विवाद का आयोजन हुआ। अपने उदगार में कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्लेमाल जरूर करना चाहिए। इससे लोगों की जान-माल की सुरक्षा होगी। बताया गया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना कितना खतरनाक हो सकता है। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए सभी कौशल केंद्र की छात्राओं और शिक्षिकाओं के के साथ शपथ ली। पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से 2018, 2019, 2020, 2021 औरं 2022 में हुई सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा प्रस्तुत किया गया। जानकारी दी गयी कि सड़क दुर्घटना में ज्यादातर मृत्यु और दुर्घटना बाइक से हुई है। ये दुर्घटनाएं तेज रफ्तार के कारण हुई हैं। सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करने तथा करवाने पर जोर दिया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक मंटू रवानी, सड़क अभियांत्रिकी विश्लेषक प्रणय कांसी एवं नेहरू युवा केंद्र के अशोक कुमार शिक्षकगण और अन्य सदस्य शामिल थे।

## सड़क हादसे में गयी एक युवक की जान

**सिसई।** एन एच-43 ड़ाडहा गांव के समीप राधिका ढाबा के सामने सड़क निर्माण में लगी आरकेडी कंट्रक्शन कंपनी के डोजर वाहन व बाइक में भिड़ंत होने से बाईक चालक पालकोट रोड़ गुमला निवासी गिरवर सिंह का पुत्र शिवम सिंह (23) की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गयी। घटना शुक्रवार दोपहर तीन बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवम अपने हीरो ग्लैमर बाईक जेएच 07 डी 6678 से रांची से गुमला की ओर जा रहा था, इसी दौरान आरकेडी कंट्रक्शन कंपनी के डी 33 एक्स 9565 डोजर वाहन के चालक द्वारा तेज रफ्तार से वाहन को बैक कर सड़क की ओर ले जाने के क्रम में डोजर की चपेट में आने से शिवम का गला आधा कट गया। जिससे घटनास्थल पर ही शिवम की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल व थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी घटनास्थल पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर भेज दिया गया है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि शिवम के सिर से निकलकर हेलमेट दुर फेंका गया वहीं बाईक भी पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस द्वारा डोजर वाहन व बाईक को थाना ले जाया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क निर्माण कार्य में लगे आरकेडी कंट्रक्शन कंपनी के वाहनों की तेज रफ्तार व लापरवाही पुर्ण रैस ड्राईविंग की चपेट में आने से क्षेत्र में अक्सर सड़क हादसे होने को लेकर कंपनी के खिलाफ लोगों में खासा नाराजगी देखा जा रहा है।

# कांग्रेसियों ने धरती आबा को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष चैतु उरांव की अगुवाई में भगवान बिरसा मुंडा शहादत दिवस बिरसा मुंडा एग्रो पार्क गुमला में भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा में श्रद्धा सुमन फूल अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि गर्यी मनायी मौके पर चैतु उरांव ने कहा कि भारतीय इतिहास में बिरसा मुंडा एक ऐसे नायक थे जिन्होंने भारत के झारखंड में अपने क्रांतिकारी चिंतन से उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में आदिवासी समाज की दशा और दिशा बदलकर नवीन सामाजिक और राजनीतिक युग का सूत्रपात किया। काले कानूनों को चुनौती देकर बर्बर ब्रिटिश साम्राज्य को सांसत में डाल दिया। 15 नवंबर को झारखंड के आदिवासी दम्पति सुगना और करमी के घर जन्मे बिरसा मुंडा ने साहस की स्याही से पुरुषार्थ थे। बिरसा मुंडा ने महसूस किया कि आचरण के धरातल पर आदिवासी समाज अंधविश्वासों की आंधियों में तिनके-सा उड़ रहा है तथा आस्था के मामले में भटका हुआ है। उन्होंने यह भी अनुभव किया कि सामाजिक कुरीतियों के कोहरे ने आदिवासी समाज को ज्ञान के प्रकाश से वंचित कर दिया है। भारतीय जमींदारों और जागीरदारों तथा ब्रिटिश शासकों के शोषण की भट्टी में आदिवासी समाज झुलस रहा था। बिरसा मुंडा ने आदिवासियों को शोषण की नाटकीय यातना से मुक्ति दिलाने के लिए उन्हें तीन स्तरों पर संगठित करना आवश्यक समझा। पहला तो सामाजिक स्तर पर ताकि आदिवासी-समाज अंधविश्वासों और ढकोसलों के चंगुल से छूट कर पाखंड के पिंजरे से बाहर आ सके। इसके लिए उन्होंने ने आदिवासियों को स्वच्छता का संस्कार सिखाया। शिक्षा का महत्व समझाया। सहयोग और सरकार का रास्ता दिखाया। सामाजिक स्तर पर आदिवासियों के इस जागरण से जमींदार-जागीरदार और तत्कालीन ब्रिटिश शासन तो बौखलाया ही, पाखंडी झाड़-फूंक करने वालों की दुकानदारी भी ठप हो गई। यह सब बिरसा मुंडा के खिलाफ हो गए। उन्होंने बिरसा को साजिश रचकर फंसाने की काली करतूतें प्रारंभ की। यह तो था सामाजिक स्तर पर बिरसा का प्रभाव। आर्थिक स्तर पर सुधार ताकि आदिवासी समाज को जमींदारों और जागीरदारों क आर्थिक शोषण से मुक्त किया जा सके। बिरसा मुंडा ने जब सामाजिक स्तर पर आदिवासी समाज में चेतना पैदा कर दी तो आर्थिक स्तर पर सारे आदिवासी शोषण के विरुद्ध स्वयं ही संगठित होने लगे। बिरसा मुंडा ने उनके नेतृत्व की कमान संभाली। आदिवासियों ने 'बेगारी प्रथा' के विरुद्ध जबर्दस्त आंदोलन किया। परिणामस्वरूप जमींदारों और जागीरदारों के घरों तथा खेतों और वन की भूमि पर कार्य रूक गया। राजनीतिक स्तर पर आदिवासियों को संगठित करना। चूंकि उन्होंने सामाजिक और आर्थिक स्तर पर आदिवासियों में चेतना की चिंगारी सुलगा दी थी, अतः राजनीतिक स्तर पर इसे आग बनने में देर नहीं लगी। आदिवासी अपने राजनीतिक अधिकारों के प्रति सजग हुए।

### बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**गुमला। जिला प्रशासन गुमला के द्वारा बिरसा मुण्डा एग्रो पार्क गुमला में भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव, उप विकास आयुक्त हेमंत सती, अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता, सदर अनुमण्डल पदाधिकारी रवि जैन, सहायक समाहर्ता आशीष गंगवार, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय सिंह बिरूवा, जिला नजारत उप समाहर्त्ता सिद्धार्थ शंकर चौधरी, सहित शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया। इस अवसर पर उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा झारखण्ड सहित पूरे देश के लिए महान प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होंने महाजनी प्रथा के विरूद्ध जबरदस्त उलगुलान किया और झारखण्ड वासियों में गुलामी के विरूद्ध राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत किया। झारखंड राज्य का निर्माण भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन 15 नवम्बर को ही हुआ। आज उनके 123वीं पुण्य तिथि के अवसर पर हम सभी को उनके द्वारा दिखाए गए राष्ट्रीयता, एकता, सद्भावना एवं सत्यनिष्ठा के पथ का अनुकरण करना चाहिए। बिरसा मुण्डा के संकल्प को पूरा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उपायुक्त ने बिरसा मुंडा के नेतृत्व क्षमता का उल्लेख करते हुए आज के परिवेश बनाएं रखते हुए उनके आदर्श और संकल्प को आत्मसात करने की अपील की।**

## पुलिस ने 10 पशु तस्करों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले में प्रतिदिन पशुओं की तस्करी होती है लेकिन कभी-कभार पशुओं को जप्त व खदेड़ कर ले जाने मजदूरों को जेल भेज दिया जाता है। बताया जाता है कि नजराना नहीं देने के कारण इस बार 200 पशुओं को कुरूमगढ थाना द्वारा पकड़ा गया। वही गुरुवार की रात्रि भी लगभग 70 गोवंश पशुओं को उसी रास्ते से तस्करी कर ले जाया गया। इसकी जानकारी कुरूमगढ़ थाना को भी थी। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक गौ तस्कर ने बताया कुरूमगढ़ सहित कई थानों को प्रतिमाह पैसा दिया जाता है जिसके बाद आसानी से गोवंश पशुओं को कुरुमगढ़ के रास्ते पार कर टोटो ले जाया जाता है। वही गिरफ्तार तस्करों में मोटरसाइकिल चालक कतरी गुमला निवासी 22 वर्षीय कैश खान पिता स्वर्गीय खादिम खान के अलावा गोविंदपुर जारी थाना निवासी 24 वर्षीय मनीष तिर्की पिता राजेश तिर्की, तिगरा जारी थाना निवासी 29 वर्षीय रहमत अली पिता रहीस अली, गोविंदपुर जारी थाना निवासी 20 वर्षीय नीरज मिंज पिता माइकल मिंज, कतरी गुमला थाना निवासी 24 वर्षीय इनाम खान पिता कुदुस खान, गोविंदपुर जारी थाना निवासी 32 वर्षीय महफूज अंसारी पिता स्वर्गीय रहमत अंसारी, तिगरा जारी थाना निवासी 32 वर्षीय फिरोज खान पिता स्वर्गीय सिराजुद्दीन मियां, गोविंदपुर जारी थाना निवासी 19 वर्षीय सिगल नगेसिया पिता स्वर्गीय रैनु नागेशिया, तिगरा जारी थाना निवासी 45 वर्षीय जगदीश बड़ाईक पिता किशुन बड़ाईक और गोविंदपुर जारी थाना निवासी 48 वर्षीय सुशील एक्का पिता स्वर्गीय बलासियुस एक्का शामिल है।

## प्रखंड अध्यक्ष ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

**भारी मात्रा में अवैध बालू खनन से क्षेत्र की जनता, किसानों व मवेशियों को उपयोग के लिए पानी की भारी किल्लत होने लगी है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न घाटों से लगातार हो रही अवैध बालू खनन और परिचालन पर रोक लगाने को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी द्वारा अपने सहयोगियों के साथ सीओ को आवेदन सौंपा है। आवेदन के माध्यम से कहा है कि प्रखंड क्षेत्र के ओल्मुंडा, संबल, बाकुटोली, नागफेनी, मकुन्दा, सिसई पारस नदी, जलका, लरंगो, पुसो, मुर्गू, कुलंकेरी, लकेया, चैली टोली, व सिसई बांस टोली से प्रतिदिन लगभग 200 हाईवा गाड़ी बालू शाम पांच बजे से लेकर रात के तीन बजे तक अवैध बालू का कारोबार किया जा रहा है। यह बालू रांची में ऊंचे कीमत पर बेची जा रही है। स्थानीय व बालू माफियाओं की मिलीभगत से यह कारोबार फल-फूल रहा है। उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र व बालू माफियाओं की संलिप्तता होने के कारण क्षेत्र हमेशा अशांत बना रहता है। किसी भी समय बड़ी घटना होने की पुर्ण संभावना बनी रहती है। उन्होंने इस अवैध बालू कारोबार पर अभिलंब रोक लगाने की दिशा में कदम उठाने का आग्रह किया है। उक्त आवेदन की प्रतिलिपि ग्रामीण विकास मंत्री रामेश्वर उरांव, उपायुक्त और खनन पदाधिकारी गुमला को समर्पित किया है। इस दौरान बैबुल अंसारी ने कहा कि अवैध बालू के धड़ल्ले से हो रहे अवैध उत्खनन और बिक्री से क्षेत्र की नदियों में पानी सुख चुका है। भुमिगत जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है। नदियों में बालू के जगह पर घास और झाड़ियां उग गयी हैं। एक ओर जहां आम लोगों को अपने जरुरत के लिए बालू नहीं मिलता, सरकारी योजनाओं में बालू उपलब्ध नहीं होने से क्षेत्र का विकास रुका हुआ है। भारी मात्रा में अवैध बालू खनन से क्षेत्र की जनता, किसानों व मवेशियों को उपयोग के लिए पानी की भारी किल्लत होने लगी है। क्षेत्र में बालू का अवैध कारोबार पर रोक नहीं लगायी गयी तो आने वाले समय में नदियों से घिरा यह प्रखंड और यहां की जनता को पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ेगा। अवैध बालू कारोबार को बंद करने और प्रखंड क्षेत्र का भविष्य बचाने के लिए प्रशासनिक सहयोग और जन आंदोलन की आवश्यकता है।

## योजना बनी स्टेडियम से मुख्य मार्ग तक नाली निर्माण की, काम हो रहा कहीं और

आजाद सिपाही संवाददाता



**रायडीह/गुमला।** रायडीह प्रखंड अंतर्गत नवागढ़ पंचायत के वार्ड नंबर 7, ग्राम-नवागढ़ पतराटोली बाजार टांड में ग्राम सभा ने स्टेडियम से मुख्य मार्ग तक नाली निर्माण का प्रस्ताव पारित किया था। इसके लिए पंचायत समिति रायडीह की ओर से फंड भी स्वीकृत हुआ। लेकिन उस समय लोग भौंचक रह गये, जब नाली का निर्माण कार्य नियम के विरुद्ध प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय रायडीह के पीछे और बाजार टांड़ के बीच से आनंद साहू के घर से होने लगा। इसमें महत्वपूर्ण बात यह है कि निर्माण कार्य बाजार टांड़ सीमाना से प्रारंभ ना होकर बीच में आनंद साहू के घर से शुरू किया गया है। मोहल्ला वासियों द्वारा विरोध के बावजूद ये लोग अपने स्वार्थ के लिए मनमानी कर रहे हैं। रविवार को इसको लेकर इतना विरोध हुआ कि मारपीट की नौबत आ गयी। बता दें कि स्टेडियम में समारोह और कार्यक्रम का आयोजन बराबर होता रहता है। नाली के अभाव में इस रास्ते में गंदा पानी का जमाव हो गया है। बदबू से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। इसके बावजूद कुछ दबंग लोग यहां के लिए स्वीकृत योजना की अनदेखी कर दूसरी ओर नाली निर्माण कर रहे हैं। इस योजना के क्रियान्वयक सहायक अभियंता सुजीत कुमार हैं। मोहल्ला वासियों ने गुमला के उपायुक्त से आग्रह किया है कि उपरोक्त नाली का निर्माण ग्राम सभा द्वारा पारित स्टेडियम से मुख्य मार्ग में ही कराया जाये। मुहल्ला के लोगों ने डीसी से मांग की है कि इसकी जांच करायी जाये कि आखिर ऐसा किसकी सह पर हो रहा है। इस संबंध में प्रमुख ममता सोरेंग ने कहा कि ग्राम सभा द्वारा जिस स्थल के लिए योजना स्वीकृत हुई है, वहीं बननी चाहिए। उन्होंने कहा, मैंने बीडीओ को इस संबंध में निर्देश दिया है। जिला परिषद रायडीह की सदस्य रश्मि मिंज ने कहा कि ग्राम सभा द्वारा पारित योजना की अवहेलना गलत है। मनमानी नहीं चलेगी। इस कार्य पर तत्काल रोक लगनी चाहिए।

## निरीक्षक और एक अनुसेवक के भरोसे चल रहा है जिले का माप तौल विभाग

**गुमला।** माप तौल विभाग गुमला निरीक्षक पांच जिलों यथा गुमला, सिमडेगा समेत अन्य तीन जिलों के प्रभार में कार्य कर रहे हैं। सप्ताह में वे एक दिन मगंलवार को ड्यूटी में आते है। लेकिन इसमे में कभी कभी नदारद रहते है। विभाग का अनुसेवक राजू बाड़ा सभी दस्तावेज व कार्यो से संबंधित फाइल को रांची लेकर जाता है। जहां साहब कार्य का निष्पादन करते है। फिर अनुसेवक वापस लौटता है। जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। जिस कारण लोगों का समय से काम नहीं हो पाता है और महीनों तक लोग कार्यालय का चक्कर काटते रहते हैं। इस विभाग में निरीक्षक और अनुसेवक ही कार्यरत है। अनुसेवक के रांची जाने पर कार्यालय में ताला लगा रहता है। लोगों को किसी काम को कराने के नाम पर नजराना देना पड़ता है। ताकि उसके काम को भी अनुसेवक रांची ले जाकर काम करवा सके।

## प्रिंसिपल की कार के धक्के से मरने वालों की संख्या हुई पांच

कामडारा। बुधवार को कामडारा बैंक ऑफ इंडिया के समीप हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 4 लोगों की मौत पहले हो चुकी थी। अब मरने वाले की संख्या बढ़कर 5 हो गयी है। पांचवी मृतका के रुप में 40 वर्षीय एलीना केरकेट्टा पति निरल केरकेट्टा का नाम जुड़ गया है। एलीना की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी।

## फांसी लगा कर आत्महत्या की

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बड़काडीह गांव निवासी 65 वर्षीय बिरी उरांव ने अपने घर छप्पर के काठ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार मृतक के परिजनों ने बताया कि बिरी अत्याधिक शराब का सेवन करता था और वह मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहा था। गुरुवार की रात्रि बिरी खाना खाकर सोया जिसके बाद सुबह दरवाजा खुलवाने पर नहीं खोला इसके बाद दरवाजा को तोड़कर देखा गया तो घर के अंदर छप्पर के काठ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया है। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी।

### शहादत : जिला कांग्रेस कमेटी ने भगवान बिरसा मुंडा का शहादत दिवस मनाया

# शहादत आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा के समान : भूषण बाड़ा

**उन्होंने 25 वर्ष की अल्पायु में देश के लिए अपने जीवन की कुबार्नी दे दी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी ने भगवान बिरसा मुंडा का शहादत दिवस मनाया। इस अवसर पर विधायक भूषण बाड़ा सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं व कार्यकताओं ने नगर भवन स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिरसा की शहादत आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा के समान है। उन्होंने 25 वर्ष की अल्पायु में देश के लिए अपने जीवन की कुबार्नी दे दी। उन्होंने कुशल नेतृत्व क्षमता और दृढ़ इच्छाशक्ति की बदौलत उस समय के ताकतवर सामंतों और अग्रेजों के विरुद्ध उलगुलान किया। उन्होंने कहा कि आज फिर एक उलगुलान की जरूरत है, जिससे झारखंड की खनिज संपदा की लूट पर रोक लग सके। मौके पर जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, जिप सदस्य शांति बाला केरकेट्टा, जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो आदि ने भी सम्बोधित किया। साथ ही बिरसा मुंडा के शहादत से प्रेरणा लेने की अपील की। मौके पर सिमडेगा विधायक के जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, कोलेबिरा विधायक के जिला विधायक प्रतिनिधि मो समी आलम, पुष्पा कुल्लू, प्रदीप केसरी, मो अरमान,जमीर हसन, जमीर खान आदि उपस्थित थे।

### बिरसा के बलिदान से सीख लें : जोसिमा खाखा

**जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि बिरसा मुंडा के बलिदान से सीख लेनी चाहिए। स्वयं के स्वार्थ को परे रखते हुए समाज के हित में काम करना चाहिए। कहा कि अमर शहीद भगवान बिरसा मुंडा विपरीत माहौल में भी अत्याचार के आगे कभी नहीं झुके। झारखंड की हेमंत सरकार भगवान बिरसा मुंडा के पद चिन्हों पर चलकर सारे जुल्मों को खत्म करेगी।**

## भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**घाघरा।** बिरसा मुंडा के शहादत दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर प्रखंड प्रशासन के अलावे कई जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण व दीपार्जन कर शहादत दिवस को याद किया। इस मौके पर सीओ प्रणव ऋतुराज ने कहा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। जिस तरह से उन्होंने अपने 25 वर्ष की उम्र में अंग्रेजों से लड़ते हुए देश व समाज के लिए शहीद हो गये उन्होंने अंग्रेजो के खिलाफ लोगों को एकजुट किया और अपने हक व अधिकार के लिए अंग्रेजों के खिलाफ खड़े हो गए और अंग्रेजों के दांत खट्टे किये। जिस उम्र में युवा अपने युवावस्था की मौज मस्ती में बिताते हैं उस समय को भगवान बिरसा मुंडा ने देश को समाज के लिए समर्पित किया।

### आदिम जनजाति के लोगों से अपने बच्चों को शिक्षा देकर समाज को शिक्षित बनाने की अपील की

# आदिम जनजाति का विकास किये बिना राज्य का विकास नहीं होगा : राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पलामू जिले के रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत भवन में सुरंगाही टोला के ग्रामीणों के साथ संवाद किया। कहा कि जब तक आदिम जनजाति का विकास नहीं होगा, राज्य का विकास नहीं होगा। केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से आप सबके के उत्थान के लिए कई योजनाएं चलाई जा र ही है। आप सभी को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल आने से पूर्व स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव के साथ समीक्षा की थी। विद्यालय में शिक्षकों एवं अस्पताल में चिकित्सों की कमी व अनुपस्थिति पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के सभी विद्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति के साथ अस्पताल में चिकित्सों व चिकित्साकर्मियों की भी बायोमेट्रिक प्रणाली से उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि कार्य न करने पर वेतन नहीं मिले। उन्होंने कहा कि यहां प्राथमिक अस्पताल के निर्माण के लिए प्रयास किया जायेगा। राज्यपाल ने स्वयं सेवा सहायता समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने शिक्षकों के संदर्भ में भी ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि राज्य में शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। अब यहां शिक्षकों की समस्या नहीं होगी। जल की समस्या के संदर्भ में ध्यान आकृष्ट कराने पर राज्यपाल ने कहा कि उनकी ओर से आज ही सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ चेकडैम के निर्माण व वर्षा जल संचयन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। राज्यपाल ने पलामू में लिफ्ट एरिगेशन के तहत कार्य करने की बात कही। साथ ही सभी को जागरूक रहने और नशापान से दूर रहने की अपील की। उन्होंने सभी से अपने बच्चों को शिक्षित करने का आग्राह किया। कहा कि यहां किसी प्रकार की अवैधानिक कार्य नहीं होने दिया जायेगा। आप सभी को आपका यथोचित हक प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि मन में विश्वास हो तो सफलता प्राप्त होगी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज भारत ब्रिटेन को पीछे करते हुए विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। समग्र विकास लोगों के लिए आवश्यक है। माताओं-बहनों को मुख्त में गैस कनेक्शन दिया जा रहा है। उक्त अवसर पर राज्यपाल द्वारा आदिम जनजाति पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना की स्वीकृति पत्र लाभुकों को प्रदान किया। साथ ही बिरसा आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना, सावित्रीबाई फुले योजना एवं अन्य योजनाओं का लाभ लाभुकों को दिया गया। मनरेगा के तहत नए लाभुकों को जॉब कार्ड प्रदान किए गए। वहीं लाभुकों के मध्य विभिन्न योजनान्तर्गत परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। राज्यपाल ने नावाडीह पंचायत भवन परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। दूसरी ओर, पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने सभी का स्वागत करते हुए नावाडीह पंचायत के सुरंगाही टोला एवं रामगढ़ प्रखंड की आदिम जनजातियों की बसावट के बारे में ब्योरा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डीडीसी रवि आनंद ने किया। इस मौके पर पलामू जोन के आइजी राजकुमार लकड़ा, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, सहायक समाहर्ता श्रीकांत विस्पुते, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सदर एसडीओ राजेश कुमार साह, रामगढ़ के बीडीओ पार्थ नंदन, नजारत उपसमाहर्ता शैलेश कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी और मुखिया दयानंद प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य पिंकी सुरीन, उप मुखिया ललन यादव, वार्ड सदस्य कौशल्या देवी, संजय सोरेन, लालधनी तुरी आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।


स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को चेक प्रदान करते राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन।

### राज्यपाल ने किया खेल सामग्री का वितरण

नावाडीह पंचायत भवन में सुरंगाही टोला के ग्रामीणों के साथ संवाद के दौरान राज्यपाल के समक्ष स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा खेल सामग्री की मांग की गई थी। राज्यपाल ने उन्हें इसे उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था। इसी के आलोक में पलामू जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए खेल सामग्री की व्यवस्था कराई गयी। राज्यपाल ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों को प्रखंड क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए स्थानीय परिसदन में खेल सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर डीसी आंजनेयुलू दोड्डे, पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा आदि थे।

## शहादत दिवस पर याद किये गये धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा



आजाद सिपाही संवाददाता

**सतबरवा /पलामू।** सतबरवा प्रखंड के अधमनिया गांव में शुक्रवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का शहादत दिवस सतबरवा जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी के नेतृत्व में मनाया गया। इस दौरान जिप सदस्य सुधा कुमारी, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, पाकी विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह, चेरो सामाजिक कार्यकर्ता, आशीष सिन्हा समेत कई लोगों ने बिरसा मुंडा की तस्वीर पर पुष्प चढ़ाया, और उनकी शहादत को नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि बिरसा मुंडा एक क्रांतिकारी थे, जिन्होंने अपनी आदिवासी समाज को अधिकार दिलाने के लिए अपनी जान तक न्योछावर कर दिए। इसीलिए मुंडा समाज में धरती आबा कहे जाते हैं और उनकी पूजा की जाती हैं। बताते चलें कि बिरसा मुंडा का जन्म खूंटी जिले के उलाहातू गांव के एक गरीब परिवार में हुआ था। अपने आदिवासी समाज के अधिकार एवं जल-जंगल-जमीन की लड़ाई में अंग्रेजों को छक्के छुड़ा दिए थे। जब उन्हें यह समझ आया कि अंग्रेज आदिवासियों की जल-जंगल-जमीन पर कब्जा करना चाह रहे हैं और हमें अधिकारों से वंचित होना पड़ रहा है। तब उन्होंने अपने मुंडा साथियों को एकजुट कर अंग्रेजों के विरुद्ध जंग छेड़ दी। इसके बाद 9 जून 1900 ई को वे वीरगति को प्राप्त हुए। इस मौके पर अजय उरांव, अशोक यादव, विजय पाठक, संदीप प्रसाद व चंचल यादव आदि उपस्थित थे।

### ट्रैक्टर के धक्के से वृद्ध महिला घायल, हालत गंभीर

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला-छतरपुर मुख्य सड़क के चौवा चट्टान गांव के समीप ट्रैक्टर के धक्के से कलावती देवी नामक एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। 60 वर्षीय कलावदी चउआ चट्टान गांव की रहने वाली है। इलाज के लिए हुसैनाबाद अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### विश्रामपुर में भाजपा ने चलाया जनसंपर्क, गिनायी मोदी सरकार की उपलब्धियां



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** भाजपा के विश्रामपुर मंडल की ओर से शुक्रवार को नगर परिषद के वार्ड नंबर नौ में महाजनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। बताते चलें कि मोदी सरकार के नौ साल पूरा होने पर भाजपा महाजनसंपर्क अभियान चला रही है। नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की सभी योजना गरीबों के कल्याण के लिए हैं। प्रधानमंत्री मोदी का नौ वर्ष का कार्यकाल सेवा, सुशासन, विश्वाश और विकास के नाम समर्पित रहा। इस मौके पर भाजपा नेता शिवबंश मिश्रा, मनीष कुमार, संतोष राम, संजय ठाकुर, रामप्रवेश मौर्या, बेबी देवी, रजनीश चंद्रवंशी, सुरेंद्र भारती, श्याम सुंदर विश्वकर्मा, कृष्ण गुप्ता, विकाश चंद्रवंशी, पवन शुक्ला, राजीव कुमार, सुरेश चंद्रवंशी और विदेशी राम आदि शामिल थे।

### एएसआइ को मातृशोक, लोगों ने जतायी संवेदना

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद के उरसुला गांव निवासी इंद्रजीत पासवान की मां सहोदरी देवी (85) का शुक्रवार को निधन हो गया। इंदरजीत पासवान झारखंड पुलिस में एएसआई के पद पर कार्यरत हैं। वर्तमान में लातेहार मुख्यालय में पदस्थापित हैं। स्व सहोदारी देवी का दाह संस्कार खुंटिसोत नदी तट पर किया गया। मुखाग्नि बड़े बेटे इंदरजीत पासवान ने दी। दाह संस्कार में निवर्तमान वार्ड पार्षद अजय कुमार रवि, जेई विभूति भूषण, राजरूप पासवान, सुरेश यादव, विनोद राम, अशोक पासवान, विष्णु राम, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता आदि शामिल हुए। इधर, इनके निधन पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, भाजपा नेता जवाहर पासवान, परशुराम ओझा, सतेंद्र नाथ उर्फ ललन चौबे, बबन राम, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय आदि ने शोक प्रकट किया।

## केंद्रीय राज्यमंत्री जॉन बारला की 11 जून को पलामू में जनसभा को लेकर मेदिनीनगर भाजपा मंडल की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद के आवास पर शुक्रवार को मेदिनीनगर शहर के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अविनाश सिन्हा उर्फ छोटू ने की। इसमें 11 जून को केंद्रीय राज्यमंत्री जॉन बारला के शिवाजी मैदान में होने वाली जनसभा को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सांसद ने कहा कि मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल है। केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए केंद्रीय मंत्री का प्रवास हो रहा है। उस दिन केंद्रीय राज्य मंत्री मेदिनीनगर के विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। आयोजित कार्यक्रमों को सफल बनाने में नगर मंडल के कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम होगी। स्वागत, कार्यक्रम स्थल मंच एवं भोजन-पानी की व्यवस्था की जवाबदेही प्रमुख कार्यकर्ताओं की होगी। वहीं, वरिष्ठ नेता शयामनारायण दूबे ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है। उनके बल पर ही कार्यक्रम सफल होते हैं। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने की जिम्मेवारी भी हर एक कार्यकर्ता की है। जबकि महा जनसंपर्क अभियान के संयोजक विभाकर पांडे ने कहा कि 30 मई से चलाया जा रहा यह अभियान सफल हो रहा हैं और कार्यकर्ताओं की मेहनत से आगामी सभी कार्यक्रम भी अच्छे ढंग से पूर्ण होंगे। सहसंयोजक अविनाश वर्मा ने सभी कार्यकर्ता को अपने-अपने सहयोगी समर्थकों के साथ कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की। बैठक में प्रफुल्ल सिंह, विजय ओझा, सुनील पासवान, शिव कुमार मिश्रा, सोमेश सिंह, नंदलाल गुप्ता, प्रदीप सिंह, राहुल अग्रवाल, गुड्डू बर्मन, शिव शंकर मिश्रा, कोमल कुमार, अंकु, अनिल सोनी, विकास कुमार सिंह, अंकित कुमार सिंह, सुधीर पांडे, निवेदन अग्रवाल, कुणाल राणा, नंद कुमार, विकास कुमार, पंकज शर्मा, सरवन गुप्ता, मनोहर कुमार लाली, सूर्यकांत पासवान, अमन प्रताप सिंह, रंजीत चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने गांव की महिला व उसकी बेटियों पर लगाया झूठा मुकदमा कर भयादोहन का आरोप

**देवरी ओपी क्षेत्र के बनकट गांव के लोगों ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को लिखी चिट्ठी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना अंतर्गत देवरी ओपी क्षेत्र के बनकट गांव के ग्रामीणों ने पुलिस महानिदेशक, पलामू आरक्षी अधीक्षक, एसडीपीओ, थाना प्रभारी हुसैनाबाद व देवरी ओपी प्रभारी के नाम आवेदन देकर बनकट गांव निवासी स्व रामचंद्र मेहता की पत्नी पनबासिया देवी व उनकी दो बेटियों पर लगातार किसी न किसी ग्रामीण के खिलाफ झूठा व मनगढ़ंत मुकदमा कर उनसे आर्थिक दोहन करने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को गांव के दर्जनों ग्रामीण मुखिया ममता देवी के नेतृत्व में देवरी ओपी प्रभारी को अन्य वरीय पदाधिकारी के नाम आवेदन देकर पुलिस अधिकारियों को बताया है कि अबतक गांव के पांच लोगों पर अलग-अलग फर्जी मुकदमा किया गया है। ग्रामीणों ने सभी की जांच कर मुकदमों को निष्पादित करने व गलत मुकदमा कर परेशान करने वाली महिला व लड़कियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालों में दीपक कुमार, प्रदीप कुमार, अर्जुन मेहता, सुदेश्वर मेहता, अनिल कुमार मेहता, रमेश कुमार, भगत कुमार, शिवपूजन मेहता और विनोद मेहता आदि शामिल है।


देवरी ओपी प्रभारी को आवेदन देते पंचायत की मुखिया व ग्रामीण।

## रब्दी में मुखिया ने दुरुस्त कराये चार चापाकल, शेष चापाकलों को ठीक कराने का काम जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के सलैया पंचायत अंतर्गत दर्जनों चापाकल की मरम्मती का कार्य मुखिया कमला देवी की पहल पर शुरू कर दी गई है। इसकी जानकारी मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी सनोज गुप्ता ने शुक्रवार को दी। कहा कि रब्दी प्राथमिक विद्यालय के पास दो चापाकल, बालकिशुन यादव के घर के पास एक और भुइंया टोली में एक चापाकल की मरम्मती करा दी गयी है। बाकि खराब चापाकलों को ठीक कराने का कार्य जारी है। तीन से चार दिनों में सभी खराब चापानल को ठीक कर दिया जाएगा।





**1स्पोर्ट्स**

चीन के हांग्जो में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक आयोजित होने वाले एशियन गेम्स में हिस्सा लेने के लिए भारतीय पहलवानों ने भारतीय खेल मंत्री से अभ्यास के लिए डेढ़ महीने का समय मांगा है।

### खेल मंत्री से अभ्यास के लिए मांगा डेढ़ महीना, 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन के हांग्जो में होगा गेम्स

# बृजभूषण विवाद के बीच पहलवानों का बड़ा फैसला, चीन में एशियन गेम्स में लेंगे हिस्सा

एजेंसी

**पानीपत।** भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ मोर्चा खोले देश के शीर्ष पहलवान पिछले काफी समय से खेल से दूर हैं। अब खिलाड़ी फिर से मैट पर लौटने का मन बना रहे हैं। तीन माह बाद होने वाली एशियन गेम्स में हिस्सा लेने के लिए पहलवानों ने अपनी इच्छा जताई है। इधर, केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि सभी राष्ट्रीय महासंघों का लक्ष्य एशिया ओलिंपिक परिषद (ओसीए) द्वारा निर्धारित 15 जुलाई की समय सीमा से पहले एशियाई खेलों के लिए टीम को अंतिम रूप देना है। गेम्स 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन के हांग्जो में होना हैं।



### खेल मंत्री ने कहा था पहलवान दोबारा से मैट पर लौटें

केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को दोहराया कि एक महिला की अध्यक्षता वाली डब्ल्यूएफआइ आंतरिक शिकायत समिति के गठन सहित पहलवानों की मांगों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा, मैंने कल भी कहा था, हमारी प्रदर्शनकारी पहलवानों के साथ बहुत सकारात्मक बैठक हुई थी। वे जो भी मुद्दे उठाते हैं, हमने उन पर चर्चा की। हमने कहा है कि 15 जून तक चार्जशीट दाखिल की जाएगी और हत्रक्क के चुनाव 30 जून तक होंगे। ठाकुर ने कहा कि हम चाहते हैं पहलवान मैट पर लौटें और प्रतियोगिताओं में हिस्सा लें।

### इस महीने के आखिर तक चयन परीक्षण का आयोजन

भारतीय ओलिंपिक संघ (आइओए) ने 27 अप्रैल को बताया था कि तीन सदस्यीय एडहॉक समिति कुश्ती महासंघ के दिन-प्रतिदिन के मामलों को देख रही है। भारत का डब्ल्यूएफआइ जून के अंतिम सप्ताह में चयन परीक्षणों का आयोजन करेगा। हालांकि पहलवान ट्रायल्स के लिए तैयार होने के लिए कुछ और समय चाहते हैं। साक्षी मलिक के पति और अंतरराष्ट्रीय पहलवान सत्यव्रत कादियान ने कहा कि हम चयन ट्रायल में हिस्सा लेना चाहते हैं, लेकिन इसकी तैयारी के लिए हमें कम से कम डेढ़ महीने की ट्रेनिंग की जरूरत है। कॉम्पिटिटिव मोड में वापस आना पहलवानों के लिए एक कठिन काम होगा, क्योंकि कुछ पहलवानों ने पिछले साल सितंबर में विश्व चैंपियनशिप के बाद से प्रतिस्पर्धा नहीं खेली है, जबकि कुछ अन्य ने आखिरी बार अगस्त, 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान मैट पर वापसी की थी। पहलवानों ने हाल ही में कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से नाम वापस ले लिया था, जबकि विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने भी विरोध के कारण अप्रैल में अपने अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों से हटने का फैसला किया था।

### समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने किया रक्तदान



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी सह नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने सड़क हादसे में घायल भैरवाडीह (खाटीन) निवासी अनोज यादव को रांची के रामप्यारी हॉस्पिटल में जाकर रक्तदान किया। कहा कि रक्तदान एक नेक कार्य है। भगवान से प्राथना है कि अनोज यादव जल्द स्वस्थ हो जाए।

### भारत भ्रमण पर निकले दो युवाओं का सतबरवा जिला परिषद सदस्य सुधा ने किया स्वागत



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** भारत भ्रमण पर निकले छत्तीसगढ़ के दो युवकों को सतबरवा जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी ने शुक्रवार को सतबरवा के ट्रेनिंग स्कूल के पास माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान रायपुर के चंदेलगढ निवासी अजितेश शर्मा और सौरभ देवगन ने बताया कि हम लोग पूरे भारत की पैदल यात्रा कर रहे हैं। लोगों को पर्यावरण बचाने और पेड़ लगाने के लिए जागरूक भी कर रहे हैं। हमारी यात्रा सात अक्टूबर 2021 को शुरू हुई थी। अभी तक हम लोग 12 राज्यों का भ्रमण कर चुके हैं। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा, अजय उरांव, निर्दोष कुमार, मोहन ठाकुर, अशोक प्रसाद और गोलू कुमार आदि उपस्थित थे।

# राज्य सरकार के कुछ अधिकारी जेल में, कुछ राह में: लक्ष्मीकांत वाजपेयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** जनसंपर्क महा अभियान के तहत एक दिवसीय बोकारो प्रवास के दौरान झारखंड के भाजपा प्रभारी राज्यसभा के मुख्य सचेतक लक्ष्मीकांत वाजपेयी का आगमन बोकारो में हुआ जहां बोकारो जिला भाजपा द्वारा पेटरवार में भव्य स्वागत किया गया। विभिन्न स्थानों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। झारखंड के स्वतंत्रता सेनानी जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत को उखाड़ फेंकने के लिए झारखंड की धरती से आंदोलन की शुरूआत की थी जो धरती आबा के नाम से प्रसिद्ध हुए स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर नया मोड़ स्थित उनके प्रतिमा का माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये । उनके साथ झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक विरोधी दल बोकारो विधायक बिरंची नारायण मौजूद थे । बोकारो विधायक बिरंची नारायण के नेतृत्व में बोकारो विधानसभा भाजपा कार्यकर्ताओं ने झारखंड प्रभारी का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र में झारखंड प्रभारी



लक्ष्मीकांत वाजपेयी बरमसिया में बने पावर ग्रिड और इंजीनियरिंग कॉलेज का दौरा किया तथा चंदनक्यारी रविंद्र भवन में प्रबुद्ध सम्मेलन में हिस्सा लेकर भाजपा के नीति और सिद्धांतों के बारे में जानकारी दी। वही बोकारो विधानसभा क्षेत्र में सेक्टर 2 स्थित मां अंबे गार्डन में प्रबुद्ध कार्यकर्ता सम्मेलन के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कैप्टन की शुरूआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम प्रभारी इंद्र कुमार झा और संचालन जिला महामंत्री संजय त्यागी ने की। मंच मे बोकारो विधायक बिरंची नारायण, पूर्व जिलाध्यक्ष रोहितलाल सिंह, दिलीप श्रीवास्तव, कमलेश राय, जयदेव राय उपस्थित रहे। विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए प्रबुद्ध जन, समाजसेवी, उद्यमी, जनसंघ कार्यकाल के योद्धा, डाक्टर, गायिका, खिलाड़ी, का अभिनंदन और स्वागत मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मीकांत बाजपयी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया की 9 वर्षों के मोदी सरकार द्वारा किये गये कार्यों को लेकर आज पूरे देश में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा। आज देश हर क्षेत्रों में अपनी पहचान बनायी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देशहित में शुरू की गयी अनगिनत योजनाओं का जिक्र करते हुए बताया की प्रधानमंत्री जी ने भी झारखंडी जनता की समस्याओं को करीब से समझा है। तभी तो आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत झारखंड प्रदेश से किया। जिसके तहत आर्थिक रूप से प्रत्येक गरीब परिवार का 5 लाख तक का इलाज बिल्कुल मुफ्त हो रहा है। झारखंड की कई ऐसी योजनाओं को धरातल पर उतरा गया। झारखंड से आदिवासी समुदाय से एक महिला को महामहिम राष्ट्रपति पद पर बैठाया। देवघर मे एम्स, रामगढ़ मे पहला इंजिरिंग कॉलेज, अल्बर्ट एक्का के नाम पर अंडमान निकोबार मे एक टापू का नामांकरण। देश मे हेमंत सोरेन की सरकार एक मात्र सरकार जहां परिवार को ही सभी लाभ । बंगलादेश घुसपैठ, लव जिहाद, बलात्कार, हत्या लूट की घटनाओं में रिकॉर्ड बनाया। उनके अधिकारी और कार्यकर्ता कुछ जेल में है और कुछ राह में। बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि आज मोदी सरकार के नौ वर्षों के उपलब्धि को लेकर पूरे देश में भाजपा विधानसभा स्तर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता का सम्मेलन हो रहा है। आज उसी कार्यक्रम के तहत बोकारो विधानसभा क्षेत्र में वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक हो रहा है। मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर मे धारा 370 हटाने के बाद आई शांति के लिये आतंकवाद को खत्म करने के लिए कोई कानून की नहीं बनायी बल्कि सशस्त्र बल को खुली छूट देने की जरूरत थी जो प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया। आज वैश्विक स्तर पर भारत एक मजबूत इच्छा शक्ति वाला आत्मनिर्भर देश बनकर उभरा है।

जिसको आज अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देश भी सम्मान देते हैं। बैठक मै मुकुल ओझा ,कुमार अमित, राजीव कंठ,शंकर रजक,अनिल स्वर्णकार, अशोक कुमार पप्पू, माथुर मंडल, विनय आनंद, महेंद्र राय, धीरज झा,नीरज कुमार, गणेश राय, के के बोराल, आर डी उपाध्याय, त्रिलोकी सिंह,विनय किशोर, अनिल सिंह, मनोज सिंह, पीयूष आचार्या, पन्नलाल कान्दू, हरीश सिंह, बैद्यनाथ प्रसाद, मुकेश राय, प्रकाश चटर्जी, गोलू उपाध्याय, वर्षा चौधरी ,जितेंद्र गोस्वामी, ब्रज दुबे आदि मौजूद रहे

# पूर्व मंत्री स्व ओपी लाल की मां का निधन



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** पूर्व मंत्री स्वर्गीय ओपी लाल की मा सुमित्रा देवी ( 84 ) वर्षीय का शुक्रवार की सुबह लगभग चार बजे के आसपास प्रियदर्शिनी पथ स्थित अवास मे निधन हो गया। निधन की खबर से कतरास कोयलांचल क्षेत्र व आसपास मे शोक की लहर दौड़ है। जब उनका निधन हुआ उस समय उनका पूरा परिवार बेंगलुरू मे एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। स्व लाल के पुत्र सह जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष अशोक प्रकाश लाल अपनी दादी की निधन की खबर पाकर परिजनो के साथ घर वापस लौट रहे है। जबकि अन्य सदस्य घर लौट गये है। शनिवार को कतरास लिलौरी मंदिर स्थित मुक्ती धाम मे उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। इधर निधन की खबर पाकर पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, वियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय झा, पूर्व मंत्री सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, जगदीश चौधरी, बसंत महतो, बलराम महतो, परवेज इकबाल, अकबर अंसारी,माधव सिंह, रवी चौबे, रंजित पांडेय सहित कई अन्य लोगो ने शोक व्यक्त किया।

## अंजनी बने जनता श्रमिक संघ के गोविंदपुर क्षेत्र के अध्यक्ष, मंटू यादव सचिव

**कतरास (आजाद सिपाही)।** जनता मजदूर संघ कुंती गुट को छोड़कर गोविन्दपुर क्षेत्र के कई पदाधिकारी पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष मंटु कुमार यादव के नेतृत्व में जनता श्रमिक संघ के संयुक्त महामंत्री रागिनी सिंह के प्रति आस्था रखते हुए संघ में शामिल हो गये। रागिनी सिंह ने गोविंदपुर क्षेत्र में अंजनी कुमार सिंह को अध्यक्ष जबकि मंटू कुमार यादव को सचिव बनाया है। संघ द्वारा मनोनयन किए जाने पर अशोक कुमार सिंह, मो० इमरान अंसारी, सुमित कुमार राम, दरकेश्वर गोप, मो० आजाद आलम, संदीप कुमार यादव, संतोष सिंह, रत्नेश्वर प्रसाद राय, आकाश कुमार, श्री अभिमन्यु सिंह, सुमन कुमार, अनिल, निरंजन राय, विश्वनाथ हरि, मो० शेरू, बब्लू अंसारी, रामदरश , धुरंधर सिंह, योगेश लोहार, श्री संतोष कुमार, राजेश ग्याली, बजरंगी भुइंया ने बधाई दी है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार, समप्रशिक्षा अभियान**
**समाहरणालय भवन, दूसरीमंजिल, लातेहार,**
दूरभाष सं0 : 06565–248083, ई–मेलः dpolatehar@yahoo.co.in

**आम–सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला अंर्तगत संचालित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सरयु, गारू में शैक्षणिक सत्र 2023–24 में वर्ग 01 से 08 तक में कुल 16 बालकों एवं कक्षा 09 में कुल 14 बालकों का नामांकन लिया जाना है, जिसमें अनाथ, एकल अभिभावकों, नक्सल प्रभावित, कोरोना से प्रभावित, बाल मजदुर, आदिम जनजाति एवं प्रवासी बच्चों को प्राथमिकता दिया जाना है । जिसके लिए इच्छुक आवदेनकर्ता दिनांक 15.06.2023 को अपराह्न 05:00 तक समग्र शिक्षा अभियान,लातेहार के जिला कार्यालय,में जमा कर सकते है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार

PR 299621 Human Resource Developement(23-24)#D

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**AGRICULTURE,ANIMAL HUSBANDRY AND CO-OPERATIVE DEPARTMENT(CO-OPERATIVE DIVISION)**
**CO-OPERATIVE TRAINING CENTRE, GUNGU TOLI, BAHU BAZAR, RANCHI**

Ref. No. - 62 / Ranchi Dated – 06-06-2023

Tender Notice -01 / 2023 -2024

**Invitation of bid for providing catering service during training programme for the year 2023-24**

Co-operative Traning Centre, Ranchi invites tender from reputed Agency / Firm / Individuals for providing catering service during training programme. A complete set of tender document may be purchased by interested eligible Bidders from office of the **Co.operative Traning Center, Ranchi** during office hours on all working days from **12-06-2023 to 27-06-2023** after payment of a non-refundable fee of **Rs. 1000/-** (Rupees One Thousand only) in the form of cash / Demand Draft in favour of Principal, Co.Operative Traning Centre, Ranchi, payable at Ranchi.

Detailed information, Terms and Conditions are displayed in the Notice Board of Co.operative Traning Centre, Ranchi and at www.prdjharkhand.in

**Last date for submission of the Tender Document – 03-07-2023 upto 4.00 pm.**

Principal,
Co.operative Traning Centre,
Ranchi

PR 299561 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24)D

# क्षेत्रीय सचिव को हटाने से नाराज मजदूरों ने दिया जमसं से इस्तीफा

आजाद सिपाही संवादाता

**चिरकुंडा।** जमंस (कुंती गुट) के केंद्रीय कार्यालय के तानाशाही रवैया से क्षुब्ध हो कर बीसीसीएल के क्षेत्र संख्या 12 के सभी शाखाओं से पदाधिकारी और सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया। इस की जानकारी शुक्रवार को पत्र के माध्यम से संघ के महामंत्री को दे दी गयी। इसके पीछे मुख्य कारण सफीर रहमान खान को क्षेत्रीय सचिव के पद से हटाना बताया गया है। इस बाबत सफीर रहमान खान ने पत्रकारों से कहा कि कुछ लोग यूनियन की आड़ में ठेकेदारी, आउटसोर्सिंग में नौकरी और कार्य कराने के नाम पर पैसा वसूली कर रहे हैं। साथ ही केंद्रीय नेतृत्व को झूठी जानकारी देकर बरगलाने का काम



लंबे समय से करते आ रहे हैं।हम लोग मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए यूनियन करते हैं ना की निज लाभ के लिए। ऐसे लोगों के अंदर में काम करना हमलोगों के लिए संभव नहीं है, इसलिए हम सभी सामूहिक रूप से संघ को छोड़ कर रागनी सिंह के साथ चलेंगे। सभी ने आरोप लगाया कि जनता मजदूर संघ के पास वैसे दलाल रूपी गिनती के सदस्य बचे हैं। त्यागपत्र की प्रतिलिपि निदेशक (कार्मिक) कोयला भवन, उपायुक्त धनबाद, वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद, उपाध्यक्ष/विधायिका जनता मजदूर संघ निरसा क्षेत्र, क्षेत्रीय आयुक्त केंद्रीय धनबाद, महाप्रबंधक सी भी एरिया, थाना प्रभारी चिरकुंडा, बराकर और पंचेत,सभी परियोजना पदाधिकारी को अग्रसारित की गयी है।

## नेशनल सब जूनियर पावर लिफ्टिंग में आयुष गुप्ता ने रजत पदक जीत कतरास का बढ़ाया मान

कतरास (आजाद सिपाही)। गुरु नानक स्कूल रांची में आयोजित तीन दिवसीय नेशनल सब जूनियर और जूनियर पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में आर्य व्यायामशाला योग मंदिर कतरास के आयुष गुप्ता ने रजत पदक प्राप्त कर कतरास और पूरे प्रदेश का मान सम्मान बढ़ाया। आयुष ने सब जूनियर 59 किलोग्राम भार वर्ग में कुल 458.5 किलो वजन उठाकर रजत पदक प्राप्त किया। आयुष ने स्कॉर्ट में 165.5 किलोग्राम उठाकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया और नेशनल रिकॉर्ड भी बनाया बैंच प्रेस में 100.5 किलोग्राम में सिल्वर मैडल एवं डेड लिफ्ट में 192.5 किलोग्राम वजन उठाकर ब्रोंज मैडल हासिल किया। इस प्रतियोगिता में पूरे भारत से 300 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। आयुष गुप्ता झारखंड की ओर से प्रतिनिधित्व कर रहे थे। आयुष गुप्ता के इस उपलब्धि पर कतरास में खुशी का माहौल है। वही व्यायामशाला के अध्यक्ष विजय कुमार झा, महासचिव गुरूजी दुगार्राम, संरक्षक वरीय अधिवक्ता दीपनारायण भट्टाचार्य, सचिव रंधीर बर्मन, संघठन सचिव दीपक गुप्ता, कोषाअध्यक्ष अभय बर्मन, वरिष्ठ खिलाड़ी राजेश सिंह, भरत भाई कांचा, मो फेज़ान,विक्की रवानी, गणेश कुमार, मोहम्मद कौसर, कालाचंद बाउरी, अकाश रवानी, आदि के अलावा दर्जनों खिलाड़ी ने बधाई और शुभकामनाएं दिया।



## भगवान बिरसा का सपना साकार करेगा आजसू : टिकैत

नावाडीह (आजाद सिपाही)। नावाडीह प्रखंड गोनियाटो पंचायत में आजसू पार्टी पंचायत कमेटी द्वारा केंद्रीय समिति के आदेशानुसार गोनियाटो मोड़ पर भगवान बिरसा मुंडा का शहादत दिवस मनाया गया जिसमें आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्यालय सचिव टिकैत कुमार महतो उपस्थित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष रामकुमार मरांडी संचालन पंचायत अध्यक्ष महेंद्र महतो ने किए कार्यक्रम की शुरूआत टिकैत कुमार महतो ने पुष्प अर्पित एंव माला पहनाकर कर किए इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जननायक भगवान बिरसा मुंडा के रास्ते हम झारखंडियों को चलने की आवयश्कता है तभी झारखण्ड राज्य के शोषित और वंचित वर्ग के लोगो का कल्याण हो सकता है भगवान बिरसा मुंडा का सपना साकार करेगा आजसू पार्टी मौके पर आजसू नेता जितेंद्र महतो आजसू छात्र संघ अध्यक्ष खेमलाल महतो सोशल मीडिया प्रभारी संतोष उजागर गणपत महतो चुरामन महतो कपिल तुरी धनेश्वर महतो युवा नेता दिनेश कुमार महतो रतिराम मुर्मू रामचंद्र महतो सुनील मरांडी कुलदीप विश्वकर्मा उमेश महतो शलेश बाबू विजय कुमार भुनेश्वर महतो अनिल रविदास संजीत पटेल कैलाश नायक तैयबा अंसारी विनय कुमार अरुण कुमार आदि लोग उपस्थित थे।



# चोरी करते पकड़ाये राम राज को पुलिस ने छोड़ा

आजाद सिपाही संवादाता

लोयाबाद। लोयाबाद पुलिस ने लोयाबाद क्षेत्रीय अस्पताल से एसी चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया राम राज चौहान को छोड दिया। पुलिस के गिरफ्त में आया अपराधी को छोड दिया जाना चर्चा का विषय बन गया है। पुलिस का तर्क है कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा लिखित शिकायत नहीं किए जाने के कारण उसे छोड़ देना पड़ा। मालूम हो कि बुधवार की रात में चार अपराधियों द्वारा अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी के विश्राम कमरे में लगा एसी को चोरी कर ले जाने का प्रयास किया जा रहा था रुम के अंदर से आ रही आवाज को सुनकर अस्पताल कर्मियों ने पुलिस को सूचना दिया। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच कर उक्त युवक को पकड़ कर थाने ले गया था । उक्त अपराधी को जेल भेजने के बजाय बिना मामला दर्ज किए उसे छोड़ दिया गया। 19 अगस्त 2021 को निवर्तमान थाना प्रभारी चुन्नु मुर्मू ने मदनाडीह स्थित कठगोला में औचक छापेमारी कर उसे लोयाबाद क्षेत्रीय अस्पताल से चोरी की गई सामानों को बेचते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर जेल भेज था।इस संबंध में राम राज चौहान के साथ कठगोला संचालक पर भी मामला दर्ज हुआ था। थाना प्रभारी विकास कुमार यादव ने बताया कि लोयाबाद क्षेत्रीय अस्पताल प्रबंधन द्वारा लिखित शिकायत नहीं दिए जाने तथा उसका दीमागी हालत ठीक नहीं रहने के कारण उसे छोड़ दिया गया है। 2014 से उसका इलाज चल रहा है। डा अनुज कुमार ने बताया कि अस्पताल में चोरी का प्रयास किया जा रहा था।इसकी लिखित शिकायत पुलिस को दी गयी है।

**उपायुक्त का कार्यालय,हजारीबाग**
**(स्थापना शाखा)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

सरकार के सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1730(3)/रा0 दिनांक 19.05.2023 के आलोक में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, के पत्रांक 908 दिनांक 04.05.2023 द्वारा विज्ञापन सं0–01/2017 (नियमित रिक्ति) एवं विज्ञापन सं0–02/2017 (बैकलॉग रिक्ति) के द्वारा इंटरमीडियट स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2017 (नियमित एवं बैकलॉग) में हजारीबाग जिले के लिए निम्नवर्गीय लिपिक (जिला समाहरणालय) के पद पर नियुक्ति (नियमित नियुक्ति– 48 एवं बैकलॉग नियुक्ति–17 कुल– 65) हेतु इस कार्यालय पत्रांक 600/स्था0 दिनांक 23.05.2023 से प्रेस विज्ञप्ति द्वारा अनुशंसित अभ्यार्थियों की शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों की जांच समाहरणालय, हजारीबाग के तृतीय तल्ला कमरा नम्बर–A-305 में दिनांक 26.05.2023. एवं 27.05.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से निर्धारित किया गया था।

उक्त प्रेस विज्ञप्ति के बावजूद हजारीबाग जिले के लिए निम्नवर्गीय लिपिक (जिला समाहरणालय) के पद पर नियुक्ति हेतु निम्नलिखित अभ्यर्थियों के द्वारा शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों की जांच हेतु अनुपस्थित रहें।

| क0 | अनुशंसा सूची कमांक नं0 | अभ्यर्थी का नाम | पिता का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | नियमित–20 | श्री षरेष्ट (SHRESHT) | श्री सुभाष चन्द्र |
| 2 | नियमित–23 | श्री रंजन कुमार | श्री महेष प्रसाद |
| 3 | नियमित–36 | श्री मुकेष राम | श्री बैजनाथ राम |
| 4 | बैकलॉग–10 | श्री अविनाष राम | श्री बिनोद राम |

अतः उक्त अभ्यर्थियों को एतद् द्वारा अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि वे आवेदन के समय संलग्न किये गये शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों की मूल प्रति के साथ सभी प्रमाण पत्रों की दो सेट छायाप्रति (स्व–हस्ताक्षरित) एवं पासपोर्ट साईज 4 फोटोग्राफ के साथ समाहरणालय, हजारीबाग के ग्राउन्ड फ्लोर, कमरा नम्बर–B-010 (स्थापना शाखा, हजारीबाग) में दिनांक 12.06.2023 को 11.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

उपायुक्त,
हजारीबाग

PR 299680 District(23-24)#D

## एनएसयूआइ ने की विश्वविद्यालय मुख्यालय में तालाबंदी

# फूंका विश्वविद्यालय प्रबंधन का पुतला

आजाद सिपाही संवादाता

**धनबाद।** एनएसयूआइ के जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी के नेतृत्व में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में तालाबंदी की गई, तथा मुख्य गेट के बाहर बैठकर धरना प्रदर्शन किया गया। एनएसयूआइ द्वारा आरोप लगाया गया की कुलपति सुखदेव भोई के द्वारा धनबाद और बोकारो में उच्च शिक्षा की हत्या की जा रही, पूरे झारखंड में यह एकलौता विश्वविद्यालय है जहा इंटर की पढ़ाई बंद की गयी है, जबकि नई शिक्षा नीति 11वी और 12वी के छात्रों पर लागू नहीं होता।



धनबाद और बोकारो में सभी कॉलेजों में पीजी की पढ़ाई बंद कर दी गयी है , आज पूरे धनबाद और बोकारो जिला में विश्वविद्यालय के अलावा पीजी की पढ़ाई अब कहीं नहीं होगी। विश्वविद्यालय के अंतर्गत जो सेमेस्टर 1 के परीक्षा परिणाम घोषित किया। उसमें 30500 छात्रों में लगभग 22000 छात्र फेल है, शर्म की बात है की मात्र 28.5 प्रतिशत ही छात्र पास कर पाये है तथा 22 हजार छात्रों को दुबारा परीक्षा देना होगा। एनएसयूआइ ने आरोप लगाया कि कुलपति सुखदेव भोई के द्वारा धनबाद बोकारो के छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा से वंचित रखने का प्रयास किया जा रहा है।उसी उच्च शिक्षा के अर्थी को रखकर विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के समक्ष एनएसयूआई के द्वारा तालेबंदी कर प्रदर्शन किया गया। लगभग 3 घंटे तक तालाबंदी कर-के नारेबाजी की गई तथा मुख्य द्वार से एक भी गाड़ी को अंदर बाहर नहीं होने दिया गया, तथा कुलपति ने भी अपनी गाड़ी चोरी से पिछले दरवाजे से बाहर निकाली।

मौके पर जिला महासचिव अंकित कुमार, नितेश शर्मा, नवाजिश अफजल, सनी सिंह,झरिया अध्यक्ष देवेंद्र पासवान, विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष उत्तम कुमार, पीके राय कॉलेज अध्यक्ष राज रंजन सिंह, नवाजिश अफजल,आरएसपी उपाध्यक्ष मोहित कुमार, सोहेल, सौम्यदीप, सुंदर, उत्कर्ष, नवनीत समेत सैकड़ों छात्र उपस्थित थे ।

**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,**
**Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002**
**e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**e-Procurement very Short Notice, 3rd Call**

e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/**35**/23-24 Dated **08.06.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of complete Land Acquisition Proposal with ownership details and computation of cost of acquired land as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal & Forest Diversion Proposal including clearance of all stages as required for Padma-Manatu-Chak Missing link raod under Road division Daltonganj in the state of Jharkhand. from Consultant's empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 1.828 KM |
| 3 | Work completion time | 30 Days |
| 4 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 12.06.2023, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 19.06.2023, 12.30 PM |
| 6- | Date and Timing of Bid opening | 21.06.2023, 12.30 PM |
| 7- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-9431591027 |
| 8- | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 10- | Pr No. | 298274 Road (23-24) D |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division, A.P
Road Construction Department, Ranchi .

PR 299608 Road(23-24)#D

# ओड़िशा हादसे के शवों को जिस स्कूल भवन में रखा गया था, उसे गिराया गया

## बच्चे और टीचर आने से डर रहे थे, शुद्धीकरण भी किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओडिशा ट्रेन हादसे में जान गंवाने वालों के शवों को स्कूल के जिस भवन में रखा गया था, उसे अब गिराया जा रहा है। स्कूल प्रशासन का कहना है कि बच्चे और टीचर्स यहां आने से डर रहे थे, इसलिए बिल्डिंग को गिराकर फिर बनाने का निर्णय लिया गया है। स्कूल खुलने से पहले इसका शुद्धीकरण भी कराया जायेगा। बालासोर में 2 जून को हुए ट्रेन हादसे में 288 लोगों की मौत हुई थी। शवों को घटनास्थल से 500 मीटर दूर बहानगा हाईस्कूल में रखा गया था। राहत-बचाव टीम ने 65 साल पुराने स्कूल भवन के दो कमरों और दालान को अस्थायी मुर्दाघर में बदल दिया था। यहां कफन में लिपटे शवों को लाया गया था।




### डर भगाने के लिए पूजा-पाठ होगा

स्कूल की प्रिंसिपल प्रमिला स्वैन ने कहा- छोटे बच्चे डरे हुए हैं। बिल्डिंग बनने के बाद स्कूल ने आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित करने और कुछ पूजा-पाठ करने की योजना बनायी है, ताकि उन्हें अपने डर पर काबू पाने में मदद मिल सके। स्कूल में करीब 650 बच्चे पढ़ते हैं। आसपास के लोगों का कहना है कि रात में रूम से रोने और चीखने की आवाज आ रही है। इस को लेकर छात्रों उस रूम में जाने से डर रहे थे।

### कलेक्टर के दौरे के बाद गिराने का आदेश

गुरुवार को जिला प्रशासन ने स्कूल का दौरा किया। बालासोर के जिला कलेक्टर दत्तात्रय भाऊसाहेब शिंदे ने कहा- मैंने स्कूल मैनेजमेंट के सदस्यों, प्रिंसिपल, अन्य कर्मचारियों और स्थानीय लोगों से मुलाकात की है। वे पुरानी इमारत को गिराना चाहते हैं, ताकि बच्चों को कोई डर न हो। हालांकि फिलहाल सांकेतिक रूप से स्कूल को गिराया जा रहा है, इसी पूरी तरह से ध्वस्त करने में दो-तीन महीने लगेंगे।

# किट-किस के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत को मिली एक और मानद डॉक्टरेट की डिग्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** प्रख्यात शिक्षाविद, सामाजिक कर्मी और संस्थापक किट एंड किस के प्रो अच्युत सामंत को भारत इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च (डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी) चेन्नई तमिलनाडु द्वारा डॉक्टरेट की डिग्री उपाधि से सम्मानित किया गया है।

विश्वविद्यालय ने अपने 39वें दीक्षांत समारोह के दौरान शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें डॉक्टर ऑफ साइंस (डिग्री) की उपाधि से सम्मानित किया। दुर्भाग्य पूर्ण से प्रो सामंत अप्रत्याशित प्रतिबद्धताओं के कारण व्यक्तिगत रूप से इस सम्मान को प्राप्त करने में असमर्थ थे।

यह डिग्री डॉक्टरेट प्रो. सामंत के लिए इस तरह का 52वां सम्मान है। उन्होंने मान्यता के लिए भारत इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च (डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी) के अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं इस सम्माननीय डॉक्टरेट को प्राप्त करने के लिए खुश हूं, और मैं वास्तव में बोर्ड के प्रति विनम्र और आभारी हूं। मुझे चुनने के लिए।

दीक्षांत समारोह में डॉ. राजकुमार रंजन सिंह केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री, डॉ किरण हजारिका प्रो वाइस चांसलर इग्नो; प्रो मोहम्मद रेला चांसलर भारत इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च (डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी) और डॉ के विजय भास्कर राजू कुलपति आदि उपस्थित थे।

## बंगाल में पंचायत चुनाव की घोषणा के साथ ही चढ़ा सियासी पारा

# भाजपा-कांग्रेस ने किया हाइकोर्ट का रुख

- पंचायत चुनाव में की केंद्रीय बलों की तैनाती करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में गुरुवार को एक चरण (8 जुलाई को) में पंचायत चुनाव कराये जाने की घोषणा के साथ ही राज्य का सियासी पारा अचानक से चढ़ गया है। कांग्रेस और भाजपा की राज्य इकाइयों ने शुक्रवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख किया और बंगाल पंचायत चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने के लिए अधिक समय देने और केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग की।

**मामलों की सुनवाई हो तत्काल :** मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली एक खंडपीठ के समक्ष प्रार्थनाओं का उल्लेख किया गया था, जिन्होंने मामलों की तत्काल सुनवाई की मांग की थी। अदालत ने उन्हें याचिका दायर करने और दोपहर 12 बजे के बाद पेश होने को कहा है। कांग्रेस के राज्य प्रमुख अधीर रंजन चौधरी के वकीलों ने अदालत से प्रार्थना की है कि पश्चिम बंगाल राज्य चुनाव आयोग को शांति, स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए चुनाव प्रक्रिया के दौरान केंद्रीय बलों को तैनात करने का निर्देश दिया जाये। अधीर रंजन ने यह भी दावा किया कि राज्य में 2018 के चुनाव के दौरान हिंसा और धमकी देखी गयी थी।

**नामांकन दाखिल करने का समय बढ़ाने की मांग :** यह दावा करते हुए कि विशाल त्रिस्तरीय स्थानीय निकाय चुनाव प्रक्रिया के लिए नामांकन दाखिल करने के लिए केवल छह दिन दिये गये है। एक भाजपा नेता ने भी अदालत में याचिका दायर कर नामांकन दाखिल करने का समय बढ़ाने की प्रार्थना की। उनके वकील ने प्रस्तुत किया कि लगभग 75,000 सीटों के लिए चुनाव होने के कारण नामांकन दाखिल करने का समय बहुत कम था। राज्य चुनाव आयोग के कार्यक्रम के अनुसार, नामांकन दाखिल करना शुक्रवार से शुरू हो रहा है और यह 15 जून तक चलेगा और चुनाव 8 जुलाई को होंगे।

# बाहानगा ट्रेन दुर्घटना में पीड़ित परिवारों को मुफ्त शिक्षा देगा रॉयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बालासोर जिले के बाहानगा बाजार में हुए भीषण रेल हादसे में मारे गये लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के साथ उनके बच्चों को रॉयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तरफ से भुवनेश्वर के रॉयल कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, रयाल पब्लिक स्कूल और बालेश्वर जिले के मईतापुर में स्थित रॉयल हाई स्कूल और रॉयल पब्लिक स्कूल में मुफ्त शिक्षा पढाने की घोषणा की। ओड़िशा राज्य में जिन बच्चों ने अपने माता-पिता दोनों को खो दिया है या केवल अपने माता और पिता को दुर्घटना में खो दिया है, अगर वे बच्चे पहली से बारहवीं कक्षा तक शिक्षा में रुचि व्यक्त करते हैं, तो उन्हें उड़िया और अंग्रेजी उनकी योग्यता के अनुसार दोनों के माध्यम से मुफ्त आवास, भोजन और शिक्षा प्रदान की जायेगी। भुवनेश्वर में आयोजित पत्रकार वार्ता में रॉयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष डॉ बिष्णु मोहन महांति ने संबंधित परिवारों के परिजनों से संपर्क करने की जानकारी दी है। इस मौके पर वाइस चेयरमैन मिलन महांति उपस्थित थे।

# सुरक्षा कार्यों के कारण कई ट्रेनें रद्द और कुछ डायवर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सुरक्षा संबंधी कार्यों और समय समायोजन के लिए कई ट्रेनों को रद्द और डायवर्ट किया गया हैः नौ जून को प्रारंभिक स्टेशन से रद्द रही। 02837 संतरागाछी-पुरी एक्सप्रेस संतरागाछी से। 20831 शालीमार-संबलपुर एक्सप्रेस शालीमार से। 12839 हावड़ा-चेन्नई मेल हावड़ा से। 07029 अगरतला-सिकंदराबाद एक्सप्रेस अगरतला से। 15630 सिलघाट-तांबरम एक्सप्रेस सिलघाट से। 22850 सिकंदराबाद-शालीमार एक्सप्रेस सिकंदराबाद से। 22804 संबलपुर-शालीमार एक्सप्रेस संबलपुर से। 12842 चेन्नई-शालीमार एक्सप्रेस चेन्नई से। 22832 सत्यसाईं प्रशांति निलयम - हावड़ा एक्सप्रेस एसएसपीएन से। 18410 शालीमार एक्सप्रेस पुरी से। **10 जून को रद्द किया गया :** 02838 पुरी-संत्रागाछी एक्सप्रेस पुरी से। 22803 शालीमार-संबलपुर एक्सप्रेस शालीमार से। **ट्रेनों का डायवर्जन :** 18477/18478 पुरी-योग नगरी ऋषिकेश-पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस 9 जून को दोनों दिशाओं से अंगुल-संबलपुर सिटी-झारसुगुड़ा और इब के रास्ते गयी।

# दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस की बोगी के ब्रेक पैड में लगी आग

## सुरक्षा जांच के बाद स्टेशन से रवाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर नुआपड़ा।** राज्य में ट्रेन हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बाहानगा ट्रेन हादसे के बाद एक और ट्रेन हादसे की खबर सामने आयी है। बताया जा रहा है कि इस बार एसी डिब्बे में आग लग गयी। यह हादसा नुआपड़ा खरियार रोड पर पुरी दुर्ग एक्सप्रेस में हुआ। इस हादसे में कोई यात्री हताहत नहीं हुआ। ऐसा हादसा गुरुवार को देर रात को दुर्ग पुरी एक्सप्रेस के बी-3 कोच में हुआ।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार 18426 दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस रात 10:07 बजे खरियार रोड स्टेशन पर पहुंची। ब्रेक घर्षण के कारण बी-3 कोच के नीचे के ब्रेक पैड में आग लग गयी, लेकिन आग कोच में नहीं घुसी। केवल ब्रेक पैड में आग लगी और कोई अन्य नुकसान नहीं हुआ। समस्या का तुरंत समाधान किया गया और ट्रेन को रात 11 बजे उक्त स्टेशन से पुरी की ओर अपनी यात्रा शुरू की।

# निर्मला सीतारमण ने बड़ी सादगी से की बेटी की शादी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेंगलुरु।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को सादगी से अपनी बेटी परकला वांगमयी की शादी की। विवाह की रस्में उनके बेंगलुरु स्थित घर पर हुईं। शादी समारोह में सिर्फ परिवार के लोग और खास दोस्त ही शामिल हुए। शादी में किसी नेता या वीआइपी गेस्ट को न्योता नहीं दिया गया था। सीतारमण के दामाद प्रतीक दोषी गुजरात के रहने वाले हैं। वे पीएमओ में ओएसडी हैं।

**उडुपी अदामारू मठ के संतों ने दिया आशीर्वाद :** सीतारमण की बेटी परकला और प्रतीक की शादी ब्राह्मण परंपरा से हुई। उडुपी अदामारू मठ के संतों ने दोनों को आशीर्वाद दिया और शादी की सभी रस्में करायीं।

**प्रधानमंत्री मोदी के साथ काम करते हैं प्रतीक :** सीतारमण के दामाद प्रतीक प्रधानमंत्री मोदी के खास सहयोगी हैं। वे पीएम ऑफिस में ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी हैं। वे 2014 से ही पीएमओ में काम कर रहे हैं। उन्हें 2019 में ज्वाइंट सेक्रेटरी की रैंक दी गयी और ओएसडी बनाया गया। वे रिसर्च और स्ट्रैटजी का काम देखते हैं। प्रतीक सिंगापुर मैनेजमेंट स्कूल से ग्रैजुएट हैं। जब मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, उस समय प्रतीक उनके ऑफिस में रिसर्च असिस्टेंट थे।

**फीचर राइटर हैं निर्मला की बेटी :** निर्मला की बेटी परकला वांगमयी मिंट लाउंज में फीचर राइटर हैं। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी के इंग्लिश डिपार्टमेंट से मास्टर्स डिग्री ली है। उन्होंने अमेरिका के नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के मेडिल स्कूल ऑफ जर्नलिज्म में भी पढ़ाई की है। निर्मला के पति परकला प्रभाकर एक राजनीतिक अर्थशास्त्री हैं। वे आंध्रप्रदेश सरकार में जुलाई 2014 से जून 2018 तक कम्युनिकेशन सलाहकार रह चुके हैं।


















# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए कानून लाने की तैयारी में सरकार

**नयी दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) को लेकर सरकार ने अपना रुख साफ कर दिया है। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने आज एक प्रेस वार्ता में कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए नियम बनाएगी कि यह 'डिजिटल नागरिकों' को नुकसान न पहुंचाये। आइटी मिनिस्टर ने कहा कि एआई के खतरों से डरने की कोई जरूरत नहीं है। अगले कुछ सालों में नौकरी जाने का डर भी निराधार है। फिलहाल, एआई की वजह से नौकरियों पर कोई खतरा नहीं है।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**